खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 19° C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

मुजफ्फरनगर, शनिवार 30 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 131 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 | 12 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेटी, व्यापारी को छेड़ने वाले का इंतजार अब यमराज करते हैं: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी छोड़ी खेल टाइम्स



'बहुत तलाश किया, कोई आदमी ना मिला' बहुत याद आएंगे बशीर बद्र सम्पादकीय



ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें, अमेरिकी विमान गिराने का भी दावा पेज 12

# औसत से कम रहेगा इस साल मानसून: मौसम विभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने साल 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितम्बर) के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक अनुमान शुक्रवार को जारी कर दिया।

इसके अनुसार देश के प्रमुख कई हिस्सों में इस साल मानसून की बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। देश में बारिश के मुख्य स्रोत दक्षिण-पश्चिम मानसून के लंबी अवधि के औसत (एलपीए) का 90 प्रतिशत होने की संभावना है और इसमें चार फीसदी घट -बढ़ हो सकती है। मौसम विज्ञान विभाग ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने देश के चार प्रमुख हिस्सों में भी बारिश का अलग-अलग अनुमान भी जारी किया है। विभाग के मुताबिक देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम मौसमी वर्षा होने की संभावना है। इससे कृषि, जल उपलब्धता, जलविद्युत उत्पादन और जैव परिस्थितिकी की स्थिरता के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं, साथ ही सूखा, भीषण गर्मी और पेयजल संसाधनों पर दबाव बढ़ने का खतरा भी बढ़ सकता है। मौसम विभाग के महानिदेशक डा. मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसूनी बारिश पूर्वोत्तर भारत में सामान्य रहेगी। यहां वर्षा के सामान्य या दीर्घावधि का 94-106 प्रतिशत तक रहने की सबसे अधिक संभावना है। मध्य और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में यह एलपीए के 94 प्रतिशत से कम और उत्तर-पश्चिम भारत में एलपीए के 92 फीसदी से कम बारिश हो सकती है। देश के अधिकांश वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों से युक्त मानसून कोर जोन (एमसीजेड) में दक्षिण-पश्चिम मानसून की मौसमी वर्षा सामान्य से कम (एलपीए के 94 प्रतिशत से कम) होने की सबसे अधिक संभावना है। मौसम विभाग ने जून 2026 के दौरान पूरे देश में औसत वर्षा सामान्य से कम रहने की अधिक संभावना जताई है। यह दीर्घावधि औसत की 92 प्रतिशत से कम रह सकती है। यानी जून में भी बारिश सामान्य से कम रह सकती है। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के कुछ अलग-थलग क्षेत्रों के, जून महीने में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।




■ आईएमडी ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक अनुमान किया जारी

## शाकुंभरी देवी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ दो महिला श्रद्धालुओं की मौत

**सहारनपुर।** देहरादून- विकासनगर के पहाड़ी इलाकों में हुई भारी बारिश के बाद देर रात शाकुंभरी देवी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। प्रशासन ने क्षेत्र में 48 घंटे का हाई अलर्ट जारी करते हुए श्रद्धालुओं से अगले तीन दिनों तक शाकुंभरी देवी न आने की अपील की है। एडीएम वित्त सलिल कुमार पटेल ने शुक्रवार दोपहर बताया कि मरने वाली दोनों महिलाओं की उम्र करीब 60 वर्ष थी। इनमें से एक की पहचान सावित्री पत्नी चंद्रभान निवासी गीतावली, लक्सर (हरिद्वार) के रूप में हुई है, जबकि दूसरी महिला की पहचान अभी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि सावित्री का परिवार धर्मशाला में ठहरा हुआ था। दोनों महिलाएं पानी का बहाव देखने निकली थीं, तभी तेज धारा में बह गईं। राहत एवं बचाव कार्य में लगी टीमों ने दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

# NTA को UPSC से सीखने की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: वहां कभी पेपर लीक नहीं होता, जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं नहीं रुकेंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से सवाल किया कि यूपीएससी तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षा करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत है।

सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपर लीक की जांच पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक न हो। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम युवाओं को लेकर गंभीर हैं। नीट-यूजी री-टेस्ट के लिए नए तरीके अपनाए गए हैं। देशभर में 3 मई को नीट-यूजी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को भंग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान 2024 में नीट पेपर लीक के बाद बनाई गई हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमुख और पूर्व इसरो प्रमुख डा. के राधाकृष्णन से पूछा कि सिफारिशों और सुधारों के बावजूद इस बार नाकामी क्यों हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि समिति की अधिकांश सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। नीट-यूजी 2025 सफल रहा और इस साल सामने आई कमजोरियों को आगामी री-टेस्ट से पहले दूर किया जा रहा है।

■ कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा



### एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को दी प्रस्तावित सुधारों और कड़े सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी

**नई दिल्ली।** एनटीए ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि नीट-यूजी 2026 को रद्द करने और कथित पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंपने का उसका फैसला इस बात का प्रमाण है कि एजेंसी और केंद्र सरकार परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता को कितनी गंभीरता से ले रही हैं। एनटीए ने कहा कि पिछले दो सालों में कथित अनियमितताओं को लेकर हुए विवादों के बाद नीट परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई बड़े सुधार लागू किए गए हैं। उच्चतम न्यायालय में जमा किए गए एक हलफनामे में एनटीए ने शीर्ष न्यायालय के निर्देशों के पालन में बनाई गई उच्च-स्तरीय समिति के गठन और कामकाज से जुड़ी समय-सीमा की जानकारी दी।

# दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम बरी

## कोर्ट ने सात साल की सजा की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद रामपुर की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आज़म खां को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शुक्रवार को दो पासपोर्ट मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सात साल की सजा को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही अब्दुल्ला आजम की अपील स्वीकार करते हुए पूर्व फैसला रद्द कर उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

गौरतलब है कि रामपुर की निचली अदालत ने पांच दिसम्बर 2025 को अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए सात साल कारावास और पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी। इस निर्णय के विरुद्ध अब्दुल्ला आजम ने एमपी-एमएलए विशेष सत्र न्यायालय में अपील दाखिल की थी। मामले में 25 मई को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी थी, जिसके बाद शुक्रवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता नासिर सुल्तान के अनुसार, यह मामला 30 जुलाई 2019 को दर्ज किया गया था। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने रामपुर के सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए और उनका विभिन्न स्थानों पर पहचान पत्र के रूप में उपयोग किया। सत्र न्यायालय ने सुनवाई के बाद अभियोजन पक्ष की सजा बढ़ाने की मांग वाली अपील भी खारिज कर दी।



■ पिछले साल दिसम्बर में निचली अदालत ने सुनाई थी सात साल की सजा

## विनेश को एशियाई खेलों के ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलवान विनेश फोगाट को 30 और 31 मई को होने वाले एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत दे दी।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने यह आदेश तब दिया, जब वे डब्ल्यूएफआई की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें फोगाट को सिलेक्शन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत दी गई थी। बेंच ने डब्ल्यूएफआई की तरफ से पेश वकील से कहा कि आज इस मोड़ पर, जब हाई कोर्ट ने आदेश दे दिया है, तो उम्मीदें और अपेक्षाएं बढ़ गई हैं।

■ फोगाट ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

## सिद्दारमैया ने इस्तीफा देने के बाद खड़गे व राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। समझा जाता है कि श्री सिद्दारमैया की दोनों नेताओं के साथ अलग-अलग हुई मुलाकात में कर्नाटक में नई सरकार के गठन तथा राज्यसभा और विधान परिषद की सीटों के लिए होने वाले चुनावों पर विचार विमर्श किया गया।

## राहुल ने ऑटो ड्राइवरों के साथ खाना खाया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के बंगाली मार्केट में बने टोडरमल पार्क में ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने ऑटो चालकों से बात की।

राहुल गांधी उनका यूनिफॉर्म पहने भी नजर आए। पार्क में बैठे राहुल के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें वे ऑटो ड्राइवर्स के साथ खाना खाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वे ऑटो की सवारी करते भी नजर आए। राहुल गांधी ने ऑटो ड्राइवर्स से रोजमर्रा की चुनौतियों, उनकी इनकम, बढ़ते खर्चों और काम करने के हालात के बारे में जाना। उनकी शिकायतें सुनीं, उनकी जीवनशैली और समस्याओं पर चर्चा की। राहुल से मिलने के बाद एक ऑटो ड्राइवर ने कहा कि राहुल ने हमसे बातचीत की। हमारे मुद्दे उठाने, हमारे बीमा और दूसरी सहायता दिलाने का वादा किया। हमने साथ मिलकर खाना भी खाया। जब हम खाना खा रहे थे, तभी वे अचानक हमसे मिलने आ गए, और हमें बहुत अच्छा लगा।



## नई कैबिनेट पर अभी कोई फैसला नहीं: शिवकुमार

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य में नई कैबिनेट के गठन या नेतृत्व में बदलाव को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। श्री शिवकुमार ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक शनिवार को बुलाई गई है।

# भारत चिप-एआई इंडेक्स में चौथे स्थान पर उभरा

## दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था में पांचवीं रैंकिंग हासिल की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (इक्रिएर) और पोरस सेंटर फॉर इंटरनेट एंड डिजिटल इकॉनॉमी (आईपीसीआईडीई) की भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति पर केंद्रित इस वर्ष की रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया की पांचवीं सबसे अधिक डिजिटाइज्ड अर्थव्यवस्था और चिप-एआई इंडेक्स में चौथे स्थान पर उभरा है।

शुक्रवार को यहां जारी स्टेट ऑफ इंडिया एस डिजिटल इकोनॉमी (एसआईडीई) 2026 शीर्षक इस रिपोर्ट के अनुसार, 71 देशों को शामिल करने वाला यह व्यापक अध्ययन, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 96 प्रतिशत को कवर करता है, दर्शाता है कि भारत डिजिटल प्रदर्शन में जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रहा है। रिपोर्ट वैश्विक डिजिटल परिदृश्य में एक बड़े बदलाव को दर्शाती है।



■ भारत डिजिटल प्रदर्शन में जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रहा

इसके अनुसार अब दुनिया के 72 प्रतिशत एआई उपयोगकर्ता विकासशील देशों में हैं, जिनमें भारत और चीन मिलकर वैश्विक एआई अपनाने का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। जनरेटिव एआई इतिहास की किसी भी पूर्व तकनीक की तुलना में सबसे तेजी से फैलने वाली तकनीक बन गई है और लॉन्च के तुरंत बाद ही यह विकासशील देशों में व्यापक रूप से अपनाई गई। वैश्विक डिजिटल नेतृत्व में भी बुनियादी बदलाव आ रहा है। दुनिया की शीर्ष पांच डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से तीन - चीन, सिंगापुर और भारत - अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की हैं, जो पारंपरिक नॉर्थ अटलांटिक प्रभुत्व के साथ एक नए त्रिध्रुवीय डिजिटल व्यवस्था के उभरने का संकेत देता है। इक्रिएर के अध्यक्ष प्रमोद भसीन ने कहा कि भारत ने कनेक्टिविटी, उद्यमिता और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से मजबूत नींव तैयार की है। विकास का अगला चरण इस बात पर निर्भर करेगा कि हम एआई का कितनी प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं।

# कॉकरोच जनता पार्टी को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक किए जाने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और एक्स को नोटिस जारी किया। वहीं, हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के ब्लॉक किए गए 'एक्स' अकाउंट को तुरंत बहाल करने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया।

हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में उनके व्यंग्यात्मक डिजिटल संगठन के सोशल मीडिया अकाउंट को एक्स पर ब्लॉक किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई। दीपके की याचिका पर जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने सुनवाई की। अभिजीत दीपके ने 15 मई को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा दी गई कॉकरोच और परजीवी वाली टिप्पणी के विवाद के बीच सीजेपी की शुरुआत की थी। यह टिप्पणी सीनियर एडवोकेट की पदवी से संबंधित एक याचिका की सुनवाई के दौरान की गई थी।

■ हाईकोर्ट ने एक्स अकाउंट को तुरंत बहाल करने से किया इन्कार

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हवाई अड्डे पर हर पांच मिनट में मिलेगी बदलते मौसम की जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अब हर पांच मिनट में बदलते मौसम की ज्यादा विस्तृत और सटीक जानकारी मिल सकेगी जिससे हवाई अड्डा संचालक, विमान सेवा कंपनियां और यात्री लाभान्वित होंगे। इसके लिए यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक उन्नत, एकीकृत एविएशन वेदर इंटेलिजेंस एंड नाउकास्टिग सुविधा 'स्काईकास्ट' का उद्घाटन किया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि स्काईकास्ट के शुरू होने से दिल्ली एयरपोर्ट देश का एकमात्र ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जहां विमानन और एयरपोर्ट संचालन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई व्यापक और सतत वायुमंडलीय निंगरानी प्रणाली लगाई गई है।

### यूपी में 100 किमी प्रतिघंटा का तूफान

**नई दिल्ली।** यूपी में गर्मी के बजाय बारिश-आंधी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और चंदौली में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। हमीरपुर में तूफान के चलते अंडर कंस्ट्रक्शन पुल गिर गया। जिसमें 6 की मौत हो गई। लखनऊ में रेलवे स्टेशन का टिन शेड गिर गया। 2 लोग घायल हुए। राजस्थान में 12 जिलों में बारिश हो सकती है।

### बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी को विजिलेंस टीम ने उनके कार्यालय से 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बुढ़सैनी गांव निवासी राशन डीलर व शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में उसकी सरकारी राशन की दुकान है। उन्होंने 4 दिन पहले विजिलेंस टीम से डीएसओ अनूप तिवारी की शिकायत की। आरोप लगाया कि डीएसओ अनूप तिवारी राशन बांटने पर कमीशन मांग रहे हैं और लगातार 4 महीनों से दबाव बना रहे हैं। कमीशन न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दे रहे हैं।

### सीबीएसई ने 12वीं री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया टाली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं के छात्र अब एक जून से री-इवैल्यूएशन और आंसर-शीट की स्कैन कॉपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे। बोर्ड ने शुक्रवार को तारीख बढ़ाने का ऐलान किया। बोर्ड ने 19 मई से यह प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन आवेदन संख्या ज्यादा होने के कारण वेबसाइट क्रैश हो रही थी। इसके बाद तारीख बढ़ाकर 25 मई तक कर दी थी। स्टूडेंट्स को री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर सर्वर डाउन, पेमेंट फेल होने और ब्लर पेज जैसी तकनीकी दिक्कतें सामने आई थीं। स्टूडेंट्स की शिकायत के बाद सीबीएसई ने पोर्टल पर री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन प्रक्रिया को बंद कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा शासन में निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के गिरने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी और सरकार पर निशाना साधा है। सपा मुखिया ने कहा कि जो पुल हवा से टूट जा रहे हैं, उन पर जब ट्रैफिक चलेगा तो क्या होगा, ये सोचकर ही डर लगता है। सपा मुखिया ने हमीरपुर की घटनास्थल पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और लिखा- बहुत दुखदायी समाचार है कि उप्र के हमीरपुर में एक निर्माणाधीन पुल के गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल भी हैं। ये एक गंभीर बात है कि भाजपा के समय में हो रहा हर निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। हर काम में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा की भाजपाई कमीशनखोरी ही इसकी मूल वजह है।

### यूपी के 60 जिलों में गिरेंगे ओले

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर और यूपी कल हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है। यूपी में कल बदायूं, झांसी सहित कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली। आज भी आंधी और बारिश की चेतावनी दी गई है। आईएमडी ने दिल्ली में आज बारिश और आंधी को लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया है. मौमस में ये बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। आईएमडी ने 60 जिलों में ओलावृष्टि और 10 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, सहारनपुर और शामली सहित कई जिलों शामिल हैं।

# केजीएमयू से हटेंगी छह मजार, चलेगा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में स्थित 8 में से 6 मजारों को प्रशासन ने अवैध घोषित कर दिया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस और जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अवैध मजारों पर बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग की है। अवैध घोषित की गई सभी 6 मजारों को तीन बार नोटिस भेजा गया, लेकिन कोई भी जिम्मेदार सामने नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी. कर मेडिकल कॉलेज में महिला रेजिडेंट के साथ रेप और हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद सितंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने महिला स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का अनुपालन करते हुए केजएमयू प्रशासन ने परिसर में व्यापक जांच की, जिससे मेडिकल कॉलेज में महिला स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जांच



■ तीन नोटिस भेजने के बाद भी नहीं मिला कोई मालिक

के दौरान परिसर में 'शाहमीना साहब की दरगाह' और 'हरमैन साहब की मजार' के अलावा 6 अन्य मजारें पाई गईं। इन मजारों में प्रयुक्त ईंट, टाइल्स और निर्माण सामग्री के आधार पर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि इनका निर्माण पिछले कुछ सालों के अंदर किया गया है। ये मजारें मरीजों के आवागमन मार्ग में स्थित हैं, जिससे विशेषकर गंभीर मरीजों के आने-जाने में काफी परेशानी होती है। केजीएमयू प्रशासन की तरफ से 8 मजारों के जिम्मेदारों के उनके वैध होने का प्रमाण के लिए नोटिस भेजा गया। 'शाहमीना साहब की दरगाह' और 'हरमैन साहब की मजार' के जिम्मेदार लोगों ने तो जरूरी दस्तावेज पेश किए, जिससे दोनों मजारों के प्राचीन होने की पुष्टि हुई, लेकिन बाकी 6 मजारों के जिम्मेदार के तरफ से कोई जवाब नहीं आया। प्रशासन ने एक दो नहीं, बल्कि तीन-तीन बार मजारों के जिम्मेदारों को नोटिस भेजा। इसके बावजूद जबाव नहीं मिलने पर प्रशासन ने इन्हें अवैध घोषित कर दिया है। केजीएमयू के कुलपति ने अवैध घोषित कई मजारों पर अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस और जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। जल्द ही इन मजारों पर बुलडोजर कार्रवाई हो सकती है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉक्टर के के सिंह ने बताया कि दो मजारे वैध हैं, जो कि काफी प्राचीन है। उनसे हमारा कोई विषय नहीं है, क्योंकि वहां पर कमेटी बनी हुई और उसका संचालन किया जा रहा है। 6 मजारे हैं, जिनके वैधता की जांच की गई और तीन बार नोटिस भेजी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। कुलसचिव ने 12 तारीख को चिट्ठी भेज कर जिला और पुलिस प्रशासन से समय लेकर इसको शिफ्ट कराया जाने की मांग की है।

# निर्माणाधीन पुल गिरा, छह लोगों की मौत

हमीरपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के ललपुरा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल की कोठी और शटरिंग ढहने से छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन मजदूरों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बचा लिया गया।

घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब मौसम विभाग द्वारा दो दिनों से तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया जा रहा था, तब भी मजदूरों से रात में काम क्यों कराया गया। पुलिस के अनुसार ललपुरा थाना क्षेत्र के मोराकांदर गांव में लगभग 92 करोड़ रुपये की लागत से 'ग्यारह कोठी' पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार तड़के पुल की एक कोठी के लिए शटरिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान तेज आंधी आने पर वहां मौजूद मजदूर पास खड़ी हाइड्रा मशीन में जाकर बैठ गए।

■ तीन मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला

तभी निर्माणाधीन कोठी और शटरिंग भरभराकर गिर गई, जिससे हाइड्रा के भीतर बैठे मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में राजेश पाल (50) निवासी अछपुरा थाना ललपुरा, पुष्पेंद्र सिंह (43) निवासी स्वासा खुर्द थाना ललपुरा, लोकेन्द्र (22), कुलदीप निषाद (19) निवासी चिल्ला जनपद बांदा, सभाजीत (21) तथा गंगाचरण उर्फ सावंत (28) निवासी भूरागढ़ थाना बांदा की मौत हो गई। घटना में तीन अन्य मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### मायावती ने सरकार से की जांच की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने ग्रेटर नोएडा के जेवर में नाबालिग की हत्या और हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल गिरने से मजदूरों की मौत पर प्रदेश सरकार से कड़ी कार्रवाई और पीड़ितों को मदद देने की मांग की है। मायावती ने कहा कि यूपी के ग्रेटर नोएडा के जेवर में की गई लगभग 15 वर्ष के गोपाल शर्मा की हत्या दुखद व चिन्ताजनक है। उन्होंने हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के गिरने से कई मजदूरों की हुई मौत के प्रकरण को भी सरकार से गम्भीरता से लेने को कहा। सरकार मृतकों के आश्रितों को उचित आर्थिक मदद दे।

# किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत और खिलहालों से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर 1902 को उत्तर प्रदेश में जन्मे चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे और कृषि व राजस्व के क्षेत्र में कई रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। योगी ने कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा

■ उनकी सोच को ध्यान में रखकर भारत रत्न से नवाजा गया

होना चाहिए, और शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार होनी चाहिए। इसी सोच को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े कई कार्यक्रम चला रही है। इसमें लखनऊ में बन रहा चौधरी चरण सिंह सीड पार्क भी शामिल है। चौधरी चरण सिंह का देहावसान 29 मई 1987 को हुआ था। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पिस्टल दिखाकर किसी को भी नहीं धमका सकता माफिया: योगी

# बेटियों की सुरक्षा में सेंध पर यमराज करेंगे इंतजार

मऊ, वार्ता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ की धरती से माफिया को फिर खुली चुनौती दी। उन्होंने दो टूक कहा कि अब किसी माफिया व गुंडे में दुस्साहस नहीं है कि त्योहारों में उपद्रव कर दे। यदि किसी ने रामलीला, यज्ञ-कथा, जन्माष्टमी, रामनवमी, शिवरात्रि, रक्षाबंधन आदि धार्मिक आयोजनों में व्यवधान डाला, तो उसकी रावण व कंस जैसी दुर्गति तय है। किसी ने बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो उसका इंतजार यमराज ही करेंगे। अब कोई माफिया खुली जीप में चलकर पिस्टल लहराते हुए किसी हिंदू को धमका नहीं सकता।



■ सीएम ने मऊ में 392 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, अच्छे लोगों के चुने जाने पर आती है अच्छी सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ के गांधी मैदान में 392 करोड़ से अधिक लागत वाली 114 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मऊ को क्रांतिधारा बताते हुए साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय, समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती, मऊ को नई पहचान दिलाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की स्मृतियों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार विकास लेकर आती है, यह विकास बिना भेदभाव नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम होता है। जब अच्छे लोग चुने जाते हैं, तो अच्छी सरकार आती है। जब गलत लोग चुने जाते हैं, तो सुरक्षा में सेंध लगती है, जन विकास में लगने वाले पैसे में डकैती और बेटी-व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ती है और युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश का यही हाल था। जिन लोगों की आयु 30-35 वर्ष से ऊपर है, वे भूले नहीं होंगे कि 21 वर्ष पहले 2005 में भरत-मिलाप कार्यक्रम पर मऊ को जलाने का प्रयास हुआ था।माफिया रामलीला में व्यवधान पैदा कर निर्दोष हिंद. ुओं का कत्लेआम कर रहे थे।

### गरीब,युवा,नारी और किसान को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है सरकार

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता किसान को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है और इन चार वर्गों का उत्थान होने पर भारत दुनिया में अग्रणी राष्ट्र बन जाएगा। मऊ जिले के मधुबन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने और वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विकास की योजनाओं को नई गति मिली। उन्होंने कहा कि सरकार केवल चार जातियों गरीब, युवा, नारी और किसान को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीबों के लिए 65 लाख आवास बनवाए और दो करोड़ 75 लाख शौचालयों का निर्माण कराया। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74775.74 |
| निफ्टी | 23547.75 |
| सोना | 157000 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 262000 प्रति किलो |

## कमजोर मानसून की चिंता में लुढ़के शेयर बाजार, सेंसेक्स 1092 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता

मौसम विभाग द्वारा इस साल मानसून के कमजोर रहने की भविष्यवाणी से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स लगभग 1,100 अंक टूट गया। बढ़त में खुलने का बाद सेंसेक्स 1,092.06 अंक (1.44 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 359.40 अंक यानी 1.5 प्रतिशत नीचे 23,547.75 अंक पर आ गया।

भारतीय मौसम विभाग ने आज सुबह बताया कि इस साल मानसून सीजन में दीर्घावधि औसत के 90 प्रतिशत के आसपास बारिश होने की उम्मीद है, यानी मानसून औसत से कम रहेगा। कमजोर मानसून की चिंता में बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। वृहत बाजार में भी गिरावट रही। निफ्टी -50 सूचकांक 1. 49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। आईटी (0.60 प्रतिशत की



बढ़त) को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। तेल एवं गैस, धातु, ऑटो, बैंकिंग, वित्त, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर करीब साढ़े तीन प्रतिशत लुढ़क गया। इंडिगो में सवा तीन प्रतिशत और एनटीपीसी तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा में पौने तीन प्रतिशत की गिरावट रही। मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत तक लुढ़क गए। कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर लगभग दो प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का डेढ़ प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। एलएंडटी में भी तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 681 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार गत 22 मई को समाप्त सप्ताह में 7.511 अरब डॉलर घटकर 681.384 अरब डॉलर रह गया जो अप्रैल 2025 के बाद का निचला स्तर है।

विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह कमी आई है। यह 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.096 अरब डॉलर घटकर 688.894 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 मई को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 4.53 अरब डॉलर घटकर 114.786 अरब डॉलर हो गया। यह आठ सप्ताह में सबसे कम है। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में आलोच्य सप्ताह में 2. 872 अरब डॉलर की गिरावट रही। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड को भी शामिल किया जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार के अन्य घटकों में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.818 अरब डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 18.748 अरब डॉलर रहा।

## निवेश से लॉजिस्टिक लागत घटकर जीडीपी के 10 प्रतिशत पर: रिपोर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

पिछले एक दशक में अवसंरचनाओं के विकास पर लगभग 360 अरब डॉलर खर्च किए गए हैं जिससे लॉजिस्टिक्स पर होने वाला खर्च घटकर जीडीपी के 10 प्रतिशत पर आ गया है। उद्योग संगठन सीआईआई और नाइट फैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में अवसंरचना विकास पर लगभग 360 अरब डॉलर का संचई निवेश किया गया है। इसमें सार्वजनिक और निजी निवेश दोनों शामिल हैं।

इससे लॉजिस्टिक्स लागत में भारी बचत हुई है। सीआईआई मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स समिट की इस साझा रिपोर्ट के अनुसार, एक दशक पहले देश की जीडीपी का 13.14 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स पर खर्च होता था। अब यह आंकड़ा घटकर 10-10.7 प्रतिशत रह गया है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को हर साल 123-133 अरब डॉलर की बचत का अनुमान है। इसी का परिणाम है कि वैश्विक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) में भारत की रैंकिंग 2014 के 54वें स्थान से बढ़कर 2023 में 38वें स्थान पर पहुंच गई है। इन सुधारों के बावजूद देश की लॉजिस्टिक्स आपूर्ति श्रृंखला अब भी सर्वोत्तम दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। इसके लिए मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क जैसी पहलों को आगे बढ़ाने की सलाह दी गई है। सीआईआई-नाइटफ्रैंक का मानना है कि साल 2047 तक माल परिवहन के उस समय के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश को 216 मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की जरूरत होगी। सड़क मार्ग पर अतिरिक्त निर्भरता कम करके रेल और नदी मार्ग को अपनाने की भी जरूरत बताई गई है। सीआईआई राष्ट्रीय पोर्ट्स समिति के अध्यक्ष तथा अदाणी पोर्ट्स एंड सेज के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी गुप्ता ने कहा कि मुख्य चुनौती अब अवसंरचना की कमी नहीं, बल्कि एकीकृत संपर्क स्थलों की कमी है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## गोपाल मर्डर केस के दोषियों को मिलेगी सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में जेवर थानाक्षेत्र के बनवारीवास गांव में गोपाल नाम के छात्र की हत्या के मामले में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार ने प्रशासन को हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इन दरिंदों को सजा जरूर मिलेगी। वहीं जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही बताया कि परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता दी गई है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र के बनवारीवास गांव में 15 साल के गोपाल शर्मा की हत्या बहुत ही पीड़ादायक है। इस अमानवीय कृत्य को करने वाले दरिंदों को उत्तर प्रदेश सरकार उनके अंजाम तक जरूर पहुंचाएगी। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि घटना के जल्द खुलासे के लिए मैंने यूपी के अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद और डीजीपी राजीव कृष्ण के साथ से बैठक कर इन दरिंदों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए कहा है। साथ ही सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मेरा वादा है कि इन दरिंदों को सजा जरूर मिलेगी। इस



■ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नोएडा के छात्र की हत्या को बताया दुखद व अमानवीय

बीच गोपाल हत्याकांड के दोषियों को सजा दिलाने के मकसद से स्थानीय विधायक धीरेंद्र सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक धीरेंद्र ने बताया कि पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, लेकिन हम यह भी चाहते हैं न्याय हो, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को स्थिति से अवगत कराया। कुछ लोग मामले को तूल देने की कोशिश कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि मामले का पर्दाफाश निष्पक्षता के साथ हो, मुख्यमंत्री भी इस पर गंभीर हैं। इस बीच स्थानीय विधायक धीरेंद्र सिंह ने क्षेत्र की जनता से भी अपील की है कि सभी लोग संयम बनाए रखें। पुलिस अपना काम कर रही है। किसी निर्दोष को सजा न हो, दोषी ही जेल जाए। पुलिस प्रशासन पूरी जांच कर रही है। इससे पहले गोपाल मर्डर केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के 25 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। इसके प्रयागराज के पोस्को मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अग्रिम जमानत दी गई थी। मामला नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़ा हुआ है। इस मामले में अग्रिम जमानत बरकरार रहेगी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। इस मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने एओआर सौरभ अजय गुप्ता के जरिए यह याचिका दायर की थी। याचिका में यह तर्क दिया गया था कि हाई कोर्ट ने स्वामी पर लगे आरोपों की गंभीरता पर ठीक से विचार नहीं किया। जस्टिस सुंदरेश ने याचिकाकर्ता से पूछा कि नाबालिगों के शोषण के बारे में जानकारी होने का दावा करने के बावजूद पुलिस के पास जाने में इतनी देरी क्यों की गई? हाई कोर्ट ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य को आंशिक रूप से इस आधार पर राहत दी थी, जिसे कोर्ट ने नाबालिग पीड़ितों का 'असामान्य' व्यवहार बताया था, क्योंकि पीड़ितों ने अपराधों के बारे में अपने स्वाभाविक अभिभावकों के बजाय एक अजनबी को बताने का रास्ता चुना था। अपनेआदेश में हाई कोर्ट ने राज्य की इस दलील को भी खारिज कर दिया।

# सपा नेता नवाब सिंह को आठ साल की सजा

## कन्नौज गैंगस्टर एक्ट में अदालत का बड़ा झटका, जुर्माना भी लगाया

कन्नौज, वार्ता

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में बहुचर्चित पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव मामले में गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए 8-8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. वहीं मामले में आरोपी महिला पूजा तोमर को 6 वर्ष की सजा और 5 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है.

यह मामला 11 और 12 अगस्त 2025 की मध्य रात्रि का है, जब पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव को उनके ही विद्यालय से एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने अपनी बुआ के मोबाइल फोन से कॉल कर घटना की जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए नवाब सिंह यादव को हिरासत में ले लिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि



पीड़िता को उसकी बुआ ही विद्यालय लेकर पहुंची थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही नवाब सिंह यादव जेल में बंद हैं और मामले की लगातार सुनवाई चल रही थी। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव की भूमिका भी संदिग्ध पाई। पुलिस का आरोप था कि नीलू यादव ने आपराधिक गतिविधियों में सहयोग किया और मामले से जुड़े तथ्यों को प्रभावित करने का प्रयास किया। इसके बाद उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं जांच में महिला आरोपी पूजा तोमर की भूमिका भी सामने आई थी। पुलिस के मुताबिक पूजा तोमर पर आरोप था कि उसने मामले में साक्ष्यों को छिपाने और पुलिस जांच को गुमराह करने की कोशिश की। इसके चलते उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था.

### तीनों आरोपियों को कोर्ट ने दोषी पाया

लंबे समय तक चली सुनवाई और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गैंगस्टर कोर्ट ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। कोर्ट के फैसले के बाद जिले में एक बार फिर इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पुलिस और प्रशासन ने अदालत के फैसले को न्याय प्रक्रिया की बड़ी सफलता बताया है। का कहना है कि संगठित अपराध और गंभीर मामलों में कानून के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फैसले के बाद सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कोर्ट परिसर और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

# किशोरी से दुष्कर्म में उम्रकैद की सजा

## माँ-बेटे की हत्या में शनिवार को कोर्ट सुनाएगी अपना फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुस्तकीम ने 14 जून 2021 को खतौली कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आठ जून 2021 को उसकी बेटी कीशादी थी और उसके छोटी भाई स्व. मुकीम पुत्र स्व. हबीब निवासी शेखपुरा की 14 वर्षीय बेटी गायब हो गई और कही भी उसका पता नहीं चला। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया और विवेचना के दौरान कय्यूम के विरूध धारा 363, 376आईपीसी 3/4 (2) पोक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। पुलिस ने अचानक ही लापता किशोरी को बरामद किया जहां लडकी के बयानों में एक सनसनी खेज मामला खुला था। जहां उसने अपनी खाला और खालू पर दुष्कर्म जैसे आरोप लगाए थे किशोरी को कई स्थानों पर रखा गया और सामुहिक दुष्कर्म का मामला खुला। किशोरी ने जब पुलिस को बयान दिए तो इस मामले में गंभीर कार्यवाही की गई। किशोरी ने सौतेली मां पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। घटना के समय किशोरी की उम्र 14 वर्ष थी और उसका खालू कय्यूम उसकी पत्नी रोशन और दूसरी पत्नी खुशनुमा भी इस जगन्य कांड में शामिल है। आरोप पत्र दाखिल के बादइस घटना से संबंधित कोर्ट में सबूत व गवाह पेश किए गए जहां कय्यूम पुत्र हकीमुद्दीन को दोषी पाया गया जहां दुष्कर्म के मामले में उसको पोस्को कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश मंजूला भालोटिया ने बीस वर्ष की सजा सुनाते हुए उस पर 55 हजार रूपये का जुर्माना भी किया। इस मुकदमे की पैरोकरी अभियोजन की ओर से शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार अरोरा व विक्रांत राठी ने की।

एक ओर अन्य मामले में कोर्ट ने पन्द्रह वर्ष पूर्व मा-बेटे की हत्या के मामले में प्रेमी को दोषी ठहराया है और शनिवार को इस मामल में सजा सुनाई जाएगी। गांव अलावलपुर थाना चरथावल के मोड पर ईख के खेत में ले जाकर ईट से पीट-पीटकर इतने प्रहार किए थे कि दम निकलने तक उन पर हमला किया गया घटना तेरह नवंबर 2011की है जहां राजेश देवी व उसके 06 वर्षीय बेटे प्रहलाद का शव खेत से बरामद हुआ था। जांच में आया था कि प्रेम संबंध में यह घटना हुई है। अब कोर्ट इस मामले में शनिवार को अपना फैसला सुनाएगा।

# जनगणना में लापरवाही बरती तो होगी कार्यवाही: डीएम

## जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा ने जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न चार्ज अधिकारियों द्वारा अवगत कराया कि कुछ विभागों ने जनगणना कार्य के लिए नामित कार्मिकों को अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया। जबकि कुछ कर्मचारियों ने निर्धारित जनगणना दायित्वों को प्राप्त करने में भी रुचि नहीं दिखाई, जिससे कार्यों की प्रगति प्रभावित होने की आशंका है।

इस पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना-2027 भारत सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है तथा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता अथवा असहयोग को कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा जनगणना कार्य हेतु नामित कार्मिकों को समय से कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है अथवा जिन कर्मचारियों द्वारा जनगणना संबंधी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है, उनके विरुद्ध जनगणना अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित फील्ड निरीक्षण कर जनगणना तैयारियों की सतत निगरानी करें तथा गणना कार्य को पूर्णत: त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र की भावी विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण एवं जनकल्याणकारी नीतियों का आधार है। अत: सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसे राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी प्राप्त न करने वाले कर्मियों के लिए अभियोग पंजीकृत कराया जाएगा।

उन्होने यह भी स्पष्ट चेतावनी दी कि जनगणना कार्य में बाधा उत्पन्न करने आदेशों की अवहेलना करने व अपेक्षित सहयोग न देने वाले अधिकारी व कर्मचारियों परभी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# 5 परीक्षा केंद्रों पर होगी बीएड परीक्षा

**हाई अलर्ट घोषित कर जिलाधिकारी ने की समीक्षा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 31 मई को होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-5 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने परीक्षा को निषाथ पाटर्शी नक्कलनिटीन और शांतिर्णातरीके से संपन्न कराने के सख्त निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर कोई भी अनावश्यक व्यक्ति दिखाई न दे।जिले में 5 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस परीक्षा में कुल 2383 अभ्यर्थी शामिल होंगे।डीएम उमेश मिश्रा ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, बिजली, जनरेटर, पंखे और महिला-पुरुष शौचालय सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा शुरू होने से समाप्ति तक सभी सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहने चाहिए। प्रत्येक अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक जांच अनिवार्य होगी और मुख्य द्वार पर सघन चेकिंग की जाएगी। परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और पर्चियों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अधिकारियों और कर्मचारियों को भी मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विशेष निर्देश जारी किए गए।

# पुलिस ने पशुओं के अवशेषों को जेसीबी से गड्ढे में दबवाया

**सीओ मंडी, कोतवाली पुलिस पहुंची थी गांव में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरनगर में तालाब के किनारे पशुओं के अवशेष मिलने से लोगों में आक्रोश बन गया सूचना के तुरंत बाद सीओ मंडी और थाने कीपुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने जेसीबी मंगवाकर पशुओं के अवशेषों को दबवाकर मामला शांत किया।

मंडी पुलिस को सूचना मिली थी कि शेरनगर में तालाब के किनारे पशुओं के अवशेष फेंके गए है इसको लेकर कुछ लोगों में रोष है इस सूचना पर सीओ मंडी राजू साव, मंडी कोतवाल मोके पर पहुंचे और मौके पर पहुंचे और छानबीन की। इसी बीच पुलिस ने मौके पर जेसीबी मंगवाई और पशुओं के अवशेषों को दबवाया सीओ मंडी का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल शांति व्यवस्था के लिए कुछ पुलिसकर्मी मौके पर तैनात कर दिए गए है। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपियों को जल्द तलाश कर लिया जाएगा।



मुजफ्फरनगर: जनगणना अभियान की समीक्षा करते डीएम।

# फायरिंग में खिलाड़ी सहित चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली पुलिस ने एनएच-58 पर स्थित होटल संचालक को गोली मारकर घायल करने और मोबाइल लूट के आरोप में एक खिलाडी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लाइसेंसी पिस्टल, दस कारतूस, लूटा गया मोबाइल व एक ब्रेजा व एक थार गाडी तथा एक लाख 20 हजार की नगदी बरामद की है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि कस्बा खतौली के एनएच-58 स्थित पंचगंगा होटल पर कुछ लोगों ने फायरिंग कर होटल संचालक को घायल कर दिया था। जिसको गंभीर हालत में हायर सेन्टर के लिए रैफर किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने एक तहरीर ली और कार्यवाही शुरू कर दी थी। उन्होने बताया कि मौहल्ला लाल मौहम्मदपुर निवासी 33 वर्षीय नदीम पुत्र आमीर अहमद अपने होटल पर बैठा हुआ था इसी दौरान दो कारों में सवार होकर आए लोगों ने सिगरेट और अन्य सामान मांगा। इसी बीच उनके बीच होटल स्टाफ के बीच कहासुनी हो गई थी और विवाद इतना बढ गया था कि उन्होने होटल संचालक को मारपीट और गोली चलाकर घायल कर दिया। जिसके बाद नदीम के पैर में गोली लगने का मुकदमा दर्ज हुआ और खतौली कोतवाल दिनेश चंद ने इस वारदात में विकरांत निवासी रामचांचली, ग्रीश छोकर निवासी चंचली, उमेश कुमार निवासी मोबलीपुर और दिनेश निवासी दरोरा थाना जेवर गौतमबुद्ध नगर है।

एसएसपी ने बताया कि इस वारदात में आरोपी विक्रांत नेशनल खिलाडी है और वह शुटिंग चैपियन भी रह चुका है और पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल 32 बोर दस जिन्दा कारतूस एक खोखा लूटा गया मोबाइल व थार कार संख्या यूपी 16 एफक्यू 3410 और एक ब्रेजा कार संख्या 26 बीएच 4304बी, पांच मोबाइल अन्य एक लाख 20 हजार की नगदी बरामद की।

## भाकियू टिकैत ने खोला मोर्चा

**नहटौर।** भाकियू (टिकैत) ने खाद की किल्लत और किसानों के शोषण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय किसानों ने हाल ही में प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों ने अपनी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। किसानों ने उत्तर सहकारी समिति, नहटौर में डीएपी और यूरिया खाद की अनुपलब्धता की शिकायत की है। उनका कहना है कि खाद की कमी के कारण खेती का कार्य बाधित हो रहा है। यूनियन ने पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बीएसए के खिलाफ धरने पर बैठे प्रधान लिपिक

## बोले बीएसए- दबाव बनाने के लिए बार-बार धरने पर बैठते हैं अशोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रधान लिपिक अशोक कुमार ने बीएसए संदीप कुमार के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है। अशोक कुमार उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष भी हैं।

धरने पर बैठे अशोक कुमार ने बीएसए संदीप कुमार पर उत्पीड़न, वेतन रोकने, पद के दुरुपयोग और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पिछले लगभग एक साल से उनका वेतन जानबूझकर रोका गया है। जब भी उन्होंने अपने अधिकारों की मांग की, उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। प्रधान लिपिक अशोक कुमार के अनुसार, बीएसए ने 25 जून 2025 को नियमों का उल्लंघन करते हुए उनका स्थानांतरण विकास खंड कार्यालय में कर दिया था। बीएसए को ऐसा करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं था। यह मामला प्रयागराज स्थित बेसिक शिक्षा परिषद तक पहुंचा, जहां परिषद सचिव ने 30 अक्टूबर 2025 को इस स्थानांतरण को अवैध घोषित करते हुए निरस्त कर दिया।

ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप चौहान का कहना है कि दबाव बनाने के मकसद से अशोक कुमार बार बार धरने पर बैठ जाते हैं। इन पर पत्रवलियों को गायब करने का आरोप है, जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज है और जांच चल रही है। किसी भी काम में सहयोग नहीं करते। अशोक कुमार ने आरोप लगाया है कि उन्हें कार्यालय में बैठने से रोका जा रहा है और उनके कमरे पर भी कब्जा कर लिया गया है। हाल ही में उनके कक्ष का ताला तोड़कर बीएसए की ओर से नया ताला लगवा दिया गया। इसके अतिरिक्त, कर्मचारी संगठन के बैनर भी कार्यालय परिसर से हटा दिए गए।

इन सभी घटनाक्रमों के विरोध में कर्मचारीइन सभी घटनाक्रमों के विरोध में कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार ने कार्यालय परिसर में धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत जिला. धिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी भेजी है।

धरने पर बैठे कर्मचारी नेता की मांग है कि उनका रोका गया वेतन तत्काल जारी किया जाए और शासनादेश के अनुसार बीएसए हर 15 दिन में कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक करना सुनिश्चित करें। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले भी अशोक कुमार कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे थे।

# देश की तरक्की व खुशहाली की दुआ को उठे हाथ



**ड्रोन की निगरानी में अदा की गई ईद-उल-अज़हा की नमाज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** ईद उल जुहा की नमाज शांतिपूर्ण माहोल में अदा की गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रें तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अकीदतमंदों ने नमाज़ अदा कर देश की खुशहाली और तरक्की के साथ अमन शांति की दुआएं मांगी। सुबह सवेरे सबसे पहले शहर की ईदगाह पर नमाज़ अदा हुई साथ ही शहर की अलग अलग मस्जिदों में भी अकीदतमंदों ने नमाज़ अदा करने के बाद कुर्बानी की। जिले भर के चौराहों, बाजारों, मुख्य सड़कों और संवेदनशील इलाकों पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे।

ईद अल-अज़हा पर्व को सकुशल संपन्न कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। इसमें 04 पुलिस अधीक्षक, 10 पुलिस उपाधीक्षक, 21 थाना प्रभारी, 23 निरीक्षक, 391 उप निरीक्षक, 242 मुख्य आरक्षी, 1242 आरक्षी, होमगार्ड और पीआरडी के जवान शामिल थे। इसके अतिरिक्त, 02 प्लाटून पीएसी को भी विभिन्न संवे. दनशील क्षेत्रें में तैनात किया गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ईद से पहले सभी थानों, चौकियों और ईदगाहों पर विशेष बैठकें आयोजित की गई थीं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने से रोकने के लिए सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाई गई थी। जिला. धिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जनपदवासियों के सहयोग से ईद का त्योहार बिना किसी घटना के शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। सुरक्षा बलों के अथक प्रयास सराहनीय हैं।ष एसएसपी संजय वर्मा ने भी सभी अधिकारियों और जवानों को उनके डडूटी का सफलतापूर्वक निर्वहन करने पर बधाई दी।

ईद की नमाज के बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में ईद की रौनक रही बाजारों में चहल-पहल रही और लोग खुशी-खुशी खरीदारी कर रहे थे।

# एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की परेड ग्राउंड में लगवाई दौड़

## टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चैक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोली वार ड्रिल कराई गई। एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शाखाओं का निरीक्षण कर अर्दलीय रूम लेते हुए संबंधी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड का संचाल आरआई उदल सिंह ने किया और एसएसपी ने समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व



मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड में दौड लगवाई। इस बीच टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चैक करते हुए शस्त्रों के संचालन व उचित रखरखाव के लिए अभ्यास कराया गया।

एसएसपी ने परेड में आए वाहनों को संचालित कराकर उनके हुटर, लाईट व अन्य उपकरण तथा वाहनों में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा, सहायक किट का भी परिक्षण किया। उन्होने अधिनस्थ अधिकारियों व वाहन चालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को रेनस्पोंस टाइम बैहतर रखने के लिएभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जिले में तैनात कई डिप्टी सीएमओ के मेरठ में निवास

## दो डिप्टी सीमएओ जनपद में किराए के मकान में करते हैं निवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इन दिनों तेज गर्मी के चलते जिस तरह जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है और हालात यह हो गए है कि एक-एक बिस्तर पर दो-दो मरीजों तो देखे ही गए कभी-कभी तीन-तीन मरीज को भी अपना इलाज कराना पड रहा है। दूसरी तरफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की बात कहे तो यहां पर भी अगर गौर किया जाए तो कई जिम्मेदार अधिकारी ऐसे है जो जनपद मेरठ व अन्य जनपद से अपनी कार के द्वारा रोजाना आने-जाने का सफर करते है। अब सवाल यह है कि यदि रात में कोई इमरजेंसी पड जाए तो ऐसे मे जवाबदेही किस की होगी? कुछ कर्मचारी व लोगों में तो यह भी सवाल उठ रहे है कि कभी-कभी तो कुछ अधिकारी समय से ऑफिस भी नहीं पहुंचते है इतना ही नहीं दूसरे जनपद में रहने वाले अधिकारी शाम होते ही अपनी गाडियां लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो जाते है, जबकि ऐसे में सीएमओ या जिलाधिकारी का आदेश होना जरूरी है।

उत्तर प्रदेश सेवा नियमावली में स्पष्ट निर्देश है कि जिले में तैनात कोई भी अधिकारी बिना आला अफसर की अनुमति जिला मुख्यालय से नहीं जा सकता। ड्यूटी के दौरान या ड्यूटीके बाद क्षेत्र में ही रात्रि ठेहरने की व्यवस्था करनी होती है ताकि इमरजेंसी में वह उपलब्ध हो सके। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग में तैनात दो सीएमओ जिला मुख्यालय पर किराये के आवास में रहते है बाकि के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

इसे इस नजरीये से भी देखा जा सकता हे कि जिम्मेदार अफसर की अधिकतर गैर मौजूदगी से स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी असर पडता है। इसी के चलते शायद जनपद में अपंजीकृत डॉक्टर और अवैध क्लीनिक की भरमार हो रही है। जिले के आला अफसर से भी इस संबंध में बात की जाए तो वह भी इस बात से सहमत है कि कुछ डॉक्टरों ने मेरठ में आवास बना रखे है और उन्हे इसके लिए कडी चेतावनी दी जाएगी।

## सड़क हादसे में युवती की मौत

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर फतेहपुर मंदिर के पास रोडवेज बस ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी युवती की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। ग्राम खतापुर निवासी विशाल कुमार बाइक से अपनी फुफेरी बहन संजना (17 वर्ष) निवासी मौहल्ला कोठी बाजार, बढ़ापुर के साथ बढ़ापुर से अपने गांव खतापुर लौट रहा था। नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर फतेहपुर मंदिर के पास पहुंचते ही, पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल और संजना सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत नहटौर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने संजना को मृत घोषित कर दिया।

## रोकी की बरामदगी को पुलिस की जांच तेज

**मुजफ्फरनगर।** 18 मई से रहस्मय लापता चल रहे युवक का जब कोई सुराग नहीं लगा और पीड़ित परिवार और ग्रामीण थाने के चक्कर काटकर थक गए तो उन्होने अपनी पीड़ा एसएसपी को सुनाई। पीड़ित परिवार ने बताया कि घटना के दिन युवक पत्नि के साथ ऋषिकेश जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा उन्होने सिखेडा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया।

बता दे कि सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव बेहडा अस्सा का रहने वाला विकसित उर्फ रोकी 18 मई को रहस्मय लापता हो गया था घटना के बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो इसकी जनकारी सिखेडा पुलिस को दी गई थी। पीड़ित परिवार व ग्रामीण पुलिस से लगातार सम्पर्क करते रहे, लेकिन युवक घर नहीं लौटा।इसके बाद भी रोकी घर नहीं लौटा आज पीडित परिवार व ग्रामीण पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसएसपी को अपनी पीड़ा सुनाते हुए विकसित के साथ अनहोनी की आशंका जताई। एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से सुना और तुरंत ही सीओ मंडी को एक जांच सौपी गई जिसके बाद विकसित की बरामदगी के लिए एक टीम बनाई गई।

विकसित के परिजनों ने नजदीकियों पर ही अपहरण व हत्या की आशका जताते हुए कहा कि विकसित का शव ठिकाने भी लगाया जा सकता है। फिलहाल सीओ मंडी ने इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# स्मार्ट सिटी के लिए जनपद मुजफ्फरनगर को मिले 12 करोड़ रुपये



**मुज़फ्फरनगर।** जनपद मुज़फ्फरनगर के समग्र एवं आधुनिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा नगर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी स्वरूप विकसित करने हेतु प्रारंभिक चरण में 12 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं मुज़फ्फरनगर सदर विधायक कपिल देव अग्रवाल के सतत प्रयास एवं प्रभावी पैरवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुज़फ्फरनगर को आधुनिक, स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत धनराशि के माध्यम से नगर में स्मार्ट एवं आधुनिक विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी, जिसमें सड़कों का सुदृढ़ीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, बेहतर जल निकासी प्रणाली, सौंदर्यीकरण, यातायात प्रबंधन, हरित क्षेत्र विस्तार तथा नागरिक सुविधाओं के उन्नयन जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। साथ ही यह धनराशि प्रतिवर्ष बढ़ाई जाएगी, जिससे नगर के दीर्घकालिक एवं योजनाबद्ध विकास को निरंतर गति मिल सके।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिलाधिकारी से विस्तृत वार्ता कर मुज़फ्फरनगर को समृद्ध, व्यवस्थित एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने हेतु एक व्यापक रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी ताकि आमजन को सीधे तौर पर इन परियोजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, सुशासन एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुज़फ्फरनगर को मिली यह सौगात न केवल नगर के विकास को नई दिशा देगी, बल्कि व्यापार, रोजगार, निवेश एवं नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में भी नए अवसर उत्पन्न करेगी।

## छपार में नमाज के बाद दी गई कुर्बानी

**छपार।** क्षेत्र में बकरा ईद का पर्व बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। ईदगाह में नमाज के बाद कुर्बानी हुई। गांव खुडडा में भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन व भाकियू किसान सेना के मंडल अध्यक्ष ने नमाजियों पर पुष्प वर्षा की।

बृहस्पतिवार को बकरा ईद पर क्षेत्र के सभी गांवों में मुस्लिम भाईयों ने ईदगाह में सुबह छह बजे नमाज पढ़ी उसके बाद कुर्बानी हुई इस दौरान साफ सफाई का ध्यान रखते हुए खुली कुर्बानी नहीं की गई। सुरक्षा व्यवस्था की पुलिस भी गश्त करती रही। क्षेत्र के गांव बरला, बसेडा, खुडडा, खामपुर, बढीवाला आदि में नमाज अता की गई। बरला में मौलाना यामीन, छपार में मौलाना हुसैन, बसेड़ा में मौलाना अब्दुल्ला ने नमाज पढ़ाई। गांव खुडडा में पहुंचे भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाकियू किसान सेना के मंडल अध्यक्ष मौहम्मद मुरसलीन ने नमाजियों पर पुष्प वर्षा की।

# किसान हितों के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं को नमन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ग्राम शेखपुरा में शुक्रवार को किसानों के अग्रदूत विजय सिंह पथिक और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दोनों नेताओं के किसान हित में किए गए संघर्षों और योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आ]वान किया।

गोष्ठी का आयोजन मास्टर अमरेश गुर्जर के आवास पर हुआ, जहां बड़ी संख्या में किसान, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रविंदर सिंह ने कहा कि विजय सिंह पथिक ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ किसानों की आवाज बुलंद की और राजस्थान के ऐतिहासिक बिजोलिया किसान आंदोलन का नेतृत्व कर किसानों को अन्यायपूर्ण करों से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने किसानों से एकजुट रहकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की अपील की। जसवीर आर्य ने कहा कि विजय सिंह पथिक और चौधरी चरण सिंह जैसे नेताओं का जीवन समाज और किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष एवं भारतीय गुर्जर परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने बताया कि महात्मा गांधी ने बिजोलिया आंदोलन की सफलता के बाद विजय सिंह पथिक को 'राष्ट्रीय पथिक' की उपाधि से सम्मानित किया था। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को किसानों का सच्चा हितैषी और महान अर्थशास्त्री बताया। किसान नेता चौधरी उधम सिंह ने कहा कि किसानों को अपने हकों की रक्षा के लिए संगठित होना जरूरी है। प्रधानाचार्य मगनवीर सिंह ने सामाजिक एकता और जागरूकता पर बल दिया।सभा के दौरान सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में विजय सिंह पथिक को भारत रत्न दिए जाने की मांग की गई, जबकि दूसरे प्रस्ताव में लिव-इन रिलेशन कानून समाप्त करने की मांग उठाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की तथा संचालन सत्येंद्र आर्य ने किया। इससे पहले अजेश आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर नीरज बालियान, लाला धर्म प्रधान, चौधरी ओमपाल सिंह, संजय तोमर, धर्मेंद्र सिंह तोमर, राजवीर सिंह, बृजेश प्रधान, राहुल राणा, महिपाल सिंह, मास्टर जयपाल सिंह, रमेश भाटी, महाराज सिंह, भूलेराम, सोनू गुर्जर, लीलू गुर्जर, यशपाल सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## युवक पर महिला के अपहरण का आरोप

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक शादीशुदा युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बिटावदा गांव के तनवीर पुत्र हाशिम के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 26 वर्षीया बेटी की शादी जनपद सहारनपुर से हुई है। अक्क्मरेशन के कारण वह अपने मायके में रह रही थी। बीती 27 मई को दोपहर करीब 12 बजे जब वह निजी कार्य से बुढ़ाना कस्बा जा रही थी तभी बिटावदा गांव के तनवीर पुत्र हाशिम ने अपनी मोटर साइकिल से उसे जबरन शादी करने के इरादे से अपहरण कर लिया।

# खतौली में खोजी जा रहीं प्राचीन ज्ञान की धरोहरें, संरक्षण अभियान को मिली रफ्तार

**खतौली।** जनपद में प्राचीन पांडुलिपियों और ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने की दिशा में चलाया जा रहा ह्ज्ञान भारतम् मिशनह्न अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत खतौली नगर के मंदिरों में संरक्षित कई दुर्लभ और ऐतिहासिक पांडुलिपियों की पहचान की गई है। समिति सदस्य डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा ने नगर के विभिन्न मंदिरों का दौरा कर वहां सुरक्षित पांडुलिपियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इन अमूल्य दस्तावेजों को डिजिटल स्वरूप में संरक्षित करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा से परिचित हो सकें। बड़े बाजार स्थित जैन मंदिर में मंदिर प्रबंधन द्वारा सुरक्षित रखी गई पांडुलिपियों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें कई पांडुलिपियां एक सदी से भी अधिक पुरानी बताई गईं, जो इतिहास और संस्कृति की ख्रष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। डॉ. ज्योति जैन ने कहा कि भारत विश्व का वह देश है जहां सबसे अधिक प्राचीन पांडुलिपियां उपलब्ध हैं। धर्म, दर्शन, आयुर्वेद, विज्ञान, गणित और वास्तु जैसे विषयों पर आधारित ये ग्रंथ भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विरासत की अमूल्य निधि हैं। डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा ने बताया कि देश के अभिलेखागारों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में बड़ी संख्या में दुर्लभ पांडुलिपियां सुरक्षित हैं। भारतीय संस्कृति और दर्शन से जुड़ी इन धरोहरों ने विदेशी शोधकर्ताओं का भी ध्यान आकर्षित किया है। जर्मनी समेत कई देशों में भारतीय पांडुलिपियों का बड़ा संग्रह मौजूद है।

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **30-06-2026** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **मुजफ्फरनगर-रेलवे स्टेशन रोड जीएल - कमल कॉम्प्लेक्स 1 बी, रेलवे स्टेशन के सामने, मुज़फ्फरनगर 251001** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL30838391, GL30851992, GL33436095, GL33440250, GL33457229, GL33458231, GL33903399, GL33925962, GL34039117, GL34043720, GL34365813, GL34458607, GL35029252, GL35033660, GL35045940, GL35047523, GL35557715, GL35593024, GL35697633, GL35908713, GL36117704, GL36270188, GL36270713, GL36275078, GL36415938, GL36416126, GL36422688, GL36433223, GL36480512, GL36482580, GL36500171, GL36539867, GL36585160, GL36639534, GL36682470, GL36798351, GL36827482, GL36849330, GL36851627, GL36861428, GL36867070, GL36878245, GL36895512, GL36900465, GL36944523, GL36953717, GL36990154, GL37022649, GL37130461, GL37131677, GL37173738, GL37176693, GL37180469, GL37186828, GL37191881, GL37201122, GL37253752, GL37258647, GL37480001, GL37660492, GL37737177, GL37756066, GL37772936, GL37823665, GL37917322, GL37917580, GL37917911, GL37934294, GL37945191, GL38063675, GL38076100, GL38085467, GL38114798, GL38157570, GL38170175, GL38193777, GL38243478, GL38262026, GL38297418, GL38364692, GL38367631, GL38400738, GL38407099, GL38412735, GL38436027, GL38469363, GL38578735, GL38597435, GL38630012, GL38651164, GL38666836, GL38709697, GL38755665, GL38769501, GL38785086, GL38796303, GL38823466, GL38854429, GL38910103, GL38934760, GL38948923, GL38968969, GL39003582, GL39025161, GL39028114, GL39057128, GL39076004, GL39091476, GL39152874, GL39165868, GL39168323, GL39177228, GL39178695, GL39179114, GL39185159, GL39218278, GL39243333, GL39252226, GL39278753, GL39292901, GL39300534, GL39302708, GL39309546, GL39310871, GL39312264, GL39328753, GL39329204, GL39341915, GL39342153, GL39350323, GL39356989, GL39357217, GL39370226, GL39372382, GL39373282, GL39376350, GL39378547, GL39381913, GL39388522, GL39393110, GL39393161, GL39400514, GL39402643, GL39420356, GL39421085, GL39433121, GL39441424, GL39447464, GL39450178, GL39453793, GL39453944, GL39455338, GL39465264, GL39469049, GL39469936, GL39470168, GL39471850, GL39472665, GL39474040, GL39474142, GL39474663, GL39488551, GL39497518, GL39511646, GL39514183, GL39519649, GL39541707, GL39546195, GL39558144, GL39563320, GL39594187, GL39616059, GL39674731, GL39687508, GL39753723, GL40024049, GL40389234, GL40627838, GL40817680, GL41328258, GL41515654, GL41516772, GL41567566, GL41649075, GL42100273, GL42458791, GL42631199, GL42639549, GL42721141, GL42726668, GL42851272, GL42917046, GL42973673, GL43114545, GL43426943, GL43480800, GL43535184, GL43567415, GL44047931, GL44052916, GL44400577, GL44612239, GL44792312, GL44966270, GL45180386, GL46101685, GL46673604, GL47035788, GL47050771, GL47528277, GL47636761, GL48565923.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

स्थान: मुजफ्फरनगर
दिनांक: 30-05-2026

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

## मारपीट में युवक घायल

**भोपा।** युवक ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी सरफराज उर्फ छोटा ने तहरीर देकर बताया कि उसने करीब एक वर्ष पूर्व गांव निवासी व्यक्ति से एक बोगी गोबर का खाद लिया था ।आरोप है कि शुक्रवार दोपहर वह खाना लेकर गांव के आम के बाग की ओर जा रहा था। जैसे वह आरोपी के मकान के सामने पहुंचा तभी मुख्य अरोपी ने अपने दो साथियों के साथ उसे रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पीड़ित ने तीन नामजद व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।पुलिस ने घायल को उपचार के लिये भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**बेदखली सूचना**

मैं मुजीबुर रहमान पुत्र स्व. अजीजुर रहमान, निवासी म.नं. 477, मोहल्ला खालापार, मुजफ्फरनगर अपने पुत्र फसी उर रहमान को गलत संगत में पडने के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । वह किसी भी लेन-देन का जिम्मेदार स्वयं होंगा। मेरी और मेरे अन्य परिजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैंने अपना नाम मैराजुद्दीन से बदलकर राव मैराजुद्दीन चौहान कर दिया है। जो सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**राव मैराजुद्दीन चौहान
पुत्र स्व. श्री राव ख़ान
मोहम्मद चौहान मॉडल टाउन
कॉलोनी मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पुत्र खुशनसीब उसकी पत्नी अनजाना को गलत आचरण के चलते सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं अपने सभी कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**हारुन पुत्र मुश्ताक
निवासी ककरौली
मुज़फ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा भाई बिट्टू उर्फ आशीष व उसकी पत्नी श्रीमती रीमा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं, गलत संगत में पड़ गए हैं तथा प्रतिदिन मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लडाई झगडा करते रहते हैं इसलिए मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अभिषेक पुत्र श्री चन्द्रपाल
निवासी- ग्राम तिगरी,
थाना नई मण्डी, तहसील सदर
जिला मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

**चंद्रशेखर आजाद पीजी कालेज चरथावल मु.नगर
B.A. स्नातक स्तर
अंग्रेजी एक पद,
अर्थशास्त्र एक पद, ग्रहविज्ञान एक पद,
राजनीती शास्त्र एक पद,
हिन्दी एक पद
कॉमर्स स्नातकस्तर
B.Com दो पद
इच्छुक अभ्यर्थी दस दिन के अंदर डाक द्वारा या प्रत्यक्ष रूप से अपने मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय मे उपस्थित हो
सम्पर्क न०
8445783213 ( सचिव )
9758341052 ( प्राचार्य )**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र फिरोज व उसकी पत्नी रेशमा मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने सुनने में नही है। ये दोनों आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा व गाली-गलौच करते रहते है। तथा मेरी सम्पत्ति को हडपना चाहते है। इस कारण मै अपने पुत्र फिरोज व उसकी पत्नी रेशमा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन, वाद-विवाद आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन, वाद-विवाद के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मौ.फारूख पुत्र यासीन
निवासी ग्राम सिखेडा थाना
सिखेडा जिला-मुजफ्फरनगर**

# पुरकाजी में ईद-उल-अजहा की नमाज अकीदत और भाईचारे के साथ अदा



**पुरकाजी।** कस्बे एवं क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व बड़े ही धूमधाम, अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज शहर काजी सैयद मुफ्ती तन्मीक अहमद ने अदा कराई। नमाज से पूर्व भारी मजमे को खिताब करते हुए उन्होंने कहा कि कुर्बानी का असली मतलब अल्लाह के हुक्म को मानना और अपने आसपास रहने वाले लोगों की भावनाओं की कदर करना है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी पर्दे में की जाए तथा उसके अवशेषों को उचित स्थान पर ग्ग्ा खोदकर दफनाया जाए, ताकि स्वच्छता एवं सामाजिक सौहार्द बना रहे।

इसके अलावा कस्बे की शाही मस्जिद में हाफिज अजीज अंसारी ने सुबह 6:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। वहीं लक्सर रोड स्थित आमना मस्जिद में सुबह 7:45 बजे तथा बाजार वाली जामा मस्जिद में सुबह 8:00 बजे नमाज अकीदत और हर्षोल्लास के साथ अदा की गई।

ईदगाह रोड पर समाजवादी पार्टी के नेता लोकेंद्र कुमार ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। वहीं तलबीर सिंह ने नमाजियों पर पुष्प वर्षा कर सांप्रदायिक सौहार्द एवं प्रेम का संदेश दिया।

ईदगाह में नमाज अदा करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं पूर्व सांसद सईदुज्जमा, पूर्व अध्यक्ष मियां नसीम, कांग्रेस नेता मियां सलमान सईद बशारत खान, लताफत खान, दलीप खान, अमजद खान, मियां चुन्नू, तनवीर आलम, आजाद फरीदी, शाह आलम गौर, सभासद मोहम्मद इस्तकार, मास्टर नसीम अंसारी, साबित अंसारी, डाक्टर ईशा काजमी मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद आसिफ तकी कामिल प्रधान, इकरार फरीदी, दानिश अंसारी, महताब आलम, जमील अहमद, अजीज सिद्दीकी, आदिल फरीदी, शहजाद फरीदी, मोहम्मद हुजैफा, मियां सरवत अली, जीशान मलिक, वसीम सलमानी, सलीम सलमानी सहित हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इस अवसर पर नगर पंचायत की ओर से सफाई व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। सफाई नायक चौधरी रविकांत एवं मैनपाल के नेतृत्व में नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था सराहनीय रही।

# रामराज में हाईवे निर्माण कार्य में बाधा, शरारती तत्वों पर कार्रवाई की तैयारी

**रामराज/मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग-119 पर चल रहे निर्माण कार्य में कुछ शरारती तत्वों द्वारा लगातार बाधा उत्पन्न किए जाने का मामला सामने आया है।

हाईवे निर्माण कार्य को नुकसान पहुंचाने की शिकायत मिलने पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहायक अभियंता पंकज भारद्वाज अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि रामराज क्षेत्र में पुल निर्माण कार्य के निकट हाईवे को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है। सहायक अभियंता पंकज भारद्वाज ने बताया कि ग्राम पुटी इब्राहिमपुर व टिकौला के पास फ्लाइ ओवर से पानी निकासी के लिए प्लास्टिक पाइपलाइन डाली गई थी, जिसे अज्ञात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पाइपलाइन को तोड़ने के कारण पानी निकासी व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे निर्माण कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि हाईवे के कई अन्य स्थानों पर भी निर्माण सामग्री और कार्यस्थलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आई हैं। इस तरह की गतिविधियों से निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है और परियोजना के पूर्ण होने में देरी होने की संभावना बढ़ गई है। सहायक अभियंता ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी थाना रामराज पुलिस को दे दी गई है।

(आर्डर 5 नियम 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय कोर्ट नं0-5, मुजफ्फरनगर।**
इजराय सं0-09 सन् 2026
1-सरवत अली 2-नवेद आलम पुत्रगण स्व0 अजमत अली, नि0गण मौ0 बाजार कलां कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर -- **डिग्रीदारान**
**बनाम**
मांगेराम पुत्र घसीटू सिंह नि0 मौ0 उत्तरी चमारान, निकट घासमण्डी, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर।
-- **विपक्षी**
डिग्रीदारान ने आपके नाम नालिश बाबत वाद वास्ते वसूलयाबी हेतू दायर की, में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो दिनाकं 18-07-2026 ई0 को 10.00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहम मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को रजिसपर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख माह सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
अपर जिला जज कोर्ट नं0-5
मुजफ्फरनगर।

(आर्डर 5 नियम 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय कोर्ट नं0-5, मुजफ्फरनगर।**
इजराय सं0-10 सन् 2026
1- सरवत अली 2-नवेद आलम पुत्रगण स्व0 अजमत अली नि0गण मौ0 बाजार कलां कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर। -- **डिग्रीदारान**
**बनाम**
मांगेराम पुत्र घसीटू सिंह नि0 मौ0 उत्तरी चमारान, निकट घासमण्डी, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर।
-- विपक्षी
डिग्रीदारान ने आपके नाम नालिश बाबत वाद वास्ते बेदखली हेतू दायर की, में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो दिनाकं 18-07-2026 ई0 को 10.00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहम मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिसपर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख माह सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
अपर जिला जज कोर्ट नं0-5
मुजफ्फरनगर।

# तीन करोड़ का रिकवरी नोटिस वापस कराने को लेकर हंगामा

**छपार।** हाइवे के टोल प्लाजा पर टोल रिकवरी नोटिस को लेकर एक पंचायत हुई जिसमें इनवीट कम्पनी द्वारा टोल कम्पनी वीकेएम को दिये गये तीन करोड़ रुपए के रिकवरी नोटिस को वापस लेने को लेकर हंगामा किया। कम्पनी ने 15 जून तक वापस लेने का आश्वासन दिया। पंचायत में मौजूद गठवाल खाप के मुखिया बाबा श्याम सिंह ने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 18 जून को टोल पर बडी पंचायत होगी और टोल फी किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वीकेएम कम्पनी का समय पूरा होने पर टोल एसकेएम कम्पनी पर चला गया है।


हाइवे के छपार टोल का टोल वसूली का ठेका बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख बिनोद मलिक की वीकेएम कम्पनी के पास था। बृहस्पतिवार को उसका समय पूरा होने पर ठेका एसकेएम कम्पनी के पास चला गया। वीकेएम कम्पनी को इनवीट कम्पनी ने दो करोड़ 96 लाख रुपए रिकवरी का नोटिस दिया गया जिसको अवैध बताते हुए बिनोद मलिक की ओर से टोल पर एक पंचायत हुई जिसमें सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे। पंचायत में बिनोद मलिक ने बताया कि टोल से सरकारी, किसान संगठन व लोकल गांव के वाहन बिना टोल दिये निकलते हैं जबकि इनवीट ने उक्त वाहनों को फी कर रखा था उसके बावजूद भी उन्होंने दो करोड़ 96 लाख रुपए वसूली का नोटिस उनकी कम्पनी को जारी किया जो पूर्णता अवैध है। इनवीट के अधिकारी जलजीत काजल, संतोष कुमार, नितिन शर्मा एचआर,मौके पर पहुंचे ओर 15 जून तक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।पंचायत की अध्यक्षता कर रहे बाबा श्याम सिंह ने इनवीट कम्पनी को चेतावनी दी कि अगर समाधान नहीं हुआ तो आगामी 18 जून को टोल पर ही बड़ी पंचायत होगी और टोल भी फी किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी इनवीट व प्रशासन की होगी। सुरेंद्र सहरावत, विकास, दीपक राठी, मनोज कुमार, रविन्द्र सिंह, मोनू प्रधान, ब्रह्मपाल, सत्यपाल, कर्मबीर सिंह, मांगेराम आदि लोग मौजूद रहे।



# पुण्यतिथि पर रालोद ने दी किसान मसीहा को श्रद्धांजलि

**मोरना।** मोरना में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न व किसानों के मसीहा के रूप में विख्यात चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर रालोद कार्यकर्ताओं ने चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन किया।

मोरना में चौधरी चरण सिंह चौक पर शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय लोकदल द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें किसान मसीहा भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण द्वारा किसान हित में किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला गया।रालोद के मीरापुर विधान सभा अध्यक्ष डा. अमित ठाकरान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा किसान मसीहा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तथा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।डॉ. अमित ठाकरान ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है।किसान की तरक्की के बिना देश आगे नही बढ़ सकता। किसानों का हित सर्वोपरी है। स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने किसान हित के लिये संघर्ष किया।इस अवसर मुख्य रूप से वरिष्ठ रालोद नेता बाबा ओमवीर सिंह,रालोद के भोकरहेडी नगर अध्यक्ष ललित सहरावत, सुंदर गुर्जर, विकास मुखिया ,रविंद्र आर्य ,सागर खत्री,शुभम राठी, गौरव राठी ,फरमान अली, शुभम सहरावत, रोहित प्रजापति, विकास सहरावत, निशांत, बालिंदर, विशाल, नीशू विवेक राठी, मयंक चाहल, लोकेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की

## 29 मई से 31 मई तक माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर को श्रद्धालओं के दर्शनार्थ बन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व अनिरूद्ध प्रताप सिंह ने समस्त उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी,

क्षेत्रीय प्रबन्धक, उप्र परिवहन निगम, से कहा है कि जिलाधिक. ारी सहारनपुर के पत्र संख्या: 751/दैआ/2026-27 दिनांक 29. 05.2026 के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद सहारनपुर स्थित माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर क्षेत्र में अत्याधिक वर्षा एवं ओलावृष्टि होने के कारण अचानक जलप्रवाह अत्याधिक बढ गया जिसके फलस्वरूप दु:खद घटना में 02 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी है।

आप सभी अवगत ही है कि मौसम विभाग के द्वारा आगामी दिनों में भी भारी वर्षा एवं आंधी एवं ओलवृष्टि की चेतावनी जारी की गयी है।

ऐसी परिस्थितियों में माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर क्षेत्र में जलभराव के कारण फिसलन एवं अचानक जलप्रवाह बढने की सम्भावना बनी हुई है, जिससे जनहानि एवं अन्य दुर्घटनाओं का जोखिम उत्पन्न हो सकता है। यह भी अवगत कराया गया है कि मन्दिर समिति के द्वारा पत्र जारी कर दिनांक 29.05.2026 से 31.05.2026 तक माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर को श्रद्धालओं के दर्शनार्थ बन्द किया गया है।

अत: वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि जनहित को ख्रष्टिगत रखते हुए जनमानस एवं श्रद्धालओं की सुरक्षा हेतु आप अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत इस विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का कष्ट करें की दिनांक 29.05.2026 से 31.05.2026 तक मक्ष शाकुम्भरी देवी मंदिर की यात्रा से यथासम्भव बचने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का कष्ट करें ताकि जनमानस एवं श्रद्धालओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें।

# शायर बशीर बद्र के इंतकाल पर सीकरी गांव में गम का इज़हार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर डॉ.बशीर बद्र के निधन पर सीकरी गांव में गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि प्रस्तुत की गयी है। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में साहित्य जगत में उनकी सेवाओं को याद किया गया तथा उन्हें एक महान शायर तथा महान विचारक बताया गया।

मोरना क्षेत्र के गांव सीकरी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व प्रधान इरफान अली अप्पी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. बशीर बद्र का संसार से चले जाना साहित्य जगत को अपूर्णीय क्षति है डॉक्टर बशीर बद्र एक शायर ही नहीं महान विचारक भी थे लॉकडाउन के दौरान उनकी उनकी पंक्तियों ने बड़ी शोहरत हासिल की । यूं ही बे सबब ना



फिर करो कोई शाम घर भी रहा करो कोई हाथ भी न मिलाएगा जो गले मिलोगे तो तपाक से

ये शहर का नया मिजाज हैजरा फासलों से मिला करो। साहित्यकार समाज को दिशा व दिशा देता है डॉक्टर बशीर बद्र की रचनाएं भी समाज को एक आदर्श दिशा देती हैं। गूढ़ता को साधारण रूप में प्रस्तुत करना उनका अंदाज था वह एक साधारण व्यक्ति थे जिन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग के लिये संघर्ष को अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया उनकी रचनाओं का सदैव स्मरण किया जाता रहेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी मुगीज़ सिद्दीकी,मौ. नदीम,मौ.कसीम,मौ. अफसर, माहिर अब्बासी,मौ.जुनेद,समीर अब्बासी,अल्तमश,मौ. उवैश अंसारी, मौ. जैद,सोहेल अंसारी, सोहेल तुर्क,अयान अब्बासी, गफ्फार अली,मौ. इकराम रहमान अली, ,मौ.इरफान, ताज़ीम अली, अदनान,अयान सिद्दीकी, नजम, शाहवेज, वकार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत दो मिनट की खामोशी अख्तियार कर दिवंगत शायर के लिए विशेष दुआ की गई।

### छात्र-छात्राओं ने क्रिस्टल वर्ल्ड वाटर पार्क भ्रमण में लिया रोमांच और आनंद का अद्भुत अनुभव

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल रहकडा द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास, अध्ययन के साथ-साथ मनोरंजन तथा अनुभवात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को एक शैक्षणिक एवं मनोरंजनात्मक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को क्रिस्टल वर्ल्ड वाटर पार्क, हरिद्वार ले जाया गया।

प्रात: 8:00 बजे छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर से बसों द्वारा उत्साहपूर्वक रवाना हुए। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने गीत-संगीत, खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लेते हुए सफर को यादगार बनाया। वाटर पार्क पहुँचने पर बच्चों ने वेव पूल, वाटर स्लाइड्स, रेन डांस तथा विभिन्न जल क्रीड़ाओं का भरपूर आनंद लिया। विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ दिखाई दे रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बुढ़ाना सर्कल में अपराध पर कसी गई नकेल

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में बुढ़ाना सर्किल का नाम अपराध की दृष्टि से हमेशा सुर्खियों में रहा है। भले ही अब यहां पर पहले जैसा ताबड़तोड़ अपराध घटित ना होता हो लेकिन यहां पर होने वाली अप्रत्याशित घटनाएं पूरे जिले को हिला देती हैं। ऐसे संवेदनशील जिले में अनुभवी और तेज तर्रार अधिकारियों की तैनाती ना सिर्फ कानून व्यवस्था के लिए जरूरी होती है बल्कि जनता का भरोसा भी इन्हीं अफसरों पर टिका होता है। इसी कड़ी में बीती 19 दिसम्बर सनघ 2023 से बुढ़ाना सर्कल की कमान संभाल रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने अपने कार्य काल से यह साबित कर दिया है कि चुनौतीपूर्ण हालात में भी ईमानदारी और मेहनत से अपराध पर काबू पाया जा सकता है। बुढाना में उनका अब तक का कार्यकाल वाकई तारीफों का मोहताज नहीं है। पुलिस विभाग में गजेंद्र पाल सिंह का नाम उन अफसरों में शुमार है जो कुछ कर गुजरने की लगन रखते हैं। यही वजह है कि पूर्व में भी उन्हें हमेशा चुनौतीपूर्ण सर्किलों की बागडोर सौंपी जाती रही है। हर बार वे इन चुनौतियों पर खरे उतरे हैं। साथी अधिकारी बताते हैं कि गजेंद्र पाल सिंह को चुनौतियों से दो चार होना और उनसे पार पाना बाखूबी आता है शायद इसीलिए उनका नाम ही गजेंद्र सार्थक लगता है। बुढ़ाना सर्कल में उनकी आमद के बाद से थाना प्रभारियों और अधीनस्थ कर्मियों में नया जोश और आत्म विश्वास दिख रहा है। गजेंद्र पाल सिंह किसी भी घटना को स्वयं लगन के साथ लगकर खुलवाकर ही दम लेते हैं। उनकी जुझारू कार्यशैली का असर सीधे ग्राउंड पर दिख रहा है। अपराधी अब जेल की सलाखों के पीछे हैं और आमजन में सुरक्षा का भाव बढ़ा है। अफसर की सबसे बड़ी खूबी है उनका व्यवहार कुशल और जन हितैषी होना। पीड़ित और मजलूम की बातों को वे ध्यान से सुनते हैं तत्काल संभव मदद करते हैं और भरोसा दिलाते हैं। यही कारण है कि बुढ़ाना की जनता में उन्हें भरपूर सम्मान मिल रहा है। कुल मिलाकर सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना सर्कल बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अपराध पर नकेल के साथ साथ जनता से सीधा संवाद उनकी कार्य शैली की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है।

### फूड कंपनी के सेफ से 21,800 रुपये चोरी

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम बिटावदा स्थित डानिला फूड्स कंपनी के सेफ से 21,800 रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी संचालक अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने कंपनी में ड्राइवरी का काम करने वाले तनवीर पुत्र हाशिम निवासी बिटावदा के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी संचालक अनिल कुमार पुत्र हरफूल सिंह निवासी बिटावदा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी कंपनी मेरठ शामली रोड पर स्थित है। बीती 27 मई को सुबह करीब 9 बजे जब वह कंपनी पहुंचे तो सेफ में रखे रुपये गायब मिले। पूछताछ करने पर कंपनी में काम करने वाले राजीव पुत्र महक पाल व विपिन कुमार पुत्र कटार सिंह ने बताया कि उन्होंने तनवीर को अलमारी से रुपये निकालते हुए देखा था। घटना के बाद से तनवीर फरार है और चोरी के रुपये लेकर कहीं चला गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना बुढ़ाना पुलिस ने तनवीर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रणवीर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के रुपये बरामद किए जाएंगे।

### चोरी की कार के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद से चोरी हुई एक सफेद रंग की मारुति बलेनो कार को बरामद कर लिया है। कार के साथ पुलिस ने आरोपी सलीम पुत्र नानू खान निवासी राणा चौक के पास सरकारी फ्लैट खालापार थाना खालापार मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया है। बीती 28 मई को दारोगा संदीप कुमार द्वारा शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान गढ़ी चौराहे पर मुखबिर ने सूचना दी कि गांव मंदवाड़ा से लुहसाना रोड की तरफ एक चोरी की कार जा रही है। पुलिस टीम ने तत्काल नाकाबंदी कर मंदवाड़ा लुहसाना रोड पर टड्ढूबवेल के पास चेकिंग शुरू की। कुछ समय बाद मंदवाड़ा की ओर से आती सफेद बलेनो कार को रोककर चालक से कागजात मांगे गए। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सलीम बताया और कहा कि उसके पास कार के कोई कागजात नहीं हैं। उसने स्वीकार किया कि यह कार उसने दिसंबर 2025 में गाजियाबाद से चोरी की थी और पुलिस से बचने के लिए फजह्ल नंबर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरु कर दी।

### चकरोड़ पर कब्जे से किसानों को हो रही परेशानी

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव चन्देड़ी के किसान प्रवीण कुमार पुत्र सुरेश पाल सिंह ने उप जिला अधिकारी बुढ़ाना को प्रार्थना पत्र देकर चकमर्ग पर अवैध कब्जा हटवाकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। प्रवीण कुमार ने बीती 16 मई को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी ख्रषि भूमि चक संख्या 3196 मौजा बुढ़ाना बांगर दक्षिणी परगना व तहसील बुढ़ाना में स्थित है। इस चक के जानिब पूरब पश्चिम की ओर एक चकमर्ग पूर्व से ही स्थित है जो चन्देड़ी की सीमा से बडकता रोड से जाकर मिलता है। किसान का आरोप है कि पिछले 20 वर्षों से चकमर्ग के दोनों तरफ के चकदारों ने कब्जा करके उस पर फसल बो रखी है। चकमर्ग बंद हो जाने के कारण क्षेत्र के काफी किसानों को अपने खेतों पर आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रवीण कुमार ने एसडीएम बुढ़ाना से मांग की है कि चक संख्या 3196 के जानिब पूरब पश्चिम पर स्थित चकमर्ग को कब्जा मुक्त कराते हुए चकमर्गघ चकरोड को सुचारू रूप से खुलवाने के आदेश पारित किए जाएं ताकि किसानों को खेती में आने-जाने की सुविधा मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में किसानों को राहत दिलाने के लिए कब तक कार्रवाई करता है।

### मारपीट व कार तोड़फोड़ करने वाले 7 युवक अरेस्ट

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने लाठी डंडों से मारपीट कर कार में तोड़फोड़ करने के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक और क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 3 दिन में सभी वांछित अभियुक्तों को दबोच लिया। घटना बीती 26 मई की है। राजा पुत्र पवन निवासी ग्राम कुरालसी अपने साथी देवा और शिव प्रताप के साथ स्विफ्ट कार से कस्बा बुढ़ाना आया था। आरोप है कि गांव कुरथल निवासी निखिल पुत्र कंवरपाल ने अपने 5-7 साथियों के साथ मिलकर राजा और विकास पर लाठी डंडों से हमला कर दिया और उनकी कार में भी तोड़फोड़ की। राजा की तहरीर पर बुढ़ाना पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में वांछित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें मान सिंह पुत्र गुलवीर, आकाश पुत्र दुष्यन्त, रितिक पुत्र विनोद, दिक्षु उर्फ आशीष पुत्र अजीत, नव रतन प्रताप पुत्र सतेन्द्र, निखिल पुत्र कंवरपाल, वतन पुत्र ब्रह्मचन्द्र हैं।

# बीएलके-मैक्स हॉस्पिटल ने मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की

**मुजफ्फरनगर।** नई दिल्ली स्थित बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने आज मुजफ्फरनगर के शांति मदन हॉस्पिटल में अपनी मैडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। इस ओपीडी सेवा का उद्घाटन बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. मुकेश पाटेकर तथा शाति मदन हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर के ओनर डॉ. सहज गर्ग की उपस्थिति में किया गया। डॉ. मुकेश पाटेकर प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को शांति मदन हॉस्पिटल,में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप कंसल्टेशन के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर- डॉ. मुकेश पाटेकर ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके शुरूआती संकेतों की पहचान करना बेहतर उपचार परिणामों के लिए बेहद जरूरी है, इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से हमारा उद्देश्य मरीजों को एडवांस्ड ट्रीटमेंट विकल्प, काउंसलिंग और संवेदनशील देखभाल उपलब्ध कराना है, ताकि कैंसर के पूरे इलाज के दौरान उन्हें समग्न सहयोग मिल सके। हमारी सेवाओं में प्रिसिशन-बेस्ड कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी और एडवांस्ड मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स शामिल हैं, जो मरीजों के लिए व्यक्तिगत उपचार योजनाएं तैयार करने में मदद करते हैं। मल्टीडिसिप्लिनरी टड्ढूमर बोर्ड चर्चा के माध्यम से प्रत्येक मरीज को विशेषज्ञों कीसामूहिक राय का लाभ मिलता है, जिससे समग्र, एविडेंस बेस्ड और पेशेंट सेंट्रिक कैंसर देखभाल सुनिश्चित होती है।। अत्याधुनिक इंफास्ट्रक्कर और पेशेंट सेंट्रिक दृष्टिकोण के साथ हॉस्पिटल का लक्ष्य केवल मरीजों के जीवनक. ाल को बढ़ाना नहीं, बल्कि उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार करना भी है। कुल 21 अस्पतालों के संचालन ढ्ढकरीब 6,000 बेडत्र्ठ के साथ उत्तर भारत में मैक्स हेल्थकेयर की उल्लेखनीय उपस्थिति है।इसके नेटवर्क में कंपनी एवं उसकी सब्सिडियरीज द्वारा संचालित सभी अस्पताल एवं मेडिकल सेंटर, पार्टनर हेल्थकेयर फैसिलिटीज एवं मैनेज्ड हेल्थकेयर फैसिलिटीज शामिल हैं। इनमें दिल्ली एनसीआर में साकेत ढ्ढ3 हॉस्पिटलत्र्ठ, पटपड़गंज, वैशाली, राजेंद्र प्लेस, द्वारका, नोएडा व शालीमार बाग के अत्याधुनिक टर्शरी एवं क्वाटर्नरी केयर हॉस्पिटल्स, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, मोहाली, बठिंडा, देहरादून, भुवनेश्वर के एक-एक हॉस्पिटल, गुरुग्राम के सेकेंडरी केयर हॉस्पिटल और दिल्ली-एनसीआर में नोएडा, लाजपत नगर व पंचशील पार्क के मेडिकल सेंटर और मोहाली, पंजाब




का एक मेडिकल सेंटर शामिल है। मोहाली और बठिंडा के अस्पताल पंजाब सरकार के साथ पीपीपी ढ्ढसार्वजनिक-निजी भागीदारीत्र्ठ के तहत संचालित होते हैं। इन अस्पतालों के अतिरिक्त, मैक्स हेल्थकेयर अपने ब्रांड मैक्स होम और मैक्स लैब्स के तहत क्रमश: होमकेयर और पैथोलॉजी बिजनेस का संचालन भी करता है। मैक्स होम के तहत घर पर ही हेल्थ एवं वेलनेस सर्विसेज प्रदान की जाती हैं, जबकि मैक्स लैब के तहत अपने नेटवर्क से बाहर के मरीजों को भी डायग्नोस्टिक्स की सुविधा प्रदान की जाती है।

# पुलिस लाइन में पुस्तक मेला व प्रदर्शनी संपन्न



**मुजफ्फरनगर।** पुलिस परिवार के कल्याणार्थ संचालित वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पुलिस लाइन मुजफ्फरनगर में पुस्तक मेला एवं कौशल विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया ।

रिजर्व पुलिस लाईन में शिव मन्दिर प्रांगण स्थित बहुउद्देशीय हाल में बुक फेयर एवं कौशल विकास पाठड्क्रमों की प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वामा सारथी अध्यक्ष डॉ. नीलम राय, धर्मपत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व वामा सारथी नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पुलिस परिवार के बच्चों, पुलिसकर्मियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा पुलिस परिवार के बच्चे/सदस्यगण उपस्थित रहे। बुक फेयर के दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक पुस्तकों के बारे में जानकारी दी गई। छोटे एवं बड़े सभी बच्चों ने नई-नई किताबों को देखा, पढ़ा तथा उनके विषय में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की रुचि विकसित करना, रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा उन्हें स्टार्टअप एवं नवाचार से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर पुलिस लाइन के बच्चों एवं पुलिस लाइन लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा बच्चों द्वारा अपनी रूचिनुसार पुस्तकों को भी खरीदा गया। इसके अतिरिक्त वामा सारथी कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत संचा. लित सिलाई एवं ब्यूटीशियन कोर्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण के दौरान तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के वस्त्रों एवं हस्तनिर्मित सामग्री का प्रदर्शन किया गया। साथ ही ब्यूटीशियन कोर्स से जुड़ी महिलाओं द्वारा लाइव प्रैक्टिकल के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी उपस्थित लोगों द्वारा सराहना की गई।

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**बुढ़ाना।** भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार की सुबह कस्बा बुढ़ाना में स्थित चौधरी चरण सिंह तिराहे पर उन्हें जाट महासभा ब्लाक बुढाना के पदाधिकारियों और सदस्यों श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। यहां हवन कर आहुति दी गई और मौजूद गणमान्य लोगों ने किसान मसीहा के जीवन आदर्शों को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। जाट महासभा बुढाना के ब्लॉक अध्यक्ष चमन सिंह ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके बाद नामित सभासद कुणाल पवार, प्रवीण राणा, सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान, संयम पवार, पंकज चौधरी, देवेंद्र पंवार, मास्टर तेजपाल सिंह सहरावत और ओमपाल पटवारी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने बारी बारी से प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर नमन किया।

यहां पर नामित सभासद कुणाल पंवार ने चौधरी चरण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों व वं. चितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनकी नीतियां आज भी देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जमीन



जोतने वाले का हक का नारा देने वाले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर देश ने उनके योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी। यहां पर सबने संकल्प लिया कि वे चौधरी साहब के बताए सिद्धांतों ईमानदारी, सादगी व किसान हित को अपने जीवन में अपनाएंगे।

# आपत्तिजनक नारे लगाते बाइक सवार युवकों की हरकतें कैमरे में कैद

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मुस्लिम मौहल्ला करबला रोड पर बीती बृहस्पतिवार की देर रात लगभग सवा दस बजे ईद उल अजहा त्यौहार पर एक बाइक पर सवार कुछ युवकों के द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाए जाने की एक घटना सामने आई है। इस घटना से जहां अल्पसंख्यक समाज के लोगों में रोष है वहीं बुढ़ाना पुलिस ने भी आपत्तिजनक नारे लगाने वालों की तलाश शुरु कर दी है। कुछ स्थानीय लोगों के अनुसार बीती रात करीब सवा 10 बजे के आसपास बाइक सवार कुछ युवक करबला रोड से गुजरे और मुस्लिम मोहल्ले में पहुंचकर आपत्तिजनक नारेबाजी शुरु कर दी। इसी दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में यह घटना कैद हो गयी। देर रात की इस हरकत को लेकर लोगों में रोष है। उधर बुढ़ाना सर्कल के क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। पहचान के आधार पर बाइक सवार युवकों को चिह्नित किया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि सार्वजनिक शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना था कि देर रात ऐसी हरकत से माहौल खराब हो सकता था। यदि कोई अप्रिय घटना हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होता। इस संबंध में पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि वे किसी भी भड़काऊ वीडियो या अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। मामले में विधिक राय के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने भी चंद घंटों में ही कर दी कार्यवाही

**बुढ़ाना।** सर्कल बुढ़ाना के पुलिस क्षेत्रधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के अनुसार बीती 28 मई की रात्रि में कस्बा बुढ़ाना में एक मोटर साइकिल पर सवार 3 युवकों का नारेबाजी करते हुए 1 वीडियो प्रसारित हुआ। वीडियों का तत्काल बुढ़ाना पुलिस द्वारा संज्ञान लिया गया तथा 3 लोगो को चिन्हित कर पुलिस हिरासत में लिया गया तथा मोटर साइकिल को सीज कर विधिक कार्यवाही की गयी। सीओ का साफ कहना था कि बुढ़ाना पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने एवं सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने आपत्तिजनक नारेबाजी करने वाले तीनों असमाजिक तत्वों को चंद घंटों में ही जेल भेजने का काम करते हुए लोगों के दिलों में जो अपनी जगह बनाई है उसकी चारों और खूब प्रशंसा हो रही है।

### अधिवक्ताओं ने मनाई किसान मसीहा की पुण्यतिथि

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि शुक्रवार के दिन बार कार्यालय मे मनाई गई। बार एसोसिएशन के महासचिव सुभाष राठी द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह श्रद्धांजलि समारोह आज बार हक्व्ल बुढ़ाना में आयोजित किया गया। समारोह में चौधरी चरण सिंह के जीवन, किसानों और वंचितों के उत्थान के लिए उनके योगदान को भी याद किया गया। बार एसोसिएशन ने समस्त अधिवक्ताओं ने पूर्व निर्धारित समय पर बार हक्व्ल में उपस्थित होकर पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होकर चौधरी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष सुरेशपालघ सिंह वर्मा, महासचिव सुभाष राठी, पूर्वघ बार अध्यक्ष विनोद त्यागी, शो सिंह राणा, संजीव पंवार, हरबीर सिंह, अवध बिहारी लाल गर्ग, जाकिर अली, श्यामवीर वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# शाहपुर में पुण्य तिथि पर चौ.चरण सिंह को किया गया नमन

**शाहपुर।** कस्बे में किसानों के हित के लिए सदैव तत्पर रहने वाले भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को नगर के मुख्य चौराहे पर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह अत्यंत दूरदर्शी नेता थे। वे कहा करते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत खलिहान से होकर निकलता है। उन्होंने कहा कि आज भी देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है, इसलिए भारत की समृद्धि ग्रामीण क्षेत्र की खुशहाली से ही संभव है।

नामित सभासद एवं समाजसेवी अभिषेक चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान और मजदूरों के सच्चे हितैषी थे। वे किसानों की पीड़ा को भली-भांति समझते थे और उनके उत्थान के लिए जीवन भर कार्य करते रहे। युवा समाजसेवी आदिल खान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह न केवल किसानों के मसीहा थे, बल्कि गरीब मजबूर और पिछड़े लोगों की आवाज थे। उन्होंने हमेशा हर वर्ग की भलाई के लिए काम किया। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह जी ने राजनीति में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी की शिक्षा दी तथा चरित्र पर हमेशा जोर दिया।

उधर भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान और गवर्नमेंट ठेकेदार एवं समाजसेवी सिराज मलिक ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. प्रदीप सिंह



चौहान, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, नामित सभासद कपिल सैनी, अभिषेक चौधरी, सावंत नामदेव, रालोद नगर अध्यक्ष मनोज सैनी, सभासद आदिल खान, भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 24 से डॉ. लोकेंद्र बालियान, नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विक्की सवार दंपत्ति सड़क दुर्घटना में घायल

**बुढ़ाना।** विक्की पर सवार दंपत्ति उस समय एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये जब वे जनपद मेरठ में एक शादी समारोह में जा रहे थे। उनकी विक्की को एक पिकअप चालक ने टक्कर मारकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया और घटना कोघ अंजाम देते हुए पिकअप सहित फरार हो गया। घायल दंपति को पुलिस ने स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसको रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे की मास्टर कालोनी के निवासी नसीम शुक्रवार को जुम्मे की नमाज पढ़ने के बाद अपनी पत्नि जरीना को विक्की पर लेकर जनपद मेरठ के कस्बा फलावदा में अपनी किसी रिश्तेदारी में शादी में जा रहा था। जब दोनों बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में खतौली रोड पर आए तो गांव अलीपुर अटेरना में विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने विक्की में टक्कर मार दी और पिकअप सहित फरार हो गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यमुना नदी में डूबकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी स्थित यमुना नदी में भैसों को नहलाने के लिए गए चार युवको मे से एक युवक यमुना नदी के गहरे कुंड मे समा गया। साथी युवको ने डूबते युवक को बचाने का प्रयास किया तो लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। हादसे के बाद युवको ने परिजनो को हादसे की जानकारी दी। सूचना पर भारी संख्या मे ग्रामीण भडी गांव की ओर दौडे और भडी के ग्रामीणों की मदद से डूबे युवक को तलाशने की कोशिश की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे के दो घंटे के बाद चौसाना पुलिस मौके पर पहुँची। जिसके बाद बिडौली से गोताखोरो को एक दल भडी बुलाया गया। एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरो ने युवक के शव को तलाश कर बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव जिजौला निवासी आरिश (20) पुत्र शहजाद अपने साथियों आवेश,इकरार व समीर के साथ भैसों को नहलाने के लिए भडी की यमुना नदी पर गया था। उसी दौरान आरिश गहरे कुंड मे फंस गया और डूब गया। बचाव बचाव का शोर सुनकर अन्य साथियों से आरिश को बचाने का प्रयास किया लेकिन बताते है कि दो मीटर दूर ही था कि नदी में समा गया। शोर सुनकर भडी के लोगो ने नदी मे जाकर युवक को तलाशने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नही मिली। घटना करीब दोपहर एक बजे की है। ग्रामीणों का आरोप है कि तभी से पुलिस को सूचना देने की कोशिश की गई लेकिन सम्पर्क नही हो सका और ना ही पुलिस आई। जिस पर ग्रामीणों ने एसपी शामली को हादसे की जानकारी देकर मदद की मांग की । इसके बाद चौसाना व झिंझाना पुलिस मौके पर पहुँची और गोताखोरो को बुंलाकर डूबे युवक को तलाशने का अभियान शुरू किया गया।

डेढ घंटे की भारी मशक्कत के बाद डूबे युवक के शव को तलाश कर यमुना से बाहर निकाल लिया गया। परिजनो की तहरीर पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### हर साल हो डूब जाते है युवक, गहरे कुंड बने यम

चौसाना। पिछले पाँच सालों में कई बार हादसे मे अब तक दस से अधिक युवको की जान चली गई। यमुना नदी मे रेत निकालकर किए गये गहरे कुंड लोगो के लियम यम बने हुए है। बताया गया है कि जिस स्थान पर शुक्रवार को हादसा हुआ ,वहॉ स्टड बनाने का काम चल रहा है। जिस कारण यमुना नदी से रेत की निकासी की गई। ग्रामीण बताते है कि रेत 25-40 फीट नीचे तक खोदा गया है।

## वारंट, स्टे और हिरासत एसपी के फोन के बाद खुली चौकी की कुंडी, शिक्षक को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खेडी खुशनाम में बीते 2025 को दर्ज मुकदमें मे जिला कोर्ट द्वारा जारी वारंट पर आरोपी अध्यापक को चौसाना चौकी के एक दारोगा ने हिरासत में ले लिया। आरोपी अध्यापक ने दारोगा को हाईकोर्ट के स्टे की कॉपी दिखाई तो दारोगा आग बबूला हो गया और हाईकोर्ट की कॉपी को फेंक दिया। जिस पर अध्यापक के वकील ने एसपी शामली को हाईकोर्ट की कॉपी भेजकर घटना से अवगत कराया। एसपी के दखल के बाद दारोगा ने अध्यापक को छोडा। हाईकोर्ट के आदेश को धता बताने वाले दारोगा ने अध्यापक को तीन घंटे तक अवैध हिरासत मे रखा। अध्यापक अब दारोगा के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना का मुकदमा करने की कार्यवाही में लग गए है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव खेडी खुशनाम ने बीते 2025 मे एक युवक के साथ मारपीट सहित अन्य धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे पंकज कुमार नाम के एक युवक का नाम भी शामिल था। पीडित ने एक तरफा कार्यवाही व गलत मुकदमा होने का हवाला देते हुए हाईकोर्ट की शरण ली। जनवरी 2025 मे हाईकोर्ट ने मुकदमें की चार्जशीट व कार्यवाही पर स्टे दे दिया और अगले निर्णय तक स्टें लागू रहना बताया। जिला कोर्ट द्वारा मुकदमें के आरोपी अध्यापक पंकज कुमार के खिलाफ वारंट जारी कर दिया गया। चौसाना पुलिस के दारोगा श्यामवीर द्वारा फोन कर बुला लिया गया और वारंट के संबंध मे जानकारी देकर हिरासत ले लिया गया। तीन घटे तक अवैध हिरासत मे रखने के बाद एसपी शामली के दखल पर अध्यापक पंकज कुमार को रात्रि मे दस बजे छोडा गया। पुलिस उत्पीडन से तंग पंकज कुमार का कहना है कि अपने वकील को पूरे प्रकरण से अवगत करा दिया है।

## एक नजर......

### पुण्यतिथि पर याद आए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह

**शामली।** शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौ. चरणसिंह की पुण्यतिथि पर रालोद जिला कार्यालय पर हवन यज्ञ, विचार गोष्ठी एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष वाजिद अली, पूर्व विधायक राव वारिस एवं विजय कौशिक ने किया। मेडिकल कैंप का संचालन आशुतोष पंवार एवं अमन नामदेव ने किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चौधरी साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में किसानों के अधिकारों, सामाजिक समरसता एवं ग्रामीण विकास को लेकर भी चर्चा की गई। पूर्व विधायक राव वारिस ने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक नेता नहीं बल्कि किसानों की आवाज थे। उन्होंने देश की राजनीति में गांव, किसान और मजदूर को सम्मान दिलाने का काम किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर देशराज भनेड़ा, ऋषिराज राझड़, विकास धीमान, उमरदीन मंसूरी, आर्यन राणा, सोहनपाल, वि श्वप्रताप सिंह, आशुतोष पंवार, राजेंद्र वर्मा, डा. मुबारक अली, अमित लांक, सुरेन्द्र सिंह, अरविंद झाल,सतबीर मूंछ, बाबूराम पंवार, नरेंद्र मलिक, गगनदीप, प्रमेन्द्र नंबरदार, सहदेव मुखिया, रवि उपस्थित रहे।

### सपाइयों ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**शामली।** नगर के बाईपास स्थित सपा कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष चौधरी सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह, विधायक, सांसद, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, मुख्यमंत्री और भारत सरकार के कृषि मंत्री, गृहमंत्री, उप प्रधानमंत्री तथा प्रधानमंत्री रहे है। उन्होने जमीदारी उन्मुलन, भूमि सुधार 1950 को लागू किया। उन्होने वि श्वव्यापी आन्दोलन कर किसानों की लडाई लडने का काम किया। उन्होने उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर चौधरी कलीम, चौधरी शमशेर जंग, संदीप गुर्जर, अश्वनी गुर्जर, इमरान राणा, राव मासूम अली, ब्रजवीर सिंह, वासिल खान, घनश्याम सिंह, राजेन्द्र प्रधान, अरशद चौहान, मनीष चौधरी, दीपक आदि मौजूद रहे।

### आर्य जाट महासभा ने किया हवन-यज्ञ

**शामली।** आर्य जाट महासभा शामली के तत्वावधान में भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर यज्ञ-हवन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के जीवन एवं उनके कार्यों का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान रामपाल सिंह देशवाल रहे, जबकि पुरोहित का दायित्व राजवीर सिंह आर्य ने निभाया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनके सिद्धांत और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील निर्वाल, बाबूराम पंवार, देवेंद्र पाल राणा, दिव्य प्रभाकर, कंवरपाल सिंह, अभय राणा, विपिन कुमार गोहरनी, वीरेंद्र सिंह गोहरनी, सतीश कुमार गोहरनी, डॉ. ओमपाल सिंह मौजूद रहे।

### बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, तैयारियां पूरी

**शामली।** जनपद में आगामी 31 मई 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2026 को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि एवं नगर प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रश्नपत्रों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने तथा परीक्षा केंद्रों पर प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर रोक सुनिश्चित करने को कहा। जनपद में परीक्षा के लिए राष्ट्रीय किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज एवं हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 1268 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बैठक में पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश भी दिए गए।

### तेज आंधी से आम बागानों में भारी नुकसान, ठेकेदारों को लाखों की क्षति की आशंका

**थानाभवन।** क्षेत्र में देर रात आई तेज आंधी और हवाओं ने आम बाग ठेकेदारों की चिंता बढ़ा दी। अचानक बदले मौसम और तेज हवाओं के चलते कई बागों में पेड़ों से बड़ी मात्रा में कच्चे और तैयार आम टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे ठेकेदारों को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। बाग ठेकेदार जहीर, ईश्वर पंडित और वसीम ने बताया कि तेज हवाओं के कारण आम की फसल को भारी क्षति पहुंची है। कई बागों में पेड़ों की टहनियां टूट गईं, जबकि बड़ी संख्या में आम समय से पहले ही गिर गए। उनका कहना है कि इस बार पहले से ही मौसम की मार झेल रहे थे और अब आंधी ने नुकसान और बढ़ा दिया है। ठेकेदारों ने बताया कि आम की फसल तैयार होने के करीब थी तथा व्यापारियों से सौदे भी तय हो चुके थे, लेकिन खराब मौसम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सुबह जब बाग मालिक और ठेकेदार बागों में पहुंचे तो जमीन पर गिरे आम और टूटी डालियों को देखकर मायूस नजर आए। किसानों और बाग ठेकेदारों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### बहुजन एकता समिति ने नीट पेपर लीक सहित समस्याओं को सौंपा ज्ञापन

शामली। बहुजन एकता संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला. धिकारी शामली को सौंपा। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यह मामला केवल एक परीक्षा की अनियमितता तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता और सामाजिक न्याय से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया रिपोर्टों और प्रारंभिक जांच में महाराष्ट्र के नासिक क्षेत्र से पोर्टेबल स्कैनर के माध्यम से प्रश्नपत्र स्कैन कर पीडीएफ के रूप में अवैध तरीके से प्रसारित किए जाने की बात सामने आई है।

## डीएम-एसपी ने भोजनालय का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम आलोक यादव एवं एसपी एनपी सिंह ने नवनिर्मित भोजनालय कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। उन्होने संबंधित अधिका. रियों को निर्देशित किया कि पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा भोजनालय परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम अर्चना शर्मा, सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार, सीओ थानाभवन अमरदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा की यमुना से भरकर आ रहा डम्पर पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी कोरियान गांव से विपरित हरियाणा की सीमा में हो रहे रेत खनन से भरकर आये डम्पर के पलटने के बाद ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों के हंगामे के बाद सैकडो की संख्या मे ग्रामीण मौके पर पहुँच गए। जानकारी मिलते ही एसओ झिंझाना फोर्स के साथ मौके पर पहुंचें डंपर को खाली कराकर पुलिस चौकी लाया गया। वही डम्पर के पलटने से रानी नाम की महिला का खेत तहस नहस हो गया। पीडित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।



चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव भडी कोरियान से रोजाना सैकडो की संख्या मे डम्पर रेत से भरकर निकलते है। जिसका ग्रामीण किसान लगातार विरोघ करते आ रहे है। बताया जाता है कि हरियाणा की सीमा मे रेत के पटटे का आवंटन हुआ है। जहॉ से रेत से भरे डम्पर भरकर भडी कोरियान से निकाले जा रहे है। शुक्रवार को एक रेत से भरे डम्पर निकाला जा रहा था। तभी रानी नाम की एक महिला के खेत मे डम्पर पलट गया। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। विरोध के बाद मौके पर सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण जुट गए।

जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना मौके पर पहुँचें और मामले की जानकारी ली। इसके बाद पीडित किसान रानी फसल नुकसान के मुआवजे की मांग करने लगी। जिस पर एसओ ने पीडिता को तहरीर देने को कहा,जिस पर कार्यवाही की जा सके। वही पुलिस ने डम्पर को मौके पर खाली कराकर कब्जे मे लिया। डम्पर के चालक व परिच. ालक ने पुलिस को बताया कि हमारा काम सिर्फ डम्पर चलाने का है। संचालक अन्य व्यक्ति है।

### डम्पर चालक पर नहीं मिली रायल्टी -तौल पर्ची

चौसाना। हादसे के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने चालक से रॉयल्टी व तौल पर्ची की मांग की तो उन्होने दिखाने मे आना कानी शुरू कर दी। सख्ती से पूछने पर बताया गया कि हमारा काम वाहन चलाने का है। सभी कागजात डम्पर संचालक के पास है। जिसके बाद डम्पर को कब्जे मे लिया गया।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने संस्थापक बाबू बालेश्वर अग्रवाल की 39वीं पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के शामली जिलाध्यक्ष इंद्रपाल पांचाल के निर्देश पर पुरानी सब्जी मंडी में स्थित सिद्ध पीठ मां भगवती आठ्ठे वाला मंदिर में तहसील अध्यक्ष अरविंद कौशिक के नेतृत्व में संगठन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर अग्रवाल की 39 वी पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम पंडित प्रदीप पांडे ने विधि पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डा. अर्जुन वर्मा से दीप प्रज्ज्वलित करवाया। उसके उपरांत संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से 2 मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए



प्रार्थना कराई। इसके बाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय बाबू बालेश्वर अग्रवाल को श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन अरविंद कौशिक की अध्यक्षता एव राकेश गुप्ता के संचालन में आयोजित की गई। जिसमें सभी वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर अग्रवाल के जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वर्गीय बाबू बालेश्वर अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का गठन करके सभी पत्रकारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। जिससे संगठन के साथ-साथ पत्रकारों को मजबूती मिल सके। इसलिए स्वर्गीय श्री बालेश्वर अग्रवाल 39 वर्ष पहले स्वर्गवास होने के बावजूद भी आज भी संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के दिलों में जिंदा है। इसलिए संगठन के सभी पदा. धिकारी समय पर उनकी पुण्यतिथि मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर अरविंद कौशिक, पंडित प्रदीप पाण्डे, सुनील वर्मा, राकेश गुप्ता, डा अर्जुन वर्मा, अनिल संगल, चौधरी सुरेंद्र सिंह निर्वाल, शौकीन सिद्दीकी, मास्टर रामकुमार, नवीन जैन आदि मौजूद थे।

## दुकान खोलोगे तो अंजाम भुगतोगे, धमकी पर व्यापारी ने लगाया ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेडा मे मिठाई विक्रेता के साथ नगदी की लूट मे मामले में कार्यवाही ना होने से खफा पीडित व्यापारी ने अपनी दुकान पर पुलिस उत्पीडन व बदमाशों के डर से दुकान को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है। इसके लिए पीडित ने पोस्टर भी चस्पा किया है। वही दूसरी ओर पुलिस मामले को फर्जी करार दे रही है। चौसाना चौकी के गांव दथेडा में बीते 27 अप्रेल को नेपाल सिंह निवासी ताहरपुर के साथ दो व्यक्तियों से तमंचे के बल पर ग्यारह हजार की नगदी को लूट लिया था। आरोप है कि घटना के बाद से पीडित लगातार पुलिस चौकी के चक्कर लगा रहा है लेकिन पीडित की सुनवाई नही हों सकी। एसपी से मिलने के बाद पीडित को कार्यवाही की उम्मीद लगी थी। लेकिन चौसाना पुलिस ने मामले को गम्भीरता से नही मिला। इसके बाद बुधवार को पीडित नेपाल सिंह ने अपनी दुकान को स्थाई रूप से बंद करके दुकान पर पुलिस उत्पीडन व बदमाशों के डर का हवाला देते हुए पोस्टर को चस्पा किया है। पीडित का आरोप है कि मैने घटना के बाद करीब 20 दिन तक दुकान को बंद करके रखा। पुलिस ने अश्वासन दिया कि हम कार्यवाही करेंगे आप अपनी दुकान खोलो,मैने दुकान खोली को दोनो बदमाश व्यक्ति फिर से आये और दुकान खोलने पर धमकाया गया। वही चौसाना पुलिस का कहना है कि नेपाल सिंह ने जिस व्यक्ति की दुकान पर किराये पर लिया है और जिस पर आरोप लगाये गए है,उन दोनो पक्षो के मध्य क्रॉस केस जारी है। जिस कारण आरोप प्रत्यारोप हो रहे है। लेकिन बडा सवाल है कि दुकानदार को आरोपियो के केस से क्या संबंध है।

## मित्तल फूड प्रोडक्ट इंडस्ट्री में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के इंडस्ट्री एरिया स्थित मित्तल फूड प्रोडक्ट इंडस्ट्री में हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। फैक्ट्री से आग की लपटते निकलती देख आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना फैक्ट्री मालिक और दमकल विभाग की टीम को दी। नगर के मोहल्ला जवाहरगंज मंडी निवासी अंकित मित्तल पुत्र मुकेश कुमार मित्तल की क्षेत्र के कंडेला में मित्तल फूड प्रोडक्ट इंडस्ट्री के नाम से सरसो का तेल और रिफाईंड बनाने की फैक्ट्री है। बताया जाता है कि अंकित मित्तल गत गुरूवार देर रात फैक्ट्री में अपना एक कर्मचारी सन्नी निवासी बिजनौर छोडकर घर के लिए चले आये थे। देर आये तेज आंधी और बारिश के बाद कर्मचारी भी अपना कमरा बंद कर सो गया, लेकिन सवेरे करीब 5 बजे अचानक फैक्ट्री से धुआ निकलता देखा तो पडौसियों ने फैक्ट्री में जाकर कर्मचारी सन्नी को जगाया और मामले की सूचना अंकित मित्तल को दी। सूचना पाकर अंकित मित्तल मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद फैक्ट्री में लगी भीषण आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। टीम ने फैक्ट्री का दरवाजा तोडा और करीब तीन घंटों के बाद आग पर काबू पाया जा सके। आग लगने से फैक्ट्री में रखा कच्चा ऑयल, 1200 नग सरसों तेल, फर्नीचर, कंप्यूटर, डाटा, सीसीटीवी कैमरे, एलसीडी, अलमारी सहित करीब 30 लाख रूपये का सामान जलकर खाक हो गया।

# डीएम ने ली बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। जिन योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं मिली, उनमें सुधार लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।



बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर ने विभागीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान जिलाधिक. ारी ने सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत कायाकल्प कार्य पूर्ण कराने और स्कूल खुलने से पहले सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. करन चौधरी से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाए जाने वाले एचपीवी वैक्सीन की जानकारी भी प्राप्त की गई। उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को यह वैक्सीन साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाई जा रही है।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग को समन्वय बनाकर स्कूल खुलने पर बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जर्जर विद्यालय भवनों की मरम्मत, खाली भूमि को खेल मैदान के रूप में विकसित करने तथा सभी स्कूलों में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चार मंजिला स्कूल भवन पर एमडीए का एक्शन

- ☐ **मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद टीम ने किया नोटिस जारी**
- ☐ **बिना स्वीकृत मानचित्र के भवन निर्माण व स्कूल संचालन का आरोप**
- ☐ **एमडीए ने जारी किया नोटिस, भवन स्वामी से मांगे गए अभिलेख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मोहल्ला कलालान स्थित एक निजी स्कूल भवन को लेकर विवाद गहरा गया है। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत के बाद मुजफ्फरनगर-शामली विकास प्राधिकरण (एमडीए) की तीन सदस्यीय टीम ने मौके पर पहुंचकर भवन का निरीक्षण किया। जांच के दौरान भवन निर्माण से संबंधित स्वीकृत मानचित्र और अन्य अभिलेखों की जानकारी मांगी गई, लेकिन मौके पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

मोहल्ला कलालान निवासी अकबर अब्बास जैदी ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि जामा मस्जिद के निकट स्थित एक आवासीय प्लॉट पर विकास प्राधिकरण के मानकों की अनदेखी करते हुए चार मंजिला भवन का निर्माण कराया गया है। आरोप है कि उक्त भवन में डीएल स्कूल के नाम से विद्यालय संचालित किया जा रहा है, जबकि भवन का मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि बहुमंजिला भवन सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है, जिससे भविष्य में किसी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विद्यालय में बड़ी संख्या में बच्चों की मौजूदगी को देखते हुए किसी भी संभावित हादसे के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। शिकायत में भवन की गुणवत्ता, टिकाऊपन और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई तथा आवश्यक होने पर भवन ध्वस्तीकरण की मांग की गई है। शिकायत की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, सचिव एवं उपाध्यक्ष मुजफ्फरनगर-शामली विकास प्राधिकरण तथा जिला. धिकारी शामली को भी भेजी गई है। उधर, शिकायत के आधार पर एमडीए की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। एमडीए के इंजी. नियर जगदेव सिंह ने बताया कि भवन से संबंधित अभिलेखों की जांच की जा रही है। भवन स्वामी को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

एमडीए के इंजीनियर जगदेव सिंह ने बताया कि भवन के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। स्वीकृत मानचित्र और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# ईद-उल-अज़हा पर देश में अमनो-अमान के लिए उठे लाखों हाथ

**□ ड्रोन कैमरों से रखी गई निगरानी, डीएम-एसपी ने संभाला मोर्चा, जनपदभर में शांतिपूर्ण रहा माहौल।**

**शाह टाइम्स ब्यूरों**

**शामली।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को जनपद शामली में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। कैराना नगर स्थित ईदगाह सहित जिले की सभी ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चौन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। ईदगाह परिसर, संवेदनशील क्षेत्रों और नगर के प्रमुख चौराहों पर भारी पुलिस बल, पीएसी और यातायात पुलिस की तैनाती की गई थी। इसके अलावा ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल पुलिस टीमों के माध्यम से पूरे क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी गई।

जिलाधिकारी आलोक कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक एन.पी.सिंह ने एसडीएम कैराना शिवजी यादव, क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कैराना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों, ईदगाहों और नमाज स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्व निभाने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने लगातार भ्रमणशील ड्यूटी करते हुए आमजन से संवाद स्थापित किया तथा लोगों से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा न करने की चेतावनी भी दी गई। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस या डायल-112 पर देने की अपील की गई। नमाज के दौरान और उसके बाद पूरे जनपद में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया।थानाभवन संवाददाता के अनुसार कस्बे में ईद-उल-अजहा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। नगर की ईदगाह में सुबह बड़ी संख्या में नमाजी एकत्र हुए, जहां सामूहिक रूप से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान इमाम ने भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संदेश दिया। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने देश में अमन-चौन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआ मांगी। इसके पश्चात नमाजियों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। त्योहार को लेकर नगर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। वहीं नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपंन हुआ।





## दो बाइकों की आपस में भिड़ंत में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** तालिब व आमिर निवासी ग्राम अजीजपुर किसी काम से चौसाना आये थे। रात्रि करीब पौने आठ बजे दोनो ही व्यक्ति अपनी प्लेटिना बाइक से अपने घर लौट रहे थें। तभी विपरित दिशा से तेज रफ्तार के साथ आ रही बाइक ने तालिब व आमिर की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमे दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने घायलो को स्थानीय अस्पताल मे प्राथमिक उपचार कराया। गम्भीर हालात में घायलो का हरियाणा के करनाल स्थित कल्पना चावला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। जहाॅ घायलो की हालात बेहद नाजुक बताई गई है। दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक की तलाश मे चें. कंग की गई।

## जेई के साथ मारपीट में तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कैराना।** बकरीद से पहले बिजली गुल होने से नाराज ग्रामीणों ने गोगवान गांव में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) पर हमला कर दिया। पुलिस ने जेई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि अन्य की तलाश जारी है।

कैराना क्षेत्र के गांव गोगवान की है। बताया गया कि बुधवार रात करीब 11 बजे गांव का 100 एमवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिससे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि रातभर बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। भीषण गर्मी और बकरीद की तैयारियों के बीच बिजली न होने से लोगों में भारी नाराजगी थी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जेई प्रेम सिंह अपनी टीम और लाइनमैन शाबिर के साथ गांव पहुंचे और ट्रांसफार्मर सही कराया। आरोप है कि काम पूरा होने के बाद जब टीम वापस लौट रही थी, तभी गांव के कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और रात में बिजली ठीक न करने को लेकर बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और करीब 20 से 25 लोगों की भीड़ ने जेई के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। आरोप है कि कुछ लोगों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर लात-घूंसों और थप्पड़ों से पीटा। घटना में कुछ महिलाओं के शामिल होने की भी बात सामने आई है। मारपीट में जेई प्रेम सिंह बेहोश हो गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी समय पाल अत्री पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्हें भीड़ से छुड़ाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार जेई के सिर और सीने में अंदरूनी चोटें आई हैं। जेई प्रेम सिंह ने आरोप लगाया कि गांव के अजमद मंसूरी और शौकत समेत कई लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से हमला किया। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

## महिला ने एम्बुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऊन सीएचसी में गभर्वती महिला को सही उपचार न मिलने पर महिला ने एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया है। जिससे बच्चे की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। फिलहाल महिला को जिला अस्पताल से हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पीडित परिजनों ने डीएम से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।



गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव खेडकी निवासी अजय कुमार ने अपनी पत्नी खूशनूद को प्रसव पीडा के कारण ऊन सीएचसी में गत गुरूवार दोपहर एक बजे भर्ती कराया था। बताया जाता है कि वहां मौजूद स्टाफ नर्स ने नोर्मल डिलीवरी होने की बात करते हुए भर्ती किया था, लेकिन महिला की हालत बिगडती चली गई। अजय कुमार ने बताया कि उसने चिकित्सकों को बार बार पत्नी की तबीयत बिगडने की बात बताई, लेकिन उन्होने ध्यान नही दिया। रात्रि करीब साढे 8 बजे तक उनके हाथ से बात निकल गई तो उन्होने महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन जब महिला को जिला अस्पताल के लिए एम्बुलेंस से लेकर जा रहे थे तो आरोप है कि महिला जब झिंझाना के निकट पहुंची तो एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया। जिससे बच्चे की मौत हो गई। परिजन जच्चा बच्चा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर हालत के चलते महिला को भर्ती किया गया। शुक्रवार को महिला की दशा गंभीर होने के कारण उसको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। अजय कुमार ने चिकित्सकों पर लापरवाही कर आरोप लगाते हुए डीएम से मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## पैरा खिलाड़ी संदीप कुमार ने बेंगुलरू में जीता कांस्य पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गढीपुख्ता के गांव राझड निवासी दिव्यांग खिलाडी संदीप कुमार ने बेंगलूरू में आयोजित 8वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में पहला इंटरनेशनल कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। बेंगलूरू में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश विदेश से बडी संख्या में एथलीटों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शामली जनपद से एकमात्र पैरा खिलाडी संदीप कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर रेस में कांस्य पदक जीतकर शामली जनपद व अपने गांव का नाम रोशन किया है। परिजनों व ग्रामीणों नं सदीप कुमार को मैडल जीतने पर बधाई दी है।

## निपम ने हांगकांग में 100 मीटर दौड़ में जीता कांस्य पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद की बेटी निपम चौहान ने चीन के हांगकांग में आयोजित अंडर-20 जूनियर एशियन गेम्स चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। निपम चौहान ने 100 मीटर दौड़ 11.62 सेकंड में पूरी कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि निपम चौहान, ग्राम पावटी कला निवासी शिव कुमार की पुत्री हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों बाद किसी भारतीय महिला खिलाड़ी ने अंडर-20 महिला 100 मीटर स्पर्धा में देश को पदक दिलाने का गौरव प्राप्त किया है। निपम चौहान इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने बताया कि निपम चौहान के भारत लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद शामली में बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शामली से टिटौली, सेवापुर, लपराना, टपराना, झिंझाना और गाड़ी वाले सहित विभिन्न गांवों से होती हुई उनके गांव पावटी कलां पहुंचेगी। क्षेत्रवासी अपनी बेटी के स्वागत को लेकर उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटे हैं। जबर सिंह खैवाल ने निपम चौहान की सफलता का श्रेय उनके कोच शुभम बालियान को दिया। कोच के मार्गदर्शन और कठिन प्रशिक्षण के कारण ही निपम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

## एक नजर

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**थानाभवन।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे स्थित ख्यावड़ी कट पर कादरगढ़ पुलिस चौकी द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे दोपहिया चाल. कों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहन चालकों के चालान काटे। इसके अलावा वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की हिदायत भी दी गई। चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना जीवन सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है और सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। अभियान के दौरान पुलिस टीम पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दी।

### शिक्षा से जुड़े नैतिक मूल्य व संस्कार:विनिश्चय

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन सभा में आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर मुनिराज ने कहा कि शिक्षा, संस्कार और आत्मसंयम ही जीवन के वास्तविक विकास का आधार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान आधुनिक युग में शिक्षा को सफलता का प्रमुख माध्यम माना जाता है, लेकिन शिक्षा तभी सार्थक है जब उसके साथ नैतिक मूल्य और संस्कार भी जुड़े हों। आचार्य श्री ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि उनके बच्चे शिक्षित होकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। बेटा और बेटी दोनों को समान अवसर देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना समय की आवश्यकता है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और संस्कारों का निर्माण करने वाली शक्ति है। उन्होंने प्राचीन शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले विद्यार्थियों को घर-परिवार से दूर रहकर कठिन अनुशासन में शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती थी। उस समय शिक्षा के साथ नैतिकता, अनुशासन और जीवन मूल्यों पर विशेष बल दिया जाता था, जिससे व्यक्ति केवल विद्वान ही नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनता था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार शुद्ध विचार, संयम और सदाचार है। संस्कृति केवल परंपराओं का पालन नहीं, बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने का नाम है। संसार की भौतिक वस्तुएं क्षणिक हैं, जबकि आत्मिक उन्नति और चरित्र की संपदा स्थायी होती है।

### सपा ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को लेकर डीएम से की मुलाकात

**शामली।** विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जारी की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर समाजवादी पार्टी नेताओं ने डीएम से मुलाकात कर अशुद्धियों को दूर कराने की मांग की। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने डीएम से उनके कार्यालय में भेंट कर शामली जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट में पाई गई त्रुटियों की सूची सौंपी। नेताओं ने बताया कि सूची में डुप्लीकेट वोटरों के नाम, एक ही मतदाता का नाम कई बार दर्ज होना तथा नामों की स्पेलिंग में गलतियां जैसी अनेक खामियां सामने आई हैं।अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों द्वारा वोटर लिस्ट की गहन जांच की गई, जिसमें हजारों त्रुटियां चिन्हित की गई हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध होना अत्यंत आवश्यक है। पूर्व विधायक राजश्वेर बंसल ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद उम्मीद है कि वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण कराया जाएगा और विधानसभा चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होगी।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते वोटर लिस्ट में सुधार नहीं किया गया तो पार्टी कार्यालय के माध्यम से चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

### आईआईए ने मानक मंथन पर सेमीनार की आयोजित

शामली। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चैप्टर शामली द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून के सहयोग से इंडस्ट्रियल मीट एवं मानक मंथन विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीआईएस देहरादून के निर्देशक हेमंत भी आड़े, संयुक्त निदेशक सचिन चौधरी तथा सहायक निदेशक सौरभ कुमार चौरसिया अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। सेमिनार में अधिकारियों ने उद्यमियों को बीआईएस/आईएसआई प्रमाणन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में लगभग 720 उत्पादों पर आईएसआई प्रमाणन अनिवार्य कर दिया गया है। इनमें प्रेशर कुकर, स्टील एवं एल्युमिनियम के बर्तन, गैस चूल्हा, रिम, फुटवियर, सोलर पैनल तथा लिथियम बैट्री सहित अनेक उत्पाद शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि अनिवार्य श्रेणी के उत्पादों का बिना आईएसआई प्रमाणन के उत्पादन करना दंडनीय अपराध है।अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा प्रमाणन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया गया है। सेमिनार में प्रमाणन के लिए आवेदन प्रक्रिया, विभिन्न उत्पादों के शुल्क, जांच एवं परीक्षण की प्रक्रिया तथा उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ाने में बीआईएस आईएसआई प्रमाणन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## दोस्त ने चलाई थी गोली, आरोपी को पुलिस ने धरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** गोलीकांड में पुलिस ने एक आरोपी निखिल को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। कार तेज गति से चलाने और गाली गलौज करने से क्षुब्ध दोस्तों ने ही मोनिस को गोली मारी थी। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से कार पर भी फायरिंग की थी।

बता दें, कि 27 मई को भायला गांव में नहर के पास दोस्तों के साथ जा रहे नागल थानाक्षेत्र के मीरपुर मो. हनपुर गांव निवासी 24 वर्षीय मोनिस कमर के पास गोली लगने से घायल हो गया था। जबकि आई-20 कार के शीशे और बोनट पर भी छह गोलियां लगी हुई थीं। कार में सवार उसके दोस्त बड़गांव के नन्हेड़ा खुर्द निवासी निखिल और साधारणसिर निवासी गगन ने पुलिस को बताया था कि बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने उन पर फायरिंग की, जिसमें एक गोली मोनिस को लगी। प्रकरण की गंभीरता से जांच में जुटी पुलिस ने शुक्रवार को निखिल को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में निखिल ने बताया कि मोनिस, साहिल और गगन कार से देवबंद से नागल जा रहे थे। कार मोनिस चला रहा था। रास्ते में कार की रफ्तार को लेकर विवाद हो गया। बताया कि इसी कहासुनी में उसने मोनिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। निखिल ने यह भी बताया कि घटना में गगन ने भी उसका सहयोग किया। इसके बाद उसने कार पर भी कई राउंड फायर किए और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने निखिल के पास से एक तमंचा और दो कारसूत भी बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### हत्या के प्रयास व नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हत्या के प्रयास और नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक सांपला खत्री निवासी फैसल ने तहरीर देकर गांव के ही आजम पर रंजिशन लाठी डंडों और तेज धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आजम को गांव ही गिरफ्तार किया है। वहीं, पुलिस ने एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर साधारणपुर गांव निवासी परवेज और शावेज को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दो दिन पूर्व दोनों युवकों ने घर से बाहर काम से गई नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की और उसे जबरन बाइक पर बिठाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे बचाया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मनित करने की लिया निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पंजाबी समाज की आयोजित बैठक में 30 मई को गुरुद्वारा साहिब में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सतीश गिरधर ने कहा कि प्रत्येक समाज के बच्चे उसके कर्णधार होते है। महामंत्री बालेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों की हौसला अफजाई से उन्हें प्रेरणा मिलती है मेधावी बच्चों का सम्मान समाज की जिम्मेदारी भी है। संयोजक गुरजोत सिंह सेठी व हेमंत गिरधर ने कहा कि कार्यक्रम में पंजाबी समाज के बच्चों के साथ ही तहसील व जिला स्तर पर टॉपर छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान राजेश अजमानी, श्याम लाल भारती, सचिन छाबड़ा, बलदीप सिंह, विजय गिरधर आदि शामिल रहे।

## आंधी और बारिश ने मचाई तबाही बिजली के तार टूटने पर आपूर्ति रही ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रात आई तेज आंधी तूफान व वर्षा ने जमकर तबाही मचाई। इससे कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। बिजली के खंबे गिरने और विद्युत तार टूटने पूरी रात विद्युत आपूर्ति ठप बनी रही। फसलों की बारिश व तेज हवाओं ने बहुत नुकसान पहुंचाया है।

तेज आंधी तूफान के चलते रात करीब 12 बजे नगर में कई स्थानों पर विद्युत तार टूटने से आपूर्ति बाधित हो गई। पूरी रात बिजली गुल रही। सुबह करीब आठ बजे आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। रणखंडी रोड पर आंधी के कारण पेड़ टूट कर सडक पर गिर गया। जिस कारण यातायात बाधित हो गया। रात्रि में ही मौके पर फारेस्ट टीम पहुंची। देवबंद रेंज के वन दरोगा दिलबाग हसन के नेतृत्व में टीम ने पेड़ को हटवाते हुए बाधित यातायात को सुचारू रूप से संचालित कराया।



इस्सरपुर में तेज हवा के चलते विद्युत पोल उखड़ कर जमीन पर आ गिरा। इससे गांव की आपूर्ति ठप हो गई और ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ा। नवाज गर्ल्स स्कूल के बाहर रोड पर खड़ा बिजली का खंबा तेज हवा से उखड़ गया। सुबह ऊर्जा निगम की टीम ने मौके पर पहुंच खंबा दोबारा उक्त स्थान पर लगवाते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू कराई। रणखंडी फाटक के निकट फ्लैक्स बोर्ड का लोहे का भारी भरकम पोल जमींदोज हो गया। इससे आसपास की दुकानों, फल के रेहडियों व फड़ों को नुकसान पहुंचा। फल की दुकान चलाने वाले साहिब ने बताया कि इससे उसे भारी नुकसान हुआ है। उधर, भीषण आंधी और वर्षा से कृषि और बागवानी क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचा है। मौसम के इस उग्र रूप से फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई हैं। खासतौर पर लगभग तैयार खड़ी आम की फसल को भारी हानि हुई है। इससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें है।

## शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी अवार्ड से सम्मानित

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर कक्षा 12 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते वाले मेधावी विद्यार्थियों को हर्ष विद्या रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।



द दून वैली पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यालय संस्थापक हर्ष सिंघल की स्मृति में आयोजित हुए कार्यक्रम में 12वीं कक्षा की 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टाप करने वाली नंदिनी कुशवाहा को अवार्ड के साथ ही 21 हजार रुपये का चेक दिया गया। छात्र अभिनव पुंडीर, खुशी, अंशिका माहेश्वरी, गुणरूप कौर को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जबकि परीक्षाफल में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 21 छात्रों, 80 प्रतिशत से अधिक वाले 74 छात्रों व 75 प्रतिशत से अधिक वाले 115 छात्रों को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस दौरान बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता व डायरेक्टर डा. अनुराग सिंघल ने विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्रहित में सदैव सक्रिय भूमिका निभाने, नैतिक मूल्यों का पालन करने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। मैनेजर सुमन सिंघल व प्रधानाचार्या डा. सीमा शर्मा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले देवर को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाभी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले देवर को अदालत ने सात वर्ष सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवीदयाल शर्मा ने बताया कि नौ सितंबर 2024 को नागल थाना क्षेत्र के कपासी गांव में रविंद्र ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपने भाई राजेंद्र के घर पहुंच शराब के नशे में गाली गलौज की थी। जब उसकी भाभी मंतलेश ने ऐसा करने से मना किया तो रविंद्र ने उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की। अपमान से आहत होकर मंतलेश ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिडककर आग लगा ली, जिसे गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 11 दिन बाद अस्पताल में मंतलेश की मौत हो गई थी। मृत्यु से पूर्व मजिस्ट्रेट को दिए बयान में मंतलेश ने अपने देवर रविंद्र के खिलाफ बयान दिया था। इस घटना की तहरीर मृतका के पति राजेंद्र ने थाना नागल पर दी थी। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे का विचारण अपर जिला एवं सत्र न्यायालय देवबंद में चल रहा था। शुक्रवार को अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र नाथ सिंह ने अभियुक्त रविंद्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी मानते हुए सात वर्ष सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## चकबंदी लेखपालों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**देवबन्द।** तहसील क्षेत्र के गांवों में चकबंदी कार्रवाई लगातार जारी है। लेकिन इस प्रक्रिया को पूरा करने में काश्तकार रुकावट बने हुए हैं। स्टे होने के चलते एक गांव की चकबंदी प्रक्रिया रुकी हुई है। जबकि कई गांव में कब्जा परिवर्तन (पैमाईश) का कार्य रुक रुककर किया जा रहा है।

देवबंद तहसील के कुलसत, कुरलकी, मिर्जापुर, रणखंडी, चंदेना आदि गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। लेकिन इस कार्य को पूर्ण करने में चकबंदी लेखपालों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। लेखपाल अनुज ने बताया कि कुरलकी गांव में कुछ काश्तकारों ने चकबंदी को लेकर स्टे लिया हुआ है। जिस कारण वहां प्रक्रिया रुकी हुई है। जबकि कुलसत गांव में धारा-9 की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने बताया कि चंदेना और मिर्जापुर में पैमाईश की कार्रवाई अंतिम चरण में हैं। लगभग 15 दिन के भीतर पैमाईश का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिसके बाद रिकॉर्ड तैयार कर धारा-52 की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ग्रामीण, अरविंद, सोहरब, राकेश, मूलचंद आदि का कहना है कि जल्द से जल्द चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण होनी चाहिए ताकि बिखरी हुई कृषि भूमि व्यवस्थित हो सके और इससे किसानों को खेती करने में भी सुविधा मिलेगी।

# एक लाख का इनामी ढेर, थाना प्रभारी व सिपाही घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** थाना सरसावा एवं चिलकाना पुलिस की संयुक्त टीम बदमाशों के बीच पिलखनी गांव डूमवला औद्योगिक क्षेत्र के समीप जंगल में हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश ढेर हो गया। मुठभेड़ के दौरान थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा एवं एक कांस्टेबल सोनू गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा एवं थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार अपनी पुलिस टीम के डूमवाला जंगल की ओर पहुंचे पिलखनी स्थित औद्योगिक क्षेत्र के पास बदमाशों ने स्वयं को घिरता देख एक बाग में घुस पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा और कांस्टेबल सोनू घायल हो गए। पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी सरसावा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डीआईजी ने बताया कि एक लाख रुपये का इनामी बदमाश एहसान पुत्र रियासत निवासी कपूरी थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर का रहने वाला था, जिसकी पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। इस पूरे ऑपरेशन को एसएसपी अभिनंदन ने लीड किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन में थाना चिलकाना और थाना सरसावा पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। मुठभेड़ के दौरान एक सब-इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल को गोली लगी है, जिनका उपचार चल रहा है। डीआईजी के अनुसार बदमाश एहसान पर 13 लूट के मुकदमे दर्ज थे तथा वह बेहट क्षेत्र में दर्ज एक डकैती के मामले में भी वांछित चल रहा था। उस पर ध1 लाख का इनाम घोषित था और वह जनपद के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था। साथ ही वह थाना नकुड़ का हिस्ट्रीशीटर भी था।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी दो गोलियां लगीं। एहतियात के तौर पर उन्हें भी चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# तालाब पर कब्जे का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम कमालपुर, थाना फतेहपुर, तहसील बेहट के ग्रामीणों ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में कुछ दिन पहले ही मंडलायुक्त, डीएम, एसडीएम बेहट व तहसीलदार बेहट को लिखित शिकायत की थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधान शोएब अली, उसके भाई रसीद व मुकीम द्वारा शिकायत के बाद भी गांव में अवैध काम बदस्तूर जारी हैं। कुछ दिन पहले शिकायत करने के बावजूद दलित समाज की निजी भूमि में जेसीबी से खनन नहीं रुका। शिकायत के बाद भी सुबोध कुमार की पैतृक जमीन पर जबरन खनन व कब्जे का प्रयास जारी है। शिकायत के बावजूद गांव कमाल. पुर के सार्वजनिक तालाब में मिट्टी भराव कर कब्जा किया जा रहा है। यह तालाब प्राथमिक विद्यालय कमालपुर के दाहिनी ओर, आंगनबाड़ी केंद्र के सामने स्थित है। ग्रामीणों ने बताया कि हल्का पटवारी फईम घूस लेकर कब्जा करवा रहा है। तहसीलदार बेहट द्वारा पटवारी को फोन कर काम रुकवाने का आदेश भी दिया गया था, लेकिन 'शिकायत के बावजूद कोई असर नहीं हुआ। प्रधान शोएब अली व पटवारी फईम की मिलीभगत व दादागिरी से काम दिन-दहाड़े जारी है। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ दिन पहले शिकायत कर चुके, लेकिन प्रशासन सो रहा है। अब बर्दाश्त नहीं। अगर 3 दिन में कब्जा नहीं हटा और थ्प्त नहीं हुई तो डीएम कार्यालय पर महाप. 'चायत कर अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

ज्ञापन देने वालों में सुबोध कुमार, सुंदरलाल मांगेराम धर्मेंद्र जोगिंदर परविंदर मोनू दिनेश सौरभ लोकेश राजीव संदीप हिमांशु दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# तोमर एकेडमी ने जीता फाइनल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** फाइनल मुकाबले में तोमर क्रिकेट एकेडमी ने विनीज क्रिकेट एकेडमी को करारी शिकस्त दी



सरसावा हाईवे गांव बुढेड़ा में स्थित विनीज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित फाइनल मुकाबला तोमर क्रिकेट एकेडमी व विनीज क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें तोमर क्रिकेट एकेडमी के कप्तान ने टॉस जीतकर निर्धारित 25 ओवर के मैच में 19.1 ओवर मे ऑल आउट होकर 173 रन का लक्ष्य विपक्ष विनीज क्रिकेट एकेडमी के समक्ष रखा। शानदार बल्लेबाजी करते तोमर क्रिकेट एकेडमी बल्लेबाज अभिषेक ने सर्वाधिक 55, भानु ने 31 व देव ने 23 रन का महत्वपूर्ण योगदान अपनी टीम को दिया। विनीज क्रिकेट एकेडमी की तरफ से शानदार बोलिंग करते आदी वअंकित सहगल ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि वैदिक ने दो विकेट चटकाए । लक्ष का पीछा करने उतरी विनीज क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज तोमर क्रिकेट एकेडमी बोलरो के सामने रनों के लिए जूझते नजर आए और मात्र 23.2 ओवर में ऑल आउट होकर 125 रन ही बना सके। 48 रन के बड़े अंतर से तोमर क्रिकेट एकेडमी ने फाइनल मुकाबला जीत लिया।

## शांति भंग में जेल भेजा


**चिलकाना।** ग्राम माहेश्वरी कलां में कुर्बानी के गोश्त की वीडियो बनाये जाने के शक में दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। इससे पहले विवाद बढ़ता तभी मौके पर पहुचीं पुलिस टीम तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाना ले आई।

जानकारी के मुताबिक एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर कुर्बानी के गोश्त की वीडियो बनाने का शक जताने पर दोनो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। इससे पहले यह मामूली कहासुनी कोई बड़ा विवाद बनती तभी पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही माहौल खराब करने वाले लोग इधर उधर भागते नजर आये। जिनमे से पुलिस द्वारा तीन लोगों को पकड़कर थाना लाया गया।

# चौधरी साहब के सिद्धांत अपनाएं: बख्तावर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आर्य जाट समाज निर्माण समिति द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ कर प्रसाद का वितरण किया गया।



जाट भवन पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौ.बख्तावर सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने राजनीति में मूल्य और सिद्धांतों को स्थापित किया और अपने जीवन का मुख्य उद्देश्य ईमानदारी को माना। आज हम सबको मिलकर उनके आदर्शों सिद्धांतों पर चलना होगा। जो उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब किसान और गरीबों को अच्छे से समझने के साथ-साथ एक बड़े अर्थशास्त्री भी थे। आज के युवा लोगों को उनकी किताबों को अच्छे से पढ़ना चाहिए और उन्हें आत्मसात करना चाहिए। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, मास्टर रणवीर सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, समाजसेवी सत्येंद्र सोलंकी, रूपेंद्र डायरेक्टर, चौधरी रामकुमार, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर स्वतंत्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी, जिला महामंत्री मास्टर कृपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष चौधरी धीरज सिंह, चौधरी रामवीर सिंह,मास्टर गुरदीप सिंह व विकास आर्य ने संबोधित किया।

## मोटर चुराई

**चिलकाना।** अज्ञात चोरों ने नर्सरी से जनरेटर की मोटर पर हाथ साफ किया। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर मोटर बरामद कराये जाने की मांग की।

कस्बा सुल्तानपुर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी सुमित कुमार सैनी पुत्र शेर सिंह सैनी ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि वह गांव पटनी में शिव मंदिर के निकट सहारनपुर रोड पर पेड पौधों की नर्सरी चलाता है। आरोप है कि बृहस्पतिवार की रात्रि में आये तेज तूफान में नर्सरी का चौंकीदार वहां बने कमरे में सो गया। जिसका फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने उसकी नर्सरी पर रखे जनरेटर की मोटर चोरी कर ली।पीड़ित ने बताया कि सुबह के समय जब वह नर्सरी पर पहुंचा तो जनरेटर से मोटर गायब मिली।

# किसानों व मजदूरों के मसीहा थे चौ.चरण सिंह: शाहजमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोक दल सहारनपुर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर मनाई।



आज सुबह सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहारनपुर अस्पताल चौक स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पहुंचे और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर पुण्य आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शाहजमां खान ने कहा कि किसानों मजदूरों के मसीहा चौधरी चरण सिंह ईमानदारी एवं सादगी की जिंदा मिसाल थे उन्होंने जीवन भर किसानों मजदूरों वंचितों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्य किया जमींदारी उन्मूलन पटवारी राज का खात्मा चकबंदी कानून मंडी समिति कानून ग्रामीण मंत्रालय की स्थापना नाबार्ड की स्थापना आदि अनेकों कानून बनाकर किसानों मजदूरों एवं देहात की जनता के उत्थान के लिए कार्य किया।

इस अवसर पर एवं प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह, प्रदेश सचिव चौधरी अय्यूब हसन, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी एडवोकेट, क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, पार्षद पति भूरा मलिक, युवा जिला अध्यक्ष शिव कुमार गुर्जर, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव ठाकुर प्रमोद, प्रधान जिला उपाध्यक्ष ठाकुर मूलचंद सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, नेत्रपाल कश्यप, डॉक्टर अनिल सैनी, ब्रजवीर गुर्जर, हिमांशु जैन, फैसल त्यागी, अजय राणा, गौरव ठाकुर, प्रियांशु, अमरीश, अरविंद, नीटु, राजेंद्र, सोनू, मोहम्मद इमरान आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बेटियों का जीता दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बृहस्पतिवार को जहाँ पूरा कस्बा ईद-उल-अजहा के जश्न और खुशियों में डूबा हुआ था, वहीं थाना फतेहपुर की महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर ने खाकी का एक बेहद संवे. दनशील और अनूठा चेहरा पेश किया। त्योहार के इस पावन अवसर पर उन्होंने कस्बा छुटमलपुर की महिलाओं और बेटियों के बीच जाकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया और पुलिस प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत किया।



महिला एसआई मिथलेश राठौर ने घर-घर जाकर और चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा कानून, साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों सहित आपातक. ालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि त्योहार खुशी का मौका है लेकिन सतर्कता भी उतनी ही जरूरी है, इसलिए किसी भी परेशानी में बहन-बेटियां बिना डरे तुरंत पुलिस को सूचना दें क्योंकि फतेहपुर पुलिस 24 घंटे उनकी सेवा में तत्पर है।

# कांस्टेबल जतिन सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा ने ईद-उल-अजहा के दौरान अत्यंत सराहनीय और मुस्तैद ड्यूटी करने वाले कांस्टेबल जतिन चौहान को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

ईद के मौके पर कांस्टेबल जतिन चौहान ने इलाके में पूरी मुस्तैदी दिखाई। उन्होंने न केवल जनता से बेहतर तालमेल बिठाया, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाई। जतिन की इसी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन को देखते हुए थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने थाना परिसर में पूरे स्टाफ की मौजूदगी में उन्हें पुरस्कृत किया।

# आंधी-तूफान ने तोड़ी किसानों की कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बृहस्पतिवार की रात आए भीषण आंधी-तूफान ने छुटमलपुर क्षेत्र में ऐसी तबाही मचाई कि किसानों की सालभर की कमर ही टूट गई है। तेज हवाओं के साथ आए इस बवंडर ने सैकड़ों पेड़ों को जड़ से उखाड़ फेंका और बिजली के खंभों व तारों को तहस-नहस कर दिया,

छुटमलपुर नवीन मंडी के आढ़ती शाकिर मलिक के मुताबिक, तूफान के कारण समय से पहले टूटे करीब 15 से 20 हजार आम के कट्टे मंडी में पहुंच तो गए हैं, लेकिन जो कट्टा पहले 200-250 रुपये में बिकता था, आज उसे 50-60 रुपये में भी कोई पूछने वाला नहीं है। आंधी ने न सिर्फ बागों से आम नीचे गिरा दिए, बल्कि जो पेड़ पर बचे हैं उन्हें भी दागदार कर दिया है।



खेतों का मंजर देखकर किसानों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, क्योंकि आम और लीची के साथ-साथ पॉपुलर के पेड़ और हरी सब्जियों की फसलें भी पूरी तरह जमींदोज हो चुकी हैं। बेबस किसान यूनुस ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनकी पूरे साल की मेहनत एक ही रात में मटियामेट हो गई और अब उनके सामने बच्चों की स्कूल फीस भरने और परिवार में शादी-ब्याह निपटाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इधर, बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सुबह से ही मौके पर डटे हुए हैं और युद्धस्तर पर लाइनों को ठीक करने का काम जारी है, लेकिन नुकसान इतना व्यापक है कि पूरी तरह आपूर्ति बहाल होने में 24 से 48 घंटे का समय लग सकता है।

इस भारी विपदा पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष डॉ. शाजिया नाज किसानों के समर्थन में आगे आई हैं। उन्होंने कहा कि पहले से ही आर्थिक मंदी झेल रहे हमारे अन्नदाता पर यह कुदरती मार बर्दाश्त के बाहर है।

# ई -टीम ने एफ को हराकर मुकाबला जीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित समर क्रिकेट कैंप 2026 के अंतर्गत भूतेश्वर इंटर कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर खेली जा रही अंडर-12 समर क्रिकेट लीग में शुक्रवार को टीम ई और टीम एफ के बीच मुकाबला खेला गया।

टीम एफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम एफ ने निर्धारित 15 ओवर में 2 विकेट खोकर 99 रन बनाए। टीम एफ की ओर से अंश प्रजापति ने शानदार 41 रन तथा वंश ने 18 रन का योगदान दिया।

**■ अंश प्रजापति को चुना गया मैन आफ द मैच**

100 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ई ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 8.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 100 रन बना लिए और मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम ई की ओर से आकाश ने 29 रन तथा ओम ने नाबाद 19 रन बनाए। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए अंश प्रजापति को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर कोच राजीव गोयल टप्पू, रणधीर कपूर, भूपेंद्र कछल तथा संजय शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बलियाखेड़ी ब्लॉक में लगाई गई चौपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज ग्राम मनानी विकास खण्ड बलियाखेड़ी में ग्राम चौपाल आयोजित की गई।



ग्राम चौपाल में जिला विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामभरोस सरण, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास योगेंद्र सिंह पुंडीर, सहायक विकास अधिकारी कृषि अंकित कुमार भी उपस्थित हुए। ग्राम चौपाल में पंचायत सचिव आशीष कुमार व निवर्तमान प्रधान प्रशासक शिवकुमार द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को समस्त विकास कार्यों का विवरण पढ़कर सुनाया गया। जिला विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। ग्राम मनानी में भी शेष 250 परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से अवश्य जोड़ा जाए और इसके लिए सचिव, कोटेदार, समूह सखी और ब्लॉक मिशन मैनेजर मिलकर प्रयास करना सुनिश्चित करें। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा भी ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों द्वारा उपस्थित अधिकारियों को जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पाइपलाइन के लीकेज की समस्या से अवगत कराया गया जिसके लिए संबंधित विभाग को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामीणों ने अंत्येष्टि स्थल के लिए भूमि न होने की समस्या से अवगत कराया गया, ग्राम प्रधान द्वारा अन्नपूर्णा भवन के लिए भूमि उपलब्ध न होने की समस्या बताई गई, जिस पर अधिकारियों द्वारा राजस्व विभाग को पत्र लिखने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया गया।

# पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चौधरी चरण सिंह विचार मंच उत्तर प्रदेश द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।



हकीकत नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में प्रात: 10:00 बजे महावीर सिंह आर्य द्वारा यज्ञ किया गया। तत्पश्चात गोष्ठी में चौधरी चरण सिंह के जीवन काल की प्रमुख घटनाएं तथा उनके जीवन काल में किए गए कार्यों का स्मरण किया गया। मुख्य वक्ता के रूप मे पूर्व प्रधानाचार्य तथा राष्ट्रपति द्वारा पुरुस्कृत नाथीराम काम्बोज ने चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। प्रदेश संयोजक ठाकुर रजनीश चौहान व संचालन करते हुए सचिन चौधरी ने कहा चौधरी चरण सिंह ने देश देश की समृद्धि के लिए स्मरणीय कार्य किया। नगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जैसे नेता सदियों में विरले ही पैदा होते हैं।

इस दौरान संजय शर्मा, महाव. ीर सैनी, प्रियवृत्त त्यागी, श्रीमती अंजुम त्यागी, अमरीश कुमार, सतपाल सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह सिरोही आदि ने भी संबोधित किया। गोष्ठी की अध्यक्षता चौधरी अर्जुन सिंह ने की।

## महिला की संदिग्ध हालत में मौत

**चिलकाना।** बरथा कायस्थ में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बिना किसी कार्यवाही के मायके व ससुराल पक्ष ने ग्रामीणों की मौजूदगी में शव को सुपुर्द-ए-खाक किया।

मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर पुलिस को सूचना दी गई कि विवाहिता की हत्या कर शव को दफना दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एसएसआई राज. कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत की, लेकिन दोनों पक्ष किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

# राजस्थान ने गुजरात को 215 रन का टारगेट दिया

- वैभव सूर्यवंशी ने 96 रन बनाए, जडेजा के नाबाद 45 रन,
- रबाडा- होल्डर को 2-2 विकेट हासिल हुए

**मुल्लांपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 में गुजरात टाइटंस को 215 रन का टारगेट दिया है। राजस्थान ने मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में टास जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। वैभव सूर्यवंशी के 96 रन की बदौलत राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 214 रन बनाए।



सूर्यवंशी ने 204.26 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और पारी में 8 चौके और 7 सिक्स भी लगाए। उनके अलावा रवींद्र जडेजा ने नाबाद 45 रन की पारी खेली। वहीं, डोनोवन फरेरा ने 11 बाल पर नाबाद 38 रन बनाए। आखिरी ओवर में डोनोवन फरेरा ने राशिद खान के ओवर की दूसरी, तीसरी और चौथी गेंद पर उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़ दिए, जिससे राजस्थान को जोरदार फिनिश मिला। आखिरी गेंद पर भी फरेरा ने डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर शानदार छक्का लगाकर ओवर खत्म किया। इस ओवर से कुल 27 रन आए और राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बना दिए। 18वें ओवर में रबाडा की बाल पर सूर्यवंशी शार्ट और आफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर अपर कट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सही तरीके से टाइम नहीं हुई और थर्ड मैन की दिशा में हवा में चली गई। वहां प्रसिद्ध कृष्णा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 47 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने यह मुकाम केवल 440 गेंदों का सामना करते हुए हासिल किया था, जिससे उन्होंने आंद्रे रसेल (545 गेंदें) का रिकॉर्ड तोड़ा। 13वें ओवर में सूर्यवंशी ने सिंगल लेकर इस सीजन का अपना छठा 50+ स्कोर पूरा किया। प्रसिध्द की शार्ट गेंद को सूर्यवंशी ने मिडविकेट की दिशा में खेलकर एक रन लिया और शानदार अर्धशतक तक पहुंचे। 12वें ओवर की चौथी बाल पर प्रसिद्ध कृष्णा ने राजस्थान को पांचवां झटका दिया। 146 किमी/घंटा की रफ्तार से फेंकी गई फुल गेंद पर आर्चर बड़ा ड्राइव लगाने गए, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर बटलर के हाथों में चली गई। आर्चर 4 गेंदों में 7 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में होल्डर ने मिडिल ओवरों में अपना असर जारी रखते हुए शनाका को पवेलियन भेज दिया। बैक आफ लेंथ गेंद पर शानाका पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद ग्लव्स से लगकर विकेटकीपर बटलर के हाथों में चली गई। शनाका 9 गेंदों में सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में होल्डर ने राजस्थान को तीसरा झटका देते हुए रियान पराग को आउट कर दिया। फुल गेंद पर पराग ने फ्लिक शाट खेला, लेकिन गेंद बड़ी बाउंड्री पार नहीं कर सकी। डीप मिडविकेट पर मौजूद रबाडा ने आसान कैच पकड़ लिया। पराग 6 गेंदों में 11 रन बनाकर लौटे। 11वें ओवर की दूसरी बाल पर सूर्यवंशी को जीवनदान मिला। प्रसिद्ध कृष्णा की शार्ट गेंद पर सूर्यवंशी पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का टाप-एज लेकर हवा में चली गई।

## पर्थ में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही फ्रेंडली सीरीज के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 की शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, भारत अब चार मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे हो गया है। पहले मैच में मिली हार के बाद, भारत ने दूसरे मैच में शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल करते हुए शानदार वापसी की थी। दोनों टीमों के बीच खेले गए तीसरे मैच में दोनों ही पक्षों की ओर से अनुशासित रक्षात्मक खेल देखने को मिला।

पहले दो क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ और हाफ-टाइम तक स्कोर 0-0 ही रहा। आखिरकार, भारत को तीसरे क्वार्टर में सफलता मिली, जब सोनम (36वें मिनट) ने एक फील्ड गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी। लालरेमसियामी (49वें मिनट) ने एक और फील्ड गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया और अपनी टीम के लिए 2-0 की जीत पक्की कर दी। सीरीज का चौथा और आखिरी मैच शनिवार, 30 मई को इसी मैदान पर भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे खेला जाएगा। आईआईएचएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत की तीन टीमें लेंगी हिस्सा नई दिल्ली। जर्मनी में 14 से 30 मई 2027 होने वाली आईआईएचएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत की महिला, पुरु और अंडर-20 लड़कों टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय आइस हॉकी संघ (आईएचएआई) ने शुक्रवार को यह घोाणा की। भारत 1989 से अंतर्राष्ट्रीय आइस हॉकी संघ का पूर्णकालिक सदस्य है।भारतीय टीमों ने पहले भी अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है, लेकिन वर्ल्ड चैंपियनशिप स्केल, स्ट्रक्चर और लॉन्ग-टर्म असर के मामले में एक बड़ा स्टेज है।

## खेल विशेष

### ब्राजील वर्ल्ड कप के पहले मैच में नेमार के बिना खेलेगा रियो डी

**जेनेरो, वार्ता।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने गुरुवार को बताया कि नेमार पिडली की चोट के कारण 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ब्राजील का पहला फीफा वर्ल्ड कप मैच नहीं खेल पाएंगे। रियो डी जेनेरो के पास, टेरेसोपोलिस में ब्राजील के ट्रेनिंग कैंप में हुए स्कैन से पता चला कि सैंटोस के इस फॉरवर्ड को पिडली की मांसपेशियों में ग्रेड-2 का खिचाव है, जिसके ठीक होने में दो से तीन हफ्ते का समय लगेगा। ब्राजील टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने कहा कि नेमार कल ड्यूटी पर आए, उनके सभी मेडिकल टेस्ट हुए, जिनका नतीजा एमआरआई स्कैन से निकला। स्कैन में पिडली में ग्रेड-2 की चोट का पता चला, सिर्फ सूजन नहीं है। उम्मीद है कि दो से तीन हफ्ते में उन्हें खेलने की अनुमति मिल जाएगी। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

### न्यूजीलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट में बनाई मजबूत पकड़

**बेलफास्ट, वार्ता।** नाथन स्मिथ (छह) विकेट की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन आयरलैंड का पहली पारी में 179 रन पर ढ़ेर करने के बाद फॉलोआन खेलने उतरी आयरलैंड के दूसरी पारी में 65 रन पर दो विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। न्यूजीलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र चार-दिवसीय टेस्ट में अपना मजबूत नियंत्रण बना लिया है। पहले दिन रचिन रवींद्र की संेचुरी से बनी मजबूत नींव को आगे बढ़ाते हुए, मेहमान टीम ने टॉम ब्लंडेल के 186 और डेब्यू करने वाले डीन फॉक्सक्रॉफ्ट के 98 रन की मदद से 8 विकेट पर 490 रन बनाए। इसके बाद, दूसरे दिन तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ ने आयरलैंड के शीर्षक्रम को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने अपने नए बॉल स्पेल में 29 गेंदों के अंदर पांच विकेट लिए, और 40 रन देकर 6 विकेट लिए। इससे आयरलैंड की पहली पारी 179 रन पर सिमट गई।

### वेस्टइंडीज की महिला टीम ने आयरलैंड को 10 विकेट से हराया

**डबलिन, वार्ता।** कप्तान हेली मैथ्यूज (नाबाद 82) रनों की विस्फोटक पारी की बदौलत वेस्टइंडीज की महिला टीम टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इस श्रृंखला की तीसरी टीम पाकिस्तान है। मेजबान टीम को मात्र 103 रन पर रोकने के बाद, वेस्टइंडीज ने कप्तान हेली मैथ्यूज की सिर्फ 44 गेंदों पर नाबाद 82 रन की पारी की मदद से 11-3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। वेस्टइंडीज टॉस जीतकर गुरुवार को पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# 80 रन बनाता हूं और मेरी टीम जीत जाती है: वैभव सूर्यवंशी

- यह मेरे लिए शतक बनाने से ज्यादा मायने रखता हैं

**नई दिल्ली, वार्ता।** 'निडर युवा खिलाड़ी' वैभव सूर्यवंशी ने टाटा आईपीएल में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा है। वह 242 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 680 रन बनाकर ऑरेंज कैप होल्डर बने हुए हैं।



क्वालीफायर 2 से पहले जियो स्टार से बात करते हुए, सूर्यवंशी ने पिछले सीजन में आरआर के लिए अपने आईपीएल डेब्यू, निजी उपलब्धियों से ज्यादा टीम के लक्ष्यों को प्राथमिकता देने और जीटी के खिलाफ नॉकआउट मैच से पहले अपनी मानसिकता के बारे में बात की। सूर्यवंशी ने 2025 में अपने आईपीएल डेब्यू के बारे में बताया और यह भी बताया कि जब आरआर ने उन्हें ऑक्शन में चुना, तो सबसे पहले उन्हें किसका फोन आया था कि मुझे सबसे पहला फोन टीम मैनेजर रोमी भिडर सर का आया था। मैं दुबई में था, और ऑक्शन भी वहीं हो रहा था। ट्रायल्स के बाद, मैंने उनसे बात की थी और उन्होंने मुझसे कहा था कि वे मुझे टीम में लेने की कोशिश करेंगे। फिर फोन पर हमारी दो-तीन मिनट बात हुई और उन्होंने मुझे बधाई दी। अपने डेब्यू मैच में, मैंने पहली ही गेंद पर छक्का मारा था, इसलिए वह एक बहुत ही खास पल और एक बेहतरीन याद थी। फिर, उसी सीजन में मैंने 100 रन बनाए, जो मेरे और मेरे परिवार, दोनों के लिए बहुत ही गर्व का पल था। यह मेरा सिर्फ तीसरा ही मैच था, इसलिए अपने आईपीएल करियर की इतनी अच्छी शुरुआत करना बहुत अच्छा लगा, और अब मैं उसी लय को आगे बढ़ा रहा हूं। टीम के लक्ष्य को अपने निजी रिकॉर्ड से ऊपर रखने के बारे में उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरे पिता ने मुझसे हमेशा कहा है कि अगर तुम सौ, दो सौ, या यहां तक कि तीन सौ रन भी बना लो, लेकिन तुम्हारी वजह से टीम न जीते, तो उन रनों की कोई कीमत नहीं होती। वे शायद सिर्फ तुम्हारे निजी रिकॉर्ड के लिए हों, लेकिन उनसे टीम को कोई फायदा नहीं होता। आखिरकार, क्रिकेट एक टीम गेम है। इसलिए, अगर मैं सौ की जगह 80 रन बनाऊं और मेरी टीम जीत जाए, और अगर मेरे शतक बनाने के बावजूद हम न जीत पाएं, तो मेरे लिए उन सौ रनों से ज्यादा अहमियत उन 80 रनों की होगी। मेरी टीम टूर्नामेंट में जितनी ज्यादा देर तक बनी रहेगी और हम प्लेऑफ और फाइनल में जितना आगे तक जाएंगे, मुझे शतक बनाने और जो भी रिकॉर्ड मैं तोड़ना चाहता हूं, उन्हें हासिल करने के उतने ही ज्यादा मौके मिलेंगे। इसलिए, इससे मुझे निजी तौर पर भी फायदा होता है और टीम को भी। क्वालीफायर 2 में उतरते समय अपनी सोच के बारे में सूर्यवंशी ने कहा कि हम अच्छी सोच और सकारात्मक इरादे के साथ मैदान में उतरना चाहते हैं, और वही करते रहना चाहते हैं जो पूरी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में किया है। हमें खेल का मजा लेते रहना चाहिए, जैसा कि हम हमेशा करते हैं, बड़े मैच का दबाव नहीं लेना चाहिए, और अपनी ताकत पर भरोसा रखना चाहिए। एक टीम और एक यूनिट के तौर पर, हम फाइनल में पहुंचना चाहते हैं और उम्मीद है कि ट्रॉफी भी जीतेंगे। अंडर19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के एक दिन बाद ही प्रैक्टिस पर लौटने के बारे में उन्होंने कहा कि यह सब मेरे पिता की वजह से है। बचपन से ही उन्होंने मुझसे इतनी प्रैक्टिस करवाई है कि अगर मैं एक दिन भी प्रैक्टिस न करूं, तो ऐसा लगता है जैसे मेरी जदिगी थोड़ी धीमी पड़ गई हो। इसलिए, मुझे बहुत लंबे ब्रेक की जरूरत नहीं पड़ती, एक दिन ही काफी है। मुझे लगा कि मुझे प्रैक्टिस करनी चाहिए क्योंकि आईपीएल आने वाला था, और मैं वनडे क्रिकेट खेलकर वापस आ रहा था। फॉर्मेट में भी बदलाव था, इसलिए मुझे अपने खेल के कुछ पहलुओं पर काम करने की जरूरत थी। जहां तक सपोर्ट स्टाफ की बात है, अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं, और उम्मीद है कि हम जीतेंगे, तो मैं इसे उन्हें समर्पित करूंगा। जिस तरह हर कोच हर खिलाड़ी के पीछे मेहनत करता है, जिस तरह वे प्रैक्टिस सेशन की योजना बनाते हैं, और जिस तरह हमारे फिजयो और ट्रेनर हमारी रिकवरी का ध्यान रखते हैं, इन सबका बहुत बड़ा योगदान होता है। इसलिए, अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं, तो यह उनके लिए और सभी आरआर फैन्स के लिए होगी। सूर्यवंशी ने अभी भी कार्टून देखने के बारे में कहा कि जब मैं दो-तीन साल पहले घर पर रहता था और वहां मैच खेलता था या प्रैक्टिस करता था, तो जब भी मुझे घर पर खाली समय मिलता था, मैं कार्टून देखता था, और मुझे इसमें बहुत मजा आता था। आज भी, जब भी मुझे लगता है कि मुझे थोड़ी राहत या शांति चाहिए।

# ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी छोड़ी

- पंत को 2025 के सीजन से पहले मेगा नीलामी में एलएसजी ने खरीदा था

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल 2026 में खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की कप्तानी छोड़ दी है। पंत को 2025 के सीजन से पहले मेगा नीलामी में एलएसजी ने खरीदा था और उन्हें टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। हालांकि पंत की कप्तानी में एलएसजी लगातार दूसरी बार प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई।



इस सीजन 14 मुकाबलों में केवल चार जीत के साथ एलएसजी ने लीग स्टेज को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहते हुए समाप्त किया। एलएसजी ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) औपचारिक रूप से यह घोाणा करती है कि ऋाभ पंत ने फ्रेंचाइजी से कप्तानी छोड़ने का अनुरोध किया है। फ्रेंचाइजी ने उनके इस अनुरोध को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। साथ ही एलएसजी प्रबंधन ने कप्तान के रूप में ऋाभ पंत के योगदान की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व और टीम के प्रति समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया है। एलएसजी के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने कहा कि ऋषभ ने फ्रेंचाइजी से इस संबंध में संपर्क किया था और हमने सम्मानपूर्वक उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। ऐसे निर्णय लेना कभी आसान नहीं होता। कप्तान के रूप में ऋषभ ने इस ड्रेसिंग रूम में जो कुछ भी योगदान दिया है, उसके लिए हम उनके आभारी हैं। अब हमारा ध्यान सर्वश्रेठ मानकों तक पहुंचने के लिए टीम के सामूहिक पुनर्निर्माण और पुनर्गठन पर है। पंत की कप्तानी में एलएसजी को कुल 10 जीत और 18 हार मिली है। आईपीएल 2026 में अंतिम स्थान पर रहते हुए सीजन को समाप्त करने से पहले आईपीएल 2025 में एलएसजी सातवें स्थान पर रही थी।

# केतन कुशवाहा की हैट्रिक भारत की अंडर18 पुरुष टीम ने कजाकिस्तान को 13-0 से रौंदा

**काकामिगाहारा, (जापान), वार्ता।** भारत की अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के पूल ए के मुकाबले में कजकिस्तान पर 13-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारत के लिए कप्तान केतन कुशवाहा ने तीन गोल करके शुरुआत की, जबकि प्रहलाद राजभर, आशीष तानी पूर्ति, अंश ने गोल किए। बहुता और शाहरुख अली ने दो-दो गोल किए। भारत ने शुरू से ही मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और कजाकिस्तान के शुरुआती दबाव को झेलने के बाद उन्हें अपनी लगन का इनाम मिला।

शाहरुख अली (12) ने सर्कल के अंदर से एक जोरदार गोल करके स्कोर बराबर किया, जिसके ठीक दो मिनट बाद प्रहलाद राजभर (14) ने बढ़त दोगुनी कर दी, जिससे पहले क्वार्टर के आखिर तक भारत ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। दूसरे क्वार्टर में भी गोल होते रहे। कैप्टन कुशवाहा (18) ने पास से गोल किया, जब भारत ने पिच पर ऊपर से कब्जा किया, जबकि गाजी खान (20) ने थोड़ी देर बाद चौथा गोल करके बढ़त और बढ़ा दी। ब्रेक से पहले भारत ने कोई ढील नहीं दी। शाहरुख (29) ने एक शानदार फिनिश के साथ अपने दो गोल पूरे किए, और पूर्ति (30) ने एक मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, जिससे भारत ने हाफ-टाइम तक 6-0 की बड़ी बढ़त बना ली। तीसरा क्वार्टर सबसे अधिक फायदेमंद साबित हुआ, जिसमें भारत के पांच में से चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए। बहुता (31, 44) ने दो गोल किए, जबकि पूर्ति ने भी दो गोल किए। क्वार्टर के आखिरी मिनट में, कुशवाहा ने एक पेनल्टी कॉर्नर सहित जल्दी-जल्दी दो गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत ने तीसरा क्वार्टर 11-0 की बढ़त के साथ खत्म किया। भारतीय टीम ने आखिरी क्वार्टर में दबाव बनाए रखा और शानदार जीत हासिल की। आकाश दीप (47) ने खुले गोल में गेंद डालकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया, इससे पहले राजभर ने 51वें मिनट में दिन का अपना दूसरा गोल किया। भारत का अगला मुकाबला 31 मई मेजबान जापान से होगा।

# कार्लसन ने गुकेश को हराया, हम्पी, दिव्या, बिबिसारा के मैच ड्रॉ रहे

**ओस्लो, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2026 के चौथे राउंड में ओस्लो में एक और रोमांचक दिन देखने को मिला, जिसमें दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोम्माराजू के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले का निर्णायक नतीजा सामने आया।




काले मोहरों से खेलते हुए, कार्लसन ने एक जटिल खेल में धीरे-धीरे गुकेश को मात दे दी। खेल के अधिकांश समय तक स्थिति संतुलित बनी रही, लेकिन बीच के खेल (मिडगेम) में नॉर्वे के इस सितारे ने अपना मौका भुना लिया। बढ़ते दबाव और समय की कमी के चलते, गुकेश अपनी स्थिति को संभाल नहीं पाए, जिससे कार्लसन को अपनी बढ़त को जीत में बदलने और एक महत्वपूर्ण क्लासिकल जीत हासिल करने का मौका मिल गया। इस जीत से कार्लसन को टूर्नामेंट की अंक तालिका में कीमती अंक मिले हैं, क्योंकि वे अपनी घरेलू धरती पर धीमी शुरुआत से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। ओपन टूर्नामेंट के बाकी दो मैच कड़ी टक्कर के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुए। वेस्ली सो और अलीरेजा फिरोजा के बीच एक रणनीतिक मुकाबला हुआ, जिसमें कोई भी खिलाड़ी निर्णायक बढ़त नहीं बना पाया और अंततः खेल शांतिपूर्ण ढंग से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। बाद में सो ने आर्मागेडन गेम में जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक अपने नाम किए। विन्सेंट कीमर और प्रग्नानंद के बीच एक संतुलित मुकाबला हुआ।

# सिंधु क्वार्टर फाइनल में हारीं, सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

- दो बार की ओलंपिक पदक विजेता, सिंधु यह मैच 21.17, 1.14 से हार गई

**सिंगापुर, वार्ता।** पीवी सिंधु का सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2026 में अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया जब भारतीय खिलाड़ी महिला एकल क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नम्बर 1 और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया गणराज्य की एन से-यंग से हार गईं।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता, सिंधु यह मैच 21-17, 21-14 से हार गईं, जिससे एन से-यंग के खिलाफ उनकी हार का सिलसिला नौ मैचों तक बढ़ गया। 12वीं रैंक वाली सिंधु, इस दौरान सिर्फ एक बार कोरियाई खिलाड़ी से गेम जीत पाई हैं, वह भी 2023 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में। सिंधु शुरुआती गेम में 7-7 से बराबर थीं, इससे पहले एन से-यंग, जो इस साल अपने 32 मैचों में से सिर्फ एक हारी हैं, ने पांच पॉइंट की बढ़त बना ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने अंतर को 19-17 तक कम कर दिया, लेकिन कुछ गलतियों की वजह से कोरियाई खिलाड़ी ने गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही पैटर्न रहा, जिसमें एन से-यंग ने 6-0 की बढ़त बना ली। सिंधु ने वापसी करते हुए 30 शॉट की कड़ी रैली जीतकर अंतर को 14-12 कर दिया, लेकिन टॉप सीड खिलाड़ी ने 48 मिनट में मैच जीत लिया।

पुरुष डबल्स में भारत के लिए बेहतर खबर थी, जहां सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मलेशिया के 27वें रैंक वाले जोड़ी एरॉन टैंग पर 19-21, 21-17, 21-13 से वापसी करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। शुरुआती गेम में देर से पांच अंकों से पिछड़ने और बाद में दूसरे गेम में 8-3 से पिछड़ने के बाद, दुनिया की चौथे नम्बर की भारतीय जोड़ी और एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन जोघी ने नियंत्रण हासिल करने से पहले निर्णायक स्थिति में पहुंचने के लिए जोरदार वापसी की।

# मां शाकम्भरी मंदिर क्षेत्र में जल प्रलय, बहने से दो महिलाओं की मौत

### तेज बहाव में वाहन व दुकानें बहीं, प्रशासन ने संभाला मोर्चा, डीएम अरविंद कुमार चौहान व एसएसपी अभिनंदन सिंह ने मौके पर पहुंच लिया स्थिति का जायजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ बेहट/साढौली कदीम।** क्षेत्र स्थित सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिसर में गुरुवार देर रात शाकंभरी खोल (नदी) में अचानक आए तेज जलप्रवाह से अफरा-तफरी मच गई। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने पर श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोगों ने भागकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचकर अपनी जान बचाई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली, कारें, बाइकें क्रेन और जेनरेटर सहित दर्जनों वाहन बह गए। वहीं मंदिर परिसर के आसपास लगी कई दुकानें भी बाढ़ की चपेट में आ गईं। घटना के दौरान दो महिलाओं के बह जाने की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीमों ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। बाद में दोनों महिलाओं के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए। मृतकों में एक महिला श्रद्धालु की पहचान 65 वर्षीय सावित्री पत्नी चंद्रभान सैनी, गिद्धावाली, थाना खानपुर, लक्सर जिला हरिद्वार (उत्तराखंड) के रूप में हुई जबकि दूसरी महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अरविंद चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, एसपी देहात मयंक पाठक, एडीएम एफ, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, सीओ बेहट प्रीति यादव तथा इंस्पेक्टर मिर्जापुर सूबे सिंह मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी अरविंद चौहान ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा पहले ही भारी बारिश और तेज जलप्रवाह का अलर्ट जारी किया गया था, जिसके चलते पुलिस एवं प्रशासनिक टीमें क्षेत्र में पूर्व से ही तैनात थीं। लगातार पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सतर्क किया जा रहा था तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों और धर्मशालाओं में भेजा जा रहा था। बताया गया कि एक महिला देर रात किसी कारणवश धर्मशाला से बाहर निकल गई और अचानक आए तेज बहाव की चपेट में आ गई।

एसएसपी अभिनंदन ने बताया कि मौसम विभाग और डिजास्टर मैनेजमेंट टीम के साथ लगातार समन्वय बनाया गया है तथा संभावित खतरे को देखते हुए सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। आगामी वीकेंड पर संभावित भीड़ को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे जलप्रवाह वाले क्षेत्रों से दूर रहें, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।



## प्रभावित क्षेत्रों में सांसद इमरान मसूद व एमएलसी शाहनवाज ने किया दौरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिसर के समीप शाकंभरी खोल (नदी) में अचानक आए तेज जलप्रवाह से हुई दर्दनाक घटना के बाद शुक्रवार को सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और एमएलसी शाहनवाज खान मौके पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने मंदिर परिसर तथा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया और घटना में जान गंवाने वाली महिलाओं के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

शुक्रवार को मौके पर पहुंचे सांसद इमरान मसूद ने कहा कि यह बेहद दुखद और चिंताजनक घटना है। उन्होंने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को गंभीरता से लेते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि शाकंभरी देवी मंदिर में दूर-दराज राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना आवश्यक है।

एमएलसी शाहनवाज खान ने भी घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि प्रशासन को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की और कहा कि ऐसी आपदा की स्थिति में राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। दोनों नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। साथ ही श्रद्धालुओं से भी प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और नदी व जलप्रवाह वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की। इस दौरान रागिब अंजुम, संदीप चौधरी, डॉ. माजिद अली, केपी सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।







## शाकंभरी देवी मंदिर के कपाट 31 मई तक रहेंगे बंदः आदित्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट/ साढौली कदीम।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिसर में आई तेज बारिश और आंधी-तूफान के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने से हुए नुकसान एवं जनहानि के बाद मंदिर प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। खराब मौसम के मद्देनजर मंदिर के कपाट 31 मई तक बंद रहेंगे।

शुक्रवार को सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के कपाट 29 से 31 मई 2026 तक बंद रहेंगे। मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा ने बताया कि गुरुवार की रात को अचानक मौसम खराब होने और भारी वर्षा के चलते मंदिर क्षेत्र में



काफी नुकसान हुआ। वहीं मौसम

■ **मौसम खराब होने के चलते मंदिर व्यवधापक और प्रशासन ने लिया फैसला**

विभाग द्वारा भी खराब मौसम की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में दर्शनार्थियों को होने वाली परेशानियों और किसी संभावित हादसे को रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है।

व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि श्रद्धालु मौसम विभाग और शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करें तथा अनावश्यक रूप से मंदिर क्षेत्र की ओर न जाएं।

मंदिर प्रशासन के अनुसार यदि मौसम सामान्य रहा तो मंदिर को 1 जून से पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।

## दलित बेटी को मिले न्यायः मसूद अख्तर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व विधायक मसूद अख्तर ने भाजपा सरकार द्वारा महोबा कांड के पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग करने और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना रखने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच सरकारी नुमाइंदों की मांग को पूर्वाग्रह से ग्रसित बताया।

मसूद अख्तर आज यहां कांग्रेस जिला कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होनें कहा कि महोबा की दुष्कर्म पीडिता दलित बेटी के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता

■ **कहा- पीड़िता दलित बेटी के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण**

दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि यह मुद्दा प्रदेश में महिलाओं सहित सभी वर्गो के प्रति बढ़ते अपराधों का एक प्रमाण है और एनसीबी के हाल ही में प्रकाशित आंकड़े इन बढ़ते अपराधों की पुष्टि भी करते हैं। संदीप राणा ने संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष जांच के साथ-साथ पीड़ित दलित बेटी को न्याय दिलाने की मांग भी की।

वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सोनू पठान, मयंक राणा, कार्तिक राणा, इरशाद प्रधान, मोहित शर्मा, प्रभजीत सिंह, गुलफाम अंसारी, नसीब खान आदि मौजूद रहे

## मूक बधिर नौकर की पिटाई का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मानवीय संवेदनाओ को तार तार कर देने वाली घटना सामने आई है। एक ढाबे पर मूकबधिर को ढाबा संचालक बंधक बनाकर काम कराया जाता है। काम के पैसे माँगने या छुट्टी माँगने पर असहनीय यातनाएं दी जाती हैं।।

घटना रामपुर मनिहारान के दिल्ली रोड स्थित ढाबे की बताई जा रही है।सूत्रों के अनुसार ढाबा स्वामी अपने कर्मचारियों को घर जाने व पैसे मांगने पर उनके साथ मारपीट करता है और पेट भर खाना भी नहीं देता।रात्रि के समय 9 बजे के आस पास वहां बैठे एक ग्राहक ने वीडियो बना कर सोशल मिडिया पर वीडियो डाल दिया जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि दो युवक एक नौकर को बुरी तरह से मार पिटाई कर रहे हैं जिसमें ढाबा स्वामी और एक नौकर शामिल है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि जिसके साथ वो लोग मार पिटाई कर रहे हैं वो न तो ठीक से बोल पाता है और न ही ठीक से चल पाता है सूत्रों की मानें तो पिछले कई सालों से यह शोषण कई नौकरो के साथ इस ढाबे पर हो रहा है। कुछ नौकर तो बीमार हो जाते हैं।न तो उनके घर जाने दिया जाता है और न ही उनका ठीक से इलाज कराया जाता है सवीडियो वायरल होने के बाद ये मामला चर्चा में है

### मोबाइलों पर बजे चेतावनी संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** देर रात मोबाइलो पर आए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विभाग के ऑडियो अलर्ट ने लोगों को अचानक सतर्क कर दिया। रात 12 बजकर 4 मिनट पर मोबाइल फोन पर तेज आवाज में चेतावनी संदेश आने से लोग घबरा गए और एकबारगी घरों में इधर-उधर देखने लगे।

अलर्ट में क्षेत्र में संभावित आंधी-तूफान को लेकर लोगों को सुरक्षित रहने और सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई थी।

## पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह किसानों की आत्मा हैः चौ. नीरपाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ द्वारा हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस अवसर पर चौधरी साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि आज हम किसानों के महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दे रहे है।केवल श्रद्धांजलि देने से हम चौधरी साहब के सपनों को साकार नहीं कर सकते।उनके सपनों को साकार करने के लिए उनके आदर्शो पर चलना पड़ेगा। चौधरी साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाना पड़ेगा।उनकी नीतियां अपनानी होंगी।तभी हम ग्रामीण भारत,विकसित भारत, शसक्त भारत बना सकते है।

इस दौरान जाट सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चौधरी, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक,योगेश प्रताप सिंह, राजदीप ढाका,अरविंद मुखिया,ब्रह्मपाल पूनिया,आरिफ मलिक, निकेत मलिक,उसंदर शर्मा, कमल सोनकर, रामकुमार आदि समेत कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे

## ग्लोकल विश्वविद्यालय में कई प्रस्तावों पर मुहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल् विश्व. विद्यालय में कुलपति प्रोफेसर डॉ. मंजु गुप्ता की अध्यक्षता में एकेडमिक काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।



एकेडमिक काउंसिल की बैठक में विभिन्न विषयों पर गंभीर मंथन किया गया। इस दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता, डिजिटल परिवर्तन, नवाचार, कौशल विकास तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा प्रणाली में प्रभावी रूप से शामिल करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में ग्लोकल् विश्वविधालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष और अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति फाइनेंस सैयद निजामुद्दीन और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. जॉन फिनबे सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं एकेडमिक काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे।

कुलपति प्रोफेसर डॉ. मंजु गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित एवं तकनीक-सक्षम शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना है। बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शैक्षणिक प्रशासन, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म एवं ई-गवर्नेंस प्रणाली को और प्रभावी बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु इंस्टीट्यूशन इंनोवेशन काउंसिल की गतिविधियों को और सशक्त बनाने पर सहमति बनी।

## तूफान में पेड़ और बिजली के खंभे गिरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** बीती रात आए भीषण आंधी-तूफान ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। रात करीब 12 बजे शुरू हुए इस तूफान के साथ तेज बारिश भी हुई। लगभग 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने पूरे क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया। जहाँ बिजली के खम्बे उखड़ गए तो वही पेड़ भी टूट गए। बिजली के खम्बे टूटने से रात्रि से कई गांव मे बिजली का सम्पर्क टूटने से हाहाकार मच गया है।



तूफान के कारण क्षेत्र के कई हिस्सों में पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हुआ। कई स्थानों पर बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। तेज हवाओं से टीन शेड और होर्डिंग्स भी उड़ गए। कई मोहल्लों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। तेज धूल भरी आंधी और बारिश के कारण रात में कई इलाकों में लोगों को घरों में रहना पड़ा। अचानक मौसम बिगड़ने से लोग बाहर निकलने से बचे। तेज हवाओं की आवाज और उड़ती वस्तुओं के कारण रात भर स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। सुबह तक कई इलाकों में स्थिति सामान्य नहीं हो पाई थी। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। बिजली विभाग की टीमें व्यवस्था में जुटी हुई हैं।

## घायल करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने विपक्षियों पर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया।

ग्राम बुड्ढाखेडा निवासी फुरकान पुत्र मुश्ताक ने थाना पर तहरीर देकर अवगत कराया कि उसके दो बेटे अपने घेर में बैठे बातें कर रहे थे, कि तभी उन पर पडोस में रहने वाले चार युवकों ने गाली गलौज करने का झूठा आरोप लगाते हुए लाठी, डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया।पीड़ित ने बताया कि बेटों की चीख-पुकार सुनकर जैसे ही वह और उसकी पत्नी अनवरी तथा अन्जुम पत्नी शमशाद घेर में पहुंचे तो विपक्षियों ने जानलेवा हमला कर दिया।

# पेपर लीक पर हिदायत

आखिर सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में एनटीए से जवाब मांग ही लिया और चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर पेपर लीक कैसे हो गया, क्योंकि यह मामला देश के भविष्य से जुड़ा है। एसजी तुषार मेहता ने बताया कि एनटीए और समिति ने हलफनामे दाखिल किए हैं और सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। पीएम मोदी स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा है तो बहुत दुखद है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की चिंता जायज है, क्योंकि यह पहली बार नहीं हुआ। इससे पहले भी जनवरी 2024 से लेकर अब तक देश भर में लगभग 65 से 70 प्रमुख प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। नीटयूजी 2024 परीक्षा में व्यापक स्तर पर पेपर लीक और धांधाली हुई थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की गई। परीक्षा में अनियमितताओं के चलते इसे सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था। यूपी पुलिस सिपाही परीक्षा 2024 में पेपर लीक होने के बाद इस भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने जून 2024 में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया है। इस नए एंटी-पेपर लीक कानून के तहत दोषियों के लिए 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस कानून के बाद भी पेपर लीक हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि आरोपियों को कानून का कोई भय नहीं है। कानून का भय न होने के कारण युवाओं के भविष्य को बरबाद किया जा रहा है। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो कोर्ट ने सरकार और एनटीए पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि इस मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए। कोर्ट ने समिति के अध्यक्ष से कहा कि हम आपसे पूछना चाहते हैं कि आप मूल रूप से विशेषज्ञ समिति के सदस्य थे, कार्यान्वयन की निगरानी कितनी हुई? यह विफलता कैसे हुई? एचपीसी की सिफारिशों के आधार पर आपकी निगरानी के बावजूद यदि यह घटना घटी है, तो सिफारिश में ही कोई समस्या है। या हो सकता है कि निगरानी हुई ही न हो। सुप्रीम कोर्ट ने एसजी मेहता से कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। आखिर ये कैसे हुआ, हकीकत सामने आनी चाहिए। सुनवाई के दौरान डा. राधाकृष्णन ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 60 सुझाव दिए थे। पहले 60 में से अधिकतर लागू हो चुके हैं। कुछ अभी भी प्रक्रियाधीन हैं। 2025 में नीटयूजी परीक्षा संतोषजनक ढंग से आयोजित की गई थी। कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने की घटनाएं हुईं, अन्यथा सिफारिशों को लागू किया गया और परीक्षा सफल रही। हमने एनटीए को मजबूत करने की सिफारिश की थी।

# 'बहुत तलाश किया, कोई आदमी ना मिला'



प्रो. आर.के. जैन

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थेकृजहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है।

जब शब्दों की रौशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और गजलकार पद्म बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी गजलें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफर शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए, एमए और पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। उनका जीवन ज्ञान और भावना का ऐसा संगम रहा जिसने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दियाकृउनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया, और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया, लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी गजलों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियां 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो और दुश्मनी जम कर करो लेकिन यह गुंजाइश रहे आज भी लोगों की जुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य गजलें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू गजल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। पुत्र नुसरत बद्र के निधन का गहरा आघात भी उन्होंने सहा, जो स्वयं फिल्मी गीतों की दुनिया में प्रतिष्ठित थे। इसके बावजूद, अंतिम वर्षों तक वे मुशायरों के सुल्तान बने रहे, जहां उनकी उपस्थिति ही मंच को जीवंत कर देती थी। स्मृतियां भले कमजोर पड़ती रहीं,



लेकिन उनके शब्दों की चमक अंत तक अडिग रही एक ऐसा जीवन, जो संघर्ष, प्रेम और साहित्य की अविस्मरणीय यात्रा बन गया। विदा तो शरीर ने ली है, पर उनकी आवाज अभी भी दिलों में चलती है। बशीर बद्र अब इस संसार में नहीं हैं, फिर भी उनकी शायरी हर उस जगह मौजूद है जहां दर्द है, प्रेम है या टूटी हुई उम्मीदों की हल्की सी रोशनी। वे केवल शायर नहीं थे, बल्कि भावनाओं को शब्द देने वाला एक पूरा युग थे। उनकी विरासत बताती है कि साहित्य केवल पढ़ा नहीं जाता, उसे महसूस किया और जिया जाता है। उनकी गजलें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं।

## श्रीमुख से...

### गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आए



वर्तमान सरकार के कार्यकाल में माफिया, गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आ गए हैं तथा प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं, अब किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगा सके, यदि कोई अपराधी बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने की सोचता भी है, तो उसका इंतजार यमराज करते हैं, पूर्ववर्ती सरकार में नेताओं की स्थिति ऐसी थी कि माफियाओं को देखकर उनके पसीने छूट जाते थे, जबकि आज माफिया प्रदेश से गायब हैं, वर्तमान समय में प्रदेश में रामलीला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, होली, दीपावली और दशहरा जैसे सभी पर्व-त्योहार उत्साह और शांति के साथ मनाए जा रहे हैं, अब किसी गुंडे या माफिया में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह किसी पर्व या त्योहार में विघ्न डाल सके।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# रूप बदलती पत्रकारिता और उसकी चुनौती



आर.पी. तोमर

कड़वी सच्चाई है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पहचाने जाने वाली पत्रकारिता का स्वरूप आज एक मिशन से बदलकर पूरी तरह से व्यावसायिक और तकनीकी-उन्मुख हो गया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के प्रसार ने मुद्रित और दृश्य-श्रव्य माध्यमों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर एकीकृत कर दिया है, जिससे पत्रकारिता अधिक तात्कालिक, बहुआयामी और डेटा-संचालित हो गई है। पत्रकारिता आज प्रिंट से डिजिटल और सोशल मीडिया की ओर मुड़ गई है। समाचार अब केवल सुबह के अखबारों तक सीमित नहीं हैं। ट्विटर, एक्स और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सबसे पहले खबरें पहुंचाने का मुख्य माध्यम बन गए हैं। इसके अलावा, यू ट्यूब और विभिन्न पॉडकास्ट ने दृश्य-श्रव्य पत्रकारिता का लोकतंत्रीकरण कर दिया है। स्मार्टफोन की उपलब्धता और इंटरनेट की पहुंच ने आम नागरिकों को भी पत्रकार बना दिया है। आज कोई भी व्यक्ति किसी घटना का सीधा वीडियो या फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने ला सकता है, जिससे पारंपरिक मीडिया की एकाधिकार वाली भूमिका कम हुई है। अब खबरों को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि डाटा रेपर या टैब्लेऔ जैसे टूल्स के माध्यम से इन्फोग्राफिक्स, चार्ट और इंटरैक्टिव डेटा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। डिजिटल युग में क्लिकबेट, सनसनीखेज हेडलाइंस और फर्जी खबरों का चलन बढ़ा है। त्वरित समाचार देने की होड़ में कई बार तथ्यों के सत्यापन में कमी आती है। पारंपरिक पत्रकारिता वन-वे (एकतरफा) थी, लेकिन डिजिटल पत्रकारिता टू-वे (दोतरफा) हो गई है। वहीं आज अधिकांश मीडिया चेनलों व प्लेटफार्म पर पत्रकार की जगह एमबीए पास सेल्समैन को प्रार्थमिकता दी जाने लगी है। चाटुकारिता ने भी पत्रकारिता का स्वरूप बदल दिया है। कुल मिलाकर, पत्रकारिता ने अपनी गति और पहुंच में विस्तार तो किया है, लेकिन पत्रकारिता में गिरावट भी आई है। इसके साथ ही विश्वसनीयता बनाए रखना और व्यावसायिक दबावों से बचना आज के पत्रकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

देश जानता है कि भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, आज के नए भारत में यह भूमिका और भी अधिक अहम हो जाती है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुंचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक



प्रसार को सुगम बनाता है। भारत में हर साल हम 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते है। विदित है कि दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर- दूर तक मात्र अंग्रेजी, फारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था।

जो कुछ समय बाद ही बंद हो गया था, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है। आज जब हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने सटीक ही कहा था कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह दी थी, लेकिन आज खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। परंतु आज भी सच्चे व निष्पक्ष पत्रकारों की वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा है, ऐसे पत्रकारों की बदौलत ही लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का मान बचा हुआ है। मिशन से व्यवसाय बनती हिन्दी पत्रकारिता आज कई संकटों का सामना कर रही हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक- आर्थिक असमानताएं, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियां आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।


लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। सत्ता विरोधी यानी सच्चाई लिखने वाले पत्रकारों का उत्पीड़न आम हो गया है। ऐसा करने वाले मीडिया को भी सत्ता के दलाल खरीद लेते हैं।

# त्याग, तप और राष्ट्रभक्ति के युगपुरुष महंत अवैद्यनाथ

प्रणम्य है नाथ परंपरा के वे संत जिन्होंने हठयोग की परंपरा को संरक्षित करने के साथ उसे सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में विस्तारित करके धर्म, सेवा, त्याग और राष्ट्रवाद के अद्भुत समन्वय के रूप में समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया जो भारत के उत्तर में हिम किरीट के रूप में अवस्थित ऋषियों, मुनियों व संतो की तपोस्थली और देवभूमि नाम से विख्यात उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के कांडी गांव में 28 मई 1921 को राय सिंह बिष्ट के पुत्र रूप में अवतरित हुए जिनका कृपाल सिंह बिष्ट के रूप में सांसारिक नामकरण हुआ किन्तु गोरखनाथ मठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजय नाथ से दीक्षा प्राप्त कर जो विश्व में महंत अवैद्यनाथ के नाम से प्रख्यात हुए। मेरी स्वरचित ए पंक्तियां -भयानक तूफान तबाही के निशान छोड़ जाते हैं। युग पुरुष अपने कर्मों से अपनी पहचान छोड़ जाते हैं। जग में अमर होता है नाम उन्हीं का, अच्छाइयों के जग में जो प्रतिमान छोड़ जाते हैं। बरबस मेरा ध्यान युग पुरुष महंत अवैद्यनाथ की ओर आकर्षित करती हैं जिन्होंने मठ की परंपराओं का निर्वहन करने के साथ समाज में नए प्रतिमान गढ़ने का कार्य किया जिसके कारण उनके अवतरणदिवस पर हम उनके उल्लेखनीय ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण करने के



साथ उनको नमन कर रहे हैं।1969 में गुरुदेव के ब्रह्मलीन होने पर आप गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर बने। आपने गोरखनाथ मठ को एक आध्यात्मिक केंद्र से सामाजिक सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया। इस हेतु आपने मठ का भव्य विस्तार, आधुनिक निर्माण और मठ को सुविधाओं से संपन्न कराया ।आपने अखंड अन्न क्षेत्र की प्राचीन परंपरा को मजबूती प्रदान करने के साथ छुआछूत का विरोध करते हुए मठ में सभी वर्गों के लिए भंडारा खोला जिसमें हजारों भक्त, दर्शनार्थी और असहाय व्यक्ति प्रतिदिन बिना भेदभाव के मध्यान्ह और सांयकाल प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह भंडारा, अन्नदान के साथ नाथ परंपरा की समानता और सेवा भावना को उद्घाटित करता है। साथ ही उन्होंने जाति-पाति से ऊपर उठने हेतु संतों को प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान अतुलनीय है। गुरु दिग्विजय नाथ द्वारा शुरू की गई शैक्षिक परियोजनाओं को आपने विस्तार दिया। आपने गोरखपुर तथा आसपास के क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों की स्थापना की ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दिया तथा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माध्यम से अनेक स्कूल -कॉलेजों का संचालन किया। गोरखपुर में उनके नाम पर अवैद्यनाथ सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना भी की गई है। लोक कल्याण में स्वास्थ्य सेवाओं का स्थान सर्वोपरि है। इस भावना के दृष्टिगत आपने मठ में अस्पताल, आयुर्वैदिक केंद्र और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं विकसित की और ग्रामीण अंचल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया ताकि गरीब और आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें। आयुर्वेद, योग और आधुनिक चिकित्सा का समन्वय आपके स्वास्थ्य-कार्यक्रमों की विशेषता थी। मठ के अस्पतालों से पूर्वांचल के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। इसके साथ ही आपने मठ के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश में नक्सलवाद, अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामाजिक जागृति फैलाने का महती कार्य किया। 1966 के गौ हत्या विरोधी आंदोलन में आपने सक्रिय भूमिका का निर्माण किया तथा निरंतर गौ रक्षा अभियान के लिए प्रयास किए। मठ में गौशालाएं चलाई गई जहां साइक्लोन गायों की देखभाल होती है। महंत अवैद्यनाथ का सबसे बड़ा व अविस्मरणीय योगदान राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति की 1984 में स्थापना है जिसके परिणाम स्वरूप महंत अवैद्यनाथ जी ने नाथ परंपरा को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जोड़कर एक नया आयाम दिया। इस समिति के वे प्रथम अध्यक्ष रहे और उन्होंने हिंदू संगठन और संतों को एक मंच पर लाकर राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की। इस हेतु उन्होंने सितंबर 1984 में बिहार के सीतामढ़ी से अयोध्या तक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जिसमें हिंदू राष्ट्रवादी नारे गूंजायमान हुए। साथ ही आपने पूरे देश में व्याख्यान देकर लोगों का आवाहन किया की वे केवल उन्हीं पार्टियों को वोट दें व समर्थन करें जो राम मंदिर निर्माण कराने का वादा करें। आपके प्रयासों तथा 1985 में उडुपी सम्मेलन में संतों की मांग के फल स्वरूप 1 फरवरी 1986 को अयोध्या विवादित ढांचे के ताले खोलने का आदेश फैजाबाद जिला न्यायालय द्वारा निर्गत किया गया। 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा गिरने के बाद संसद में आपने मजबूती से हिंदूओं व मन्दिर के समर्थन में तथ्यों सहित अपनी बातों को प्रस्तुत किया। आपके प्रयासों से यह आंदोलन एक जन आंदोलन बना। महंत अवैद्यनाथ ने राजनीति की उपादेयता को समझ कर उसे सेवा भावना के रूप में अपनाया और वे मानीराम विधानसभा क्षेत्र से 1962, 1967 ,1969 और 1972 में 5 बार विधायक निर्वाचित हुए। साथ ही गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से 1970 में स्वतंत्र पार्टी ,1989 में हिंदू महासभा और 1991 व 1996 में भाजपा से चार बार सांसद रहे। वे राजनीति में हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के पक्षधर थे। उन्होंने वाराणसी में डोम राजा के यहां भोजन कर सामाजिक बंधनों को तोड़ने का संदेश दिया। यह घटना आज भी समाज में सामाजिक समरसता के रूप में याद की जाती है।



**-डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा**



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु जिले में खेत में गेंदे के फूलों की कटाई करती महिला मजदूर।

## पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख निवेशकों, उद्यमियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान कई उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश संबंधी बैठकों में शामिल हुए जिनका मुख्य उद्देश्य भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध को मजबूत करना था। वाणिज्य मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गोयल कनाडा की अपनी तीन दिन की यात्रा समाप्त कर 28 मई को न्यूयार्क पहुंचे। गोयल ने न्यूयार्क प्रवास के दौरान कार्लाइल ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हार्वे श्वाट्र्ज, मॉर्गन स्टेनली के अध्यक्ष एवं सीईओ टेड पिक, वारबर्ग पिक्स के अध्यक्ष चार्ल्स केय, एमनील फार्मास्यूटिकल्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ चिंटू पटेल तथा मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाक के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

## भारत ने 2026 की अध्यक्षता के तहत ब्रिक्स MSME सहयोग बढ़ाया

**नई दिल्ली।** नई औद्योगिक क्रांति के लिए ब्रिक्स साझेदारी (पार्टएनआईआर) के तहत एसएमई कार्य समूह का नेतृत्व केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय कर रहा है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत मंत्रालय तीन एसएमई कार्य समूह की बैठकों और पहले ब्रिक्स एमएसएमई फोरम का आयोजन करेगा, जो एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच, प्रौद्योगिकी तक पहुंच और स्थिरता-उन्मुख विकास जैसे तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे। चौबीस अप्रैल को आयोजित प्रथम एसएमई कार्य समूह की बैठक के बाद एमएसएमई मंत्रालय ने 26 मई को ब्रिक्स पार्टएनआईआर ट्रैक के तहत 'एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाना' विषय पर द्वितीय एसएमई कार्य समूह की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की।

# अमेरिका में 250 डॉलर के नोट पर ट्रम्प की तस्वीर

## 150 साल पुराना नियम बदलने की तैयारी, संसद की मंजूरी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है, अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रम्प अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की



■ अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की जानकारी दी

जानकारी दी। बेसेंट ने बताया कि 2026 में अमेरिका अपनी स्थापना के 250 साल पूरे करेगा। ऐसे मौके पर उस समय के राष्ट्रपति की तस्वीर वाला स्मारक नोट जारी करने में कुछ गलत नहीं है। हालांकि फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) को नए नोट का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित डिजाइन में ट्रम्प की तस्वीर नोट के बीच में रखी गई है। ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट का प्रस्ताव पिछले साल साउथ कैरोलिना के रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन ने पेश किया था। फरवरी 2025 में इस बिल को हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के पास भेजा गया था। अब इसे कानून बनने के लिए हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट दोनों से मंजूरी लेनी होगी। इससे पहले मार्च में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की थी कि अमेरिकी नोटों पर ट्रम्प के हस्ताक्षर भी जोड़े जाएंगे। इसे अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रेजरी विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती तैयारी और जांच कर रही है। विभाग का कहना है कि अगर कानून पास हो जाता है, तो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर ट्रम्प की उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए यह नोट जारी किया जाएगा।

# होर्मुज में एक बार फिर बढ़ा तनाव

## ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें, बुशहर में अमेरिकी विमान गिराने का भी किया दावा



■ फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में स्थिति एक बार फिर बेहद संवेदनशील हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सुरक्षा बलों ने समन्वय की कमी का हवाला देते हुए चार अज्ञात जहाजों पर चेतावनी मिसाइलें दागी हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हालिया सैन्य हमलों के कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 12.35 बजे हुई।

चार अज्ञात जहाजों ने ईरानी सुरक्षा बलों को सूचित किए बिना फारस की खाड़ी में प्रवेश करने का प्रयास किया। जब इन जहाजों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया, तो ईरानी बलों ने उन पर चेतावनी शाट दागे, जिसके बाद जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। ईरान समर्थक मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने तय समुद्री प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया था। फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया है। इस घटना के तुरंत बाद, शुक्रवार तड़के ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने तटीय बुशहर प्रांत के जाम क्षेत्र में एक अमेरिकी विमान को मार गिराया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जाम काउंटी के गवर्नर मसूद तंगेस्तानी के हवाले से इस बात की पुष्टि की। हालांकि, समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने ईरानी दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पिछले चार दिनों में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव काफी तेज हुआ है। इस सैन्य तनाव के बीच, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने ईरान के सैन्य अभियानों को मिलने वाले फंड को रोकने के लिए उसके तेल शिपिंग नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके तहत आठ तेल टैंकरों को ब्लैकलिस्ट किया गया है, जिनमें मार्शल द्वीप समूह का फ्लोरा, कोमोरोस का हौंकायो और पनामा का इल्ल गैप शामिल हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि इसका उद्देश्य ईरान को सेना के पुनर्गठन के लिए तेल राजस्व जुटाने से रोकना है। यह पूरी कार्रवाई उस समय हुई है जब दोनों पक्ष 60 दिनों के युद्धविराम विस्तार और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के एक समझौते पर सहमत हो चुके थे। हालांकि, इस समझौते को अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के सर्वोच्च नेता मोजताबा खामेनेई की अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

### अमेरिका-ईरान एक समझौता पत्र पर सहमत दोनों ओर से मंजूरी अभी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान के वार्ताकारों के बीच एक समझौता पत्र (एमओयू) पर सहमति बन गई है। रिपोर्टों के अनुसार, लेकिन दोनों ओर से अभी अंतिम सहमति मिलनी बाकी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ह्वाइट हाउस ने इस बात की पुष्टि की है कि इस समझौते से मौजूदा युद्धविराम 60 दिन के लिए और बढ़ जाएगा। इस दौरान दोनों पक्ष ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने को लेकर बातचीत करेंगे। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अभी एमओयू पर हस्ताक्षर करने बाकी है। रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प एमओयू को मंजूरी देने से पहले इस पर विचार करने के लिए कुछ दिनों का समय चाहते है। मध्यस्थता प्रक्रिया में शामिल देशों में से एक के राजनयिक ने 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' को बताया कि चैनल 12 की रिपोर्ट में बातचीत की स्थिति को गलत तरीके से पेश किया गया है और अभी ईरान की तरफ से भी अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने तेहरान की वार्ताकार टीम के करीबी सूत्र के हवाले से इस बात से इनकार किया है कि ईरान की तरफ इसे अंतिम मंजूरी मिली है। सूत्र ने दावा किया है कि समझौते के मसौदे को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है और मंजूरी मिलने की स्थिति में ईरान इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा करेगा।

## गाजा पट्टी में आईडीएफ ने हमास के उप कमांडर हुसैन स्लिम को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट ने उत्तरी गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठन हमास की सैन्य शाखा में गाजा सिटी ब्रिगेड के उप-कमांडर इमाद हसन हुसैन स्लिम को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर बताया कि आईडीएफ और शिन बेट बलों ने दो दिन पहले (बुधवार को) आतंकवादी इमाद हसन हुसैन स्लिम को निशाना बनाकर मार गिराया था। वह गाजा सिटी ब्रिगेड का उप-कमांडर और संगठन की सैन्य शाखा में 'ऑलिव बटालियन' का कमांडर था। हुसैन स्लिम ने सात अक्टूबर 2023 को हुएए हमले हमले की कमान संभाली थी। आईडीएफ के अनुसार इस आतंकवादी ने हाल के वर्षों में और विशेष रूप से पिछले कुछ समय में गाजा पट्टी में आईडीएफ के जवानों के खिलाफ कई आतंकवादी साजिशें रची थी। इसलिए इसे एक बड़ा खतरा माना जा रहा था। आईडीएफ ने बताया है कि जिस ठिकाने पर हमला किया गया, वहां आतंकवादी संगठन हमास का एक और कमांडर भी मौजूद था।

# ममदानी ने ईरान जंग का किया विरोध



**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने ईरान जंग का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अब खत्म होना चाहिए, क्योंकि इसकी सबसे बड़ी कीमत आम लोग चुका रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममदानी ने कहा कि आज से तीन महीने पहले एक ऐसा युद्ध शुरू हुआ था, जिसके लिए किसी ने वोट नहीं किया था।

लेकिन इसकी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जिनकी इसमें कोई आवाज नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हजारों नागरिकों की जान जा चुकी है। साथ ही 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए, जो अब कभी अपने परिवारों के पास वापस नहीं लौट पाएंगे। ममदानी ने कहा कि इस युद्ध का असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका के आम लोगों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे मिडिल और वर्किंग क्लासस के परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने आरोप

■ न्यूयॉर्क मेयर ने कहा: इसमें हजारों जान गईं, लोग एक लापरवाह फैसले की कीमत चुका रहे
■ यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया

लगाया कि यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया। ममदानी ने कहा, विदेश में जाने वाली हर जान और अमेरिका में आम परिवारों पर पड़ने वाला हर आर्थिक बोझ, एक ही लापरवाह फैसले की कीमत है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने गुरुवार रातभर यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मॉस्को समयानुसार कल रात आठ बजे से आज सुबह सात बजे तक ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 208 फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को हवा में ही नष्ट कर दिया।

### नोरबू नेगी सिएरा लियोन में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी नोरबू नेगी को पश्चिम अफ्रीकी देश सिएरा लियोन में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा के 2009 बैच के अधिकारी नेगी अभी पेरिस स्थित यूनेस्को कार्यालय में भारत के स्थाई प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि नेगी के शीघ्र ही कार्यभार संभालने की संभावना है।

### आतंकी हमले की साजिश रचने वाले को 15 साल की सजा

**मॉस्को।** ऑस्ट्रिया की एक अदालत ने अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट के वियना स्थित कॉन्सर्ट में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोपी इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह (आईएस, आईएसआईएस, रूस में प्रतिबंधित) के 21 वर्षीय सदस्य को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है।

# फ्लोरिडा लॉन्च पैड पर फटा जेफ बेजोस का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट

**वाशिंगटन।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' को फ्लोरिडा में बड़े परीक्षण के दौरान भारी झटका लगा है। कंपनी का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट ग्राउंड टेस्ट के दौरान लॉन्च पैड पर ही भयानक विस्फोट के साथ आग के विशाल गोले में तब्दील हो गया। यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई।

न्यू ग्लेन रॉकेट का 'हॉट-फायर' टेस्ट चल रहा था, जिसमें रॉकेट को उड़ान भरने से रोकने के लिए लॉन्च पैड पर ही मजबूती से जकड़कर रखा जाता है और जमीन पर ही उसके इंजनों को पूरी क्षमता से चालू कर परखा जाता है। जैसे ही इसके मीथेन-ईंधन वाले

■ यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई

इंजनों को चालू किया गया, रॉकेट के बूस्टर स्टेज में कुछ तकनीकी खराबी आई और देखते ही देखते पूरा रॉकेट भीषण विस्फोट के साथ फट गया। एयरोस्पेस न्यूज ऑर्गनाइजेशन के लाइवस्ट्रीम वीडियो में साफ देखा गया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसमान में दूर तक धुएं का गुबार छा गया। इस धमाके की गूंज इतनी तेज थी कि केप कैनावेरल और कोको बीच के आस-पास के घर तक हिल गए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है। ब्लू ओरिजिन और जेफ बेजोस ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। जेफ बेजोस ने लिखा कि सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनका पता लगा लिया गया है। यह बहुत कठिन दिन था, लेकिन जो कुछ भी दोबारा बनाने की जरूरत होगी, हम उसे बनाएंगे और फिर से उड़ान भरेंगे। विस्फोट के कारण हालांकि लॉन्च पैड और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन जून में लॉन्च होने वाले अमेजन के 'प्रोजेक्ट कुइपर' के 48 ब्रॉडबैंड सैटेलाइट पूरी तरह सुरक्षित बच गए, क्योंकि उन्हें अभी रॉकेट के ऊपर फिट नहीं किया गया था। फिर भी यह विफलता ब्लू ओरिजिन के कमर्शियल शेड्यूल और नासा के आगामी 'आर्टेमिस' मून मिशन के लिए बड़े विलंब का कारण बन सकती है।

# गुलामों को चल संपत्ति मानने वाले कानून को फ्रांस के निचले सदन ने किया रद्द

## फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को कर दिया था खत्म

**पेरिस।** फ्रांस की संसद के निचले सदन ने एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वसम्मति से उस क्रूर कानून (कोड नोयर) को पूरी तरह रद्द कर दिया है, जो सदियों से फ्रांस के उपनिवेशों में दासों पर लागू था।

लुई चौदहवें के जमाने (1685) के इस कानून के तहत गुलामों को इंसानों के बजाय 'चल संपत्ति' माना जाता था और उनके साथ मारपीट, शोषण, खरीद-बिक्री और हत्या तक की छूट मिली हुई थी। फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को खत्म कर दिया था और साल 2001 में इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' भी घोषित



■ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था


किया था। इसके बावजूद, गुलामों की कानूनी स्थिति तय करने वाले इन पुराने शाही कानूनों को कभी आधिकारिक तौर पर पूरी तरह निरस्त नहीं किया गया था। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था। (नेशनल एसेंबली) निचले सदन की हरी झंडी के बाद अब यह विधेयक अंतिम मंजूरी के लिए सीनेट में जाएगा। ऐतिहासिक आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिटेन और पुर्तगालियों के बाद फ्रांसीसी लोग यूरोप में गुलामों के तीसरे सबसे बड़े व्यापारी थे। 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच फ्रांसीसी जहाजों के जरिए अफ्रीका से 10 लाख से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को जबरन ले जाकर कैरेबियाई देशों के बागानों में गुलामी की बेड़ियों में जकड़ दिया गया था। फ्रांस ने हालांकि 1794 की क्रांति के दौरान गुलामी खत्म की थी, लेकिन 1802 में नेपोलियन बोनापार्ट ने दोबारा सेना भेजकर इस प्रथा को बहाल कर दिया, जिसे आखिरकार 1848 में जाकर पूरी तरह समाप्त किया जा सका। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब फ्रांस में गुलामों के वंशजों को मुआवजा देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। मार्टिनिक द्वीप के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा है कि केवल प्रतीकात्मक कदम उठाना काफी नहीं है।

# नाटो रोमानिया के साथ खड़ा है: मार्क रूटे

## महासचिव का यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों व रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया

**ब्रुसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने रोमानिया की सुरक्षा और संप्रभुता का पूरा समर्थन करते हुए कहा है कि नाटो रोमानिया के साथ दृढ़ता से खड़ा है। गौरतलब है कि उनका यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों और रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया है।

उन्होंने यह बात तब कही जब शुक्रवार तड़के देश के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से गलाती शहर में एक रूसी ड्रोन घुस आया, जो एक रिहायशी इमारत से टकराकर गिर गया और दो लोगों को घायल कर गया। रुटे ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की



■ रूटे रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया

और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया। रुटे ने कहा कि मैंने इस बात की पुष्टि की कि नाटो अपने सहयोगी देशों के क्षेत्र के हरेक इंच की रक्षा करने को तत्पर है। हम ड्रोन सहित किसी भी खतरे को रोकने और उससे बचाव के लिए अपनी तैयारी को लगातार बढ़ाते रहेंगे। रूसी ड्रोन से दो लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि अन्य लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। डेन्यूब नदी के किनारे स्थित गलाती शहर मोल्दोवा और यूक्रेन की सीमाओं के करीब है। रुटे ने इस घुसपैठ के लिए रूस को दोषी ठहराते हुए कहा कि उस देश का 'लापरवाह रवैया' हम सभी के लिए एक खतरा है। उन्होंने कहा कि वह पूरे यूक्रेन में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना जारी रखे हुए है और पिछली रात की घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि उनके अवैध और आक्रामक युद्ध के परिणाम केवल सीमा तक ही सीमित नहीं रहते। वहीं रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने कहा कि उन्होंने आज इस घटना पर चर्चा करने के लिए नाटो की राष्ट्रीय रक्षा सर्वोच्च परिषद की बैठक बुलाई है। उन्होंने इस घटना को 2022 में यूक्रेन पर रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से रोमानिया के राष्ट्रीय क्षेत्र पर असर डालने वाली सबसे 'गंभीर' घटना बताया है। उन्होंने कहा कि हम रूसी संघ के संबंध में उचित कदम उठाने का आदेश देंगे।

## यूरोप के ज्यादा ठंडे मुल्कों में आइसक्रीम की दीवानगी

**बर्लिन।** हर साल, यूरोपीय देश 3.3 अरब लीटर से अधिक आइसक्रीम का उत्पादन करते हैं और इस दौड़ में सबसे बड़े उत्पादक के रूप में जर्मनी सबसे आगे है।दिलचस्प बात यह है कि यूरोस्टेट और उद्योग की रिपोर्टों के आंकड़ों से पता चलता है कि आइसक्रीम के सबसे बड़े उपभोक्ता भूमध्यसागरीय (मेडिटेरेनियन) क्षेत्रों में नहीं, बल्कि उत्तरी और पूर्वी यूरोप के उन देशों में है, जहां कड़ाके की ठंड पड़ती है। यही वजह है कि पोलैंड प्रति व्यक्ति सालाना 16 किलोग्राम की आश्चर्यजनक खपत के साथ सबसे आगे है। स्वीडन और फिनलैंड के निवासी भी पोलैंड से ज्यादा पीछे नहीं हैं, जो सालाना 11 से 14 लीटर के बीच आइसक्रीम खाते हैं, जबकि जर्मनी में एक औसत व्यक्ति हर साल लगभग आठ लीटर आइसक्रीम खा जाता है। मोटे तौर पर इसका अर्थ यह हुआ कि 115 से 160 स्कूप। जब खाने की आदतों की बात आती है तो जर्मन लोग घर पर आइसक्रीम खाना पसंद करते हैं, जो महीने में औसतन पांच बार होता है, जबकि इटली और स्पेन के लोग का झुकाव बाहर जाकर जेलाटेरिया और पार्लरों में आइसक्रीम खाने में दिखता हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108